



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 वेस्टइंडीज के खिलाफ इतिहास रचने...

द.अफ्रीका के बिजली संकट को दूर करने... 12



वर्ष : 13 | अंक : 70 | नई दिल्ली, बुधवार, 27 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी मौसम बरकरार रहेगा साथ ही बारिश होने की संभावना है।

**पोल**

क्या उद्धव को उलझाकर खुद भी उलझ गए शिंदे?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,190 |
| चांदी | 54,500 |
| सेंसेक्स | 55,268 |
| निफ्टी | 16,483 |

# संसद के दोनों सदन में विपक्ष का हंगामा, राज्यसभा के19 सदस्य निलंबित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**प्रस्ताव**

- संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने निलंबन का रखा था प्रस्ताव
- निलंबित सदस्यों पर वेल में आकर नारेबाजी व हंगामा करने का आरोपमुरलीधरन ने निलंबन का रखा था प्रस्ताव

महंगाई और वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर राज्यसभा के 19 सदस्यों को मंगलवार को इस सप्ताह की शेष अवधि के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। निलंबित सदस्यों के आसन के निकट हंगामा करने और सदन से बाहर नहीं जाने पर चार बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। चार बार के स्थगन के बाद पौने चार बजे जब सदन की कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने निलंबित किये गये 19 सदस्यों का नाम लेते हुए उन्हें सदन से बाहर जाने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। इसी बीच विपक्षी सदस्य आसन के निकट आ गये और निलंबित सदस्यों के साथ नारेबाजी करने लगे। श्री कलिता ने निलंबित सदस्यों से बार बार अपील की कि वे सदन से बाहर चले जायें और कार्यवाही चलने दें लेकिन उनकी अपील का असर न होते देख उन्होंने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले महंगाई और अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग पर अड़े विपक्षी सदस्यों ने सुबह से ही सदन में जमकर हंगामा किया जिसके कारण शून्यकाल नहीं हो सका और प्रश्नकाल हंगामे के बीच ही हुआ। भोजनावकाश के बाद जब कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने फिर से शोर शराबा शुरू कर दिया। इस पर संसदीय कार्य राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने कार्यवाही में बाधा पहुंचाने और सदन तथा आसन का सम्मान नहीं करने के लिए विपक्ष के 19 सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव रखा जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। उप सभापति हरिवंश ने इसके बाद निलंबित सदस्यों से सदन से बाहर चले जाने की अपील की। उनकी इस अपील का सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद सदन की कार्यवाही पहले एक घंटे के लिए और फिर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। मानसून सत्र 18 जुलाई को शुरू हुआ था और आज इसका सातवां दिन है लेकिन विपक्ष और सत्ता पक्ष के अपने अपने रूख पर अड़े रहने के कारण सदन की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है तथा कोई खास विधायी कामकाज नहीं हो सका है।

# सोनिया गांधी से 6 घंटे पूछताछ, आज भी पेशी

## कांग्रेस नेताओं ने सड़क पर किया प्रदर्शन, 50 सांसद हिरासत में

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मंगलवार को छह घंटे तक पूछताछ की। ईडी के अधिकारियों ने सोनिया गांधी को बुधवार को फिर बुलाया है। मंगलवार को दो राउंड में उनसे 6 घंटे पूछताछ हुई। उधर, सोनिया गांधी से पूछताछ के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सड़क पर प्रदर्शन किया।

इस दौरान पुलिस ने राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी नेताओं को हिरासत में लिया। लंच के बाद सोनिया गांधी करीब 3.30 बजे फिर से ईडी दफ्तर पहुंचीं, यहां उनसे करीब 7 बजे तक पूछताछ हुई। दूसरी ओर पूछताछ के खिलाफ पार्टी सांसदों के साथ राहुल गांधी विजय चौक के पास धरने पर बैठ गए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

**खड़गे-वेणुगोपाल भी हिरासत में**

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, शक्ति सिंह गोहिल समेत 50 सांसदों को हिरासत में लिया गया है। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा है कि इन सांसदों को पुलिस कहीं अज्ञात जगह पर ले जा रही है। कांग्रेस के ये सभी सांसद पार्लियामेंट से राष्ट्रपति भवन तक विरोध मार्च करते हुए जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी को भी हिरासत में लिया था, लेकिन सोनिया से पूछताछ खत्म होने के बाद पुलिस ने राहुल गांधी को छोड़ दिया।



पूछताछ के बाद ईडी आफिस से निकलीं सोनिया गांधी, इनसेट में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता का बाल पकड़ कर खींचता पुलिसकर्मी

**सोनिया से पूछे कुछ प्रमुख सवाल!**

- एजीएल में कितने डायरेक्टर हैं और उनकी हिस्सेदारी कितनी है?
- एजीएल में आप किस पद पर थीं?
- आप यंग इंडिया से कैसे जुड़ीं?
- फंड कांग्रेस का, शेयर आपके नाम पर कैसे?
- यंग इंडिया का काम क्या है?
- ऐजीएल का टेकओवर कब और कैसे?
- एजीएल का शेयर किस आधार पर दिए गए?
- एजीएल को दिया लोन बैलंस शीट में क्यों नहीं दिखाया?
- 90 करोड़ का लोन देने का फैसला करने वाली बैठक में आप मौजूद थीं?

**महिला कांग्रेस ने काले गुब्बारे उड़ाए**

कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस कांग्रेस के बड़े नेताओं को राजघाट भी नहीं जाने दे रही है। हमें प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है। हालांकि दफ्तर के बाहर महिला कांग्रेस के कार्यकताओं ने विरोध में काले गुब्बारे उड़ाए।

**राहुल ने साधा केंद्र पर निशाना**

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय अपने 50 सांसदों के साथ पुलिस हिरासत में थे। अभी कुछ देर पहले ही वह किंग्सवे स्थिति पुलिस हिरासत केंद्र से बाहर निकले हैं। राहुल ने एक और ट्वीट से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि देश के 'राजा' का हुक्म है - जो बेरोजगारी, महंगाई, गलत जीएसटी, अग्निपथ पर सवाल पूछेगा - उसे कारागृह में डाल दो। भले ही मैं अभी हिरासत में हूं, भले ही देश में अब जनता की आवाज उठाना जुर्म हो, लेकिन वो हमारा हौसला कभी नहीं तोड़ पाएंगे।

# चीन-पाकिस्तान को भारत की दो टूक

## सीपीईसी में तीसरे पक्ष को शामिल करने का प्रस्ताव मंजूर नहीं : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारत ने मंगलवार को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) में तीसरे देश को शामिल करने के चीन-पाकिस्तान संयुक्त प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह परियोजना भारतीय क्षेत्र में है जिसे पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है और ऐसी गतिविधियां 'स्वाभाविक रूप से अवैध, गैर-कानूनी और अस्वीकार्य' है।

सीपीईसी चीनी सरकार की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की 60 अरब डॉलर की प्रमुख परियोजना है जिसे राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बढ़ावा दिया है और यह परियोजना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। जिसे भारत पूरी तरह से खारिज करता है।

सीपीईसी परियोजनाओं में तीसरे देशों की भागीदारी के संबंध में पूछे गए प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हमने तथाकथित सीपीईसी परियोजनाओं में तीसरे देश की प्रस्तावित भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर रिपोर्टें देखी हैं। किसी भी तीसरे देश द्वारा इस तरह की कोई भी कार्रवाई सीधे तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करती है। जो हमें मंजूर नहीं है।

श्री बागची ने कहा कि भारत तथाकथित सीपीईसी में परियोजनाओं का दृढ़ता से लगातार इसका विरोध करता आया है, जो भारतीय क्षेत्र में हैं। यह परियोजना भारतीय क्षेत्र में है जिसे पाकिस्तान ने जबरन अपने कब्जे में ले रखा है।

# भ्रष्टाचार के मामले में निगम के छह अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने भ्रष्टाचार और पद का दुरुपयोग के आरोप में नगर निगम के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें सुपरीटेंडेंड इंजीनियर से लेकर जोनल इंस्पेक्टर स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, सुपरीटेंडेंड इंजीनियर को भलस्वा लैंडफिल साइट में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में निलंबित किया गया है। साउथ जोन की संपत्तियों के दाखिल खारिज में अनावश्यक देरी के कारण जोनल इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की गई है। एक डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एकाउंट को पेंशन से संबंधित मामलों को नियमानुसार निस्तारित नहीं करने पर निलंबित किया गया है।

**अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं करने पर गिरी गाज** –नरेला में तैनात एक असिस्टेंट इंजीनियर और एक जूनियर इंजीनियर को अवैध निर्माण को नहीं रोक पाने के चलते निलंबित किया गया है। हाल ही में अलीपुर के बकौली गांव में इसी तरह से निमार्णाधीन एक गोदाम की इमारत ढह गई थी।

## टेनी के बेटे की जमानत अर्जी हाईकोर्ट से खारिज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा उर्फ. मोनू की जमानत याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को खारिज कर दी। मोनू, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का बेटा है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्णा पहल की पीठ ने मोनू की जमानत अर्जी खारिज करने का आदेश पारित करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए आशीष को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि अदालत ने 15 जुलाई को ही इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित कर लिया था।

## संक्षिप्त खबर

### सीएम नीतीश कुमार कोरोना संक्रमित

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना संक्रमित हो गए हैं। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को अपने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से इसकी पुष्टि की है। पिछले चार दिनों से उन्हें बुखार था। इसके बाद उनके ब्लड सैंपल की जांच कराई गई, जिसमें वह कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

### पटना में मिला मंकीपॉक्स का 5वां मरीज

पटना। पटना में मंकीपॉक्स की संदिग्ध महिला मरीज मिली है। बिहार में मंकीपॉक्स के पहले मरीज के मिलने से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। बताया जा रहा है कि जिस महिला में मंकीपॉक्स मिला है। वह पटना सिटी के गुरहट्टा इलाके की रहने वाली है। महिला में मंकीपॉक्स के सभी लक्षण मिले हैं। हालांकि, विभाग इसे संदिग्ध मान रहा है। पीएमसीएच की टीम सैम्पल इक्ट्ठा करने के लिए गुरहट्टा स्थित महिला के आवास पर पहुंची है। स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

### चीनी के बाद नाइजीरियन ने भी हासिल की भारतीय नागरिकता

नोएडा। चीन के नागरिकों के बाद नाइजीरियन भी नोएडा में बैठकर भारत की नागरिकता हासिल कर रहे हैं और उनके द्वारा फर्जी तरीके से हिन्दुस्तानी दस्तावेज बनवाए जा रहे हैं। जिसके खुलासे के बाद नोएडा में केन्द्रीय जांच एजेंसिया सक्रिय है, लेकिन अभी तक भी इन विदेशी लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने वाले गिरोह का खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन बिहार और हरियाणा पुलिस के द्वारा की गई गिरफ्तारियों के बाद यह स्पष्ट है कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा में विदेशी नागरिकों को फर्जी तरीके से भारतीय नागरिकता दिलवाने वाला गिरोह सक्रिय है।

# योगी कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले

**योजना**

- यूपी से एनसीआर क्षेत्र में प्रवेश पर रोड टैक्स में राहत
- प्राथमिक के स्कूली छात्रों को मिलेंगे 100 रुपये ज्यादा

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

उत्तर प्रदेश में मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। योगी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों तरफ के लोगों को ध्यान में रखकर कुछ फैसले

हैं। सबसे बड़ा फैसला यही है कि अब यूपी से एनसीआर के बाकी राज्यों (हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान) में प्रवेश करने पर कैब्स आदि से अलग से रोड टैक्स नहीं लिया जाएगा। इसके अलावा बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों को अब पहले के मुकाबले 100 रुपये ज्यादा भेजे जाएंगे। साथ में कई और सुविधाएं भी मिलेंगी।

सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। रोड टैक्स वाले प्रस्ताव के पास होने से अब राज्य के लाखों लोगों को फायदा होगा। अब इन लोगों को रोड टैक्स नहीं देना होगा। मतलब यूपी से एनसीआर में जाने वाली गाड़ियों जैसे- स्कूल वैन, कैब, एम्बुलेंस आदि पर अब टैक्स नहीं लगेगा। अभी तक एनसीआर में रोजाना आवाजाही के लिए कैब और टैक्सी वालों को एक्स्ट्रा रोड टैक्स देना पड़ता था। अब इन चार राज्यों से करार के बाद उत्तर प्रदेश के लोगों को रोड टैक्स नहीं देना होगा। जानकारी के मुताबिक, कैब और टैक्सी चलाने वालों को एक ही टैक्स देना होगा जो शुरूआत में जमा हो जाएगा। इसके बाद कोई टैक्स नहीं देना होगा।

**स्कूली बच्चों को अब मिलेंगे 1200 रुपये**

बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली बच्चों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 1200 रुपए की धनराशि दी जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग से 1100 की जगह बच्चों को अब 1200 रुपये खाते में भेजे जाएंगे। इसके साथ-साथ बेसिक स्कूल के छात्रों को यूनिफॉर्म, कापियां और पेंसल-कटर भी मुफ्त मिलेगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला को समन

**नई दिल्ली।** पीएमएलए की एक विशेष अदालत ने जेकेसीए फंड की हेराफेरी मामले में पूरक अभियोजन शिकायत का संज्ञान लेते हुए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला, सहयोगी अहसान अहमद मिर्जा, मीर मंजूर गजानफर और अन्य के खिलाफ समन जारी किया। ईडी के मुताबिक, उन्हें 18 अगस्त को पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, पूरक अभियोजन शिकायत से पहले तीन अनंतिम कुर्की आदेशों के साथ-साथ चल और अचल संपत्ति को संलग्न किया गया था, जो कुल मिलाकर 21.55 करोड़ रुपये की थी, जो कुल मिलाकर डॉ. फारूक अब्दुल्ला, निजी फर्म मिर्जा संस, मीर मंजूर गजानफर और अहसान अहमद मिर्जा से संबंधित थी।

# 'वेश्यालय' चलाने के आरोपी मेघालय के भाजपा नेता उत्तर प्रदेश में गिरफ्तार

नई दिल्ली/शिलांग, एजेंसी



**गिरफ्तार**

- बर्नार्ड एन मराक उत्तर प्रदेश के हापुड़ में वाहनों की जांच के दौरान पकड़े गए

मेघालय में भाजपा के उपाध्यक्ष बर्नार्ड एन मराक को उत्तर प्रदेश में गिरफ्तार कर लिया गया है। उनपर फार्महाउस में 'वेश्यालय' चलाने का आरोप है। शनिवार से ही वह फरार थे। मेघालय के डीजीपी एलआर बिश्नोई ने कहा कि मराक को हापुड़ जिले से गिरफ्तार किया गया है। मेघालय पुलिस ने उनको तलाशने के लिए अलर्ट जारी किया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की चेकिंग के दौरान मराक को गिरफ्तार किया गया। एक दिन पहले ही तूरा कोर्ट ने उनके खिलाफ गैरजमानती वॉरंट जारी किया था। शनिवार को वेस्ट गारो हिल्स जिले की पुलिस ने दावा किया था कि उसने बर्नार्ड की एक बिल्डिंग में छापा मारा। इस दौरान पांच बच्चों को बचाया गया जिसमें एक नाबालिग लड़की भी शामिल थी। इसके अलावा 75 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वेस्ट गारो हिल्स पुलिस चीफ विवेकानंद सिंह राठोर ने बताया था कि भाजपा नेता के फार्महाउस से मिली सामग्री और उसकी डिजाइन को देखकर लगता है कि बर्नार्ड एन मराक इसका इस्तेमाल 'वेश्यालय चलाने के लिए करते थे।' हालांकि भाजपा का कहना है कि ये सारे आरोप केवल राजनीतिक बदले की भावना से लगाए जा रहे हैं।

# उद्धव को उलझाकर खुद भी उलझ गए शिंदे!

## सरकार गठन के करीब 27 दिन खिंच गया लेकिन मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो पाया

मुंबई, एजेंसी



महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का तख्तापलट कर सत्ता पर एकनाथ शिंदे बीजेपी के सहयोग से सत्ता पर काबिज हुए एक महीने होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हो सका। सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ही मिलकर सरकार चला रहे हैं, लेकिन कैबिनेट को लेकर स्थिति साफ नहीं हो पा रही है। ऐसे में सभी के मन में एक सवाल उठ रहा है कि किस फॉर्मूले पर कैबिनेट का गठन होगा और कितना बड़ा होगा। भाजपा और शिंदे गुट से कितने-कितने नेता मंत्री बनेंगे?

महाराष्ट्र विधानसभा में कुल सदस्यों की संख्या 288 है। ऐसे में संवैधानिक रूप से 15 फीसदी ही मंत्री बन सकते हैं। इसका मतलब ये है कि महाराष्ट्र में ज्यादा से ज्यादा 42 लोग ही मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसमें मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम शामिल हैं। इस तरह से महाराष्ट्र कैबिनेट में 40 मंत्री के लिए जगह है, लेकिन अब सवाल यही उठता है कि शिंदे सरकार अपनी कैबिनेट में कितने लोगों को शामिल करती है। 30 जून को एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री और देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस तरह से सरकार गठन के करीब 26 दिन हो गए हैं, लेकिन कैबिनेट राष्ट्रपति चुनाव के बाद महाराष्ट्र में कैबिनेट गठन की बात कही जा रही थी। इस लिहाज से राष्ट्रपति चुनाव के शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी चुका है। ऐसे में अब सभी की निगाहें इस बात पर है कि कैबिनेट गठन कब होगा और कैसे शिंदे-फडणवीस आपस में मंत्रालय का बंटवारा करते हैं। दरअसल, एक ओर शिवसेना के बागी खेमे में सीएम एकनाथ शिंदे को छोड़कर 8 पूर्व मंत्री हैं। उद्धव के खिलाफ शिंदे के साथ बगावत करने वाले 9 मंत्री थे, जिनमें 5 कैबिनेट और चार राज्यमंत्री शामिल थे। ऐसे में शिंदे सीएम बनने के बाद 8 नेता अभी भी मंत्री बनने की राह देख रहे हैं। इसके अलावा शिवसेना के दूसरे बागी नेताओं को भी मंत्री बनाने का आश्वसन दिया गया था, जो मंत्री बनने की आस लगाए बैठे हैं।

**सवाल** 'मुफ्त का उपहार' बांटने पर आखिर केंद्र सरकार कदम उठाने से परहेज क्यों कर रही?

# चुनाव से पहले 'मुफ्तखोरी' पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## केंद्र से कहा-यह एक गंभीर मुद्दा, 'रेवड़ी कल्चर' पर काबू करो

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

चुनाव से पहले मुफ्त योजनाओं का वादा यानी 'रेवड़ी कल्चर' को सर्वोच्च न्यायालय ने एक गंभीर मुद्दा बताया है। कोर्ट ने इसपर नियंत्रण करने के लिए केंद्र से कदम उठाने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना, जस्टिस कृष्ण मुरारी और हिमा कोहली की बेंच ने केंद्र से कहा है कि इस समस्या का हल निकालने के लिए वित्त आयोग की सलाह का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से भी इस मामले में राय मांगी। वह किसी और मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट में मौजूद थे। अब इस मामले में 3 अगस्त को सुनवाई होगी।



**सिब्बल से मांगा सुझाव**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मिस्टर सिब्बल यहां मौजूद हैं और वह एक वरिष्ठ संसद सदस्य भी हैं। आपका इस मामले में क्या विचार है? सिब्बल ने कहा, यह बहुत ही गंभीर मामला है लेकिन राजनीति से इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। जब वित्त आयोग राज्यों को फंड आवंटित करता है तो उसे राज्य पर कर्ज और मुफ्त योजनाओं पर विचार करना चाहिए। सिब्बल ने कहा, वित्त आयोग ही इस समस्या से निपट सकता है। हम आयोग को इस मामले से निपटने के लिए कह सकते हैं। केंद्र से उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह इस मामले में कोई निर्देश देगा। इसके बाद बेंच ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज से कहा वह सिब्बल की सलाह पर आयोग के विचारों का पता करें।

**केंद्र सरकार मुद्दे को गंभीर मानती है या नहीं?**

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए वकील अमित शर्मा ने कहा कि पहले के फैसले में कहा गया था कि केंद्र सरकार इस मामले से निपटने के लिए कानून बनाए। वहीं नटराज ने कहा कि यह चुनाव आयोग पर निर्भर करता है। सीजेआई रमना ने नटराज से कहा, 'आप सीधा -सीधा यह क्यों नहीं कहते कि सरकार का इससे कोई लेना देना नहीं है और जो कुछ करना है चुनाव आयोग करे। मैं पूछता हूं कि केंद्र सरकार मुद्दे को गंभीर मानती है या नहीं? आप पहले कदम उठाइए उसके बाद हम फैसला करेंगे कि इस तरह के वादे आगे होंगे या नहीं। आखिर केंद्र कदम उठाने से परहेज क्यों कर रहा है।'

**70 लाख करोड़ का कर्ज**

मामले में याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि यह गंभीर मुद्दा है और पोल पैनल को राज्यों और राष्ट्रीय स्तर की पार्टियों को मुफ्त के वादे करने से रोकना चाहिए। उपाध्याय ने अपनी याचिका में दावा किया है कि मतदाताओं को रिझाने और अपने मनसूबे कामयाब करने के लिए राजनीतिक दल मुफ्तखोरी का इस्तेमाल करते हैं। उपाध्याय ने कहा कि भारत के राज्यों पर 70 लाख करोड़ का कर्ज है। पंजाब की आबादी 3 करोड़ है पर कर्ज तीन लाख करोड़ का है। कर्नाटक पर 6 लाख करोड़ का कर्ज है। उपाध्याय का कहना था कि हम श्रीलंका की राह पर चल रहे हैं। वहां भी ऐसे ही रेवड़ी कल्चर बनी थी। सारा का सारा देश ही तबाह हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा का स्तर मजबूत करने में कक्षा 1 की भूमिका महत्वपूर्णः शिक्षाधिकारी



चरपोखरी। मुख्यालय स्थित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में मंगलवार को मास्टर ट्रेनरों का गैर आवासीय पॉच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। प्रखण्ड प्रमुख राम चन्द्र सिंह और प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रघुनंदन चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षाधिकारी रघुनंदन चौधरी ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत चहक प्रशिक्षण के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा का स्तर मजबूत करने में कक्षा 1 की भूमिका महत्वपूर्ण है। पहली कक्षा के विद्यार्थियों को मजबूत बनाए बिना अन्य उच्च कक्षाओं में मजबूती प्रदान नहीं की जा सकती। साधनसेवी रितेश कुमार श्रीवास्तव तथा प्रशिक्षक शशांक भूषण कुमार, अलख निरंजन एवं उमा शंकर ओझा शामिल रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना से फुटपाथी दुकानदारों में आई आर्थिक समृद्धिः तारकिशोर प्रसाद

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर निगम मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आज स्थानीय मुजफ्फरपुर क्लब में स्व निधि महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि इस योजना से फुटपाथी दुकानदारो में आर्थिक समृद्धि आई है। उन्होने कहा कि स्व निधि महोत्सव रेहड़ी- पटरी वालों के वित्तीय समावेशन के लिए अपनी तरह का पहला उत्सव है।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के विनाशकारी प्रभाव से जूझ रहे रेहड़ी- पटरी वालों को ऋण के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके आर्थिक समृद्धि का पथ प्रशस्त किया गया है। उन्होने कहा कि स्व निधि महोत्सव लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों की विकास गाथा और भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान को पहचानने तथा उसे मनाने का त्योहार है उक्त बात उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर




प्रसाद ने स्थानीय मुजफ्फरपुर क्लब में आयोजित स्व निधि महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर कहीं।

मौके पर खनन मंत्री श्री जनक राम ,विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, नगर विधायक विजेंद्र चौधरी, माननीय विधायक कुढ़नी डॉ अनिल सहनी,पूर्व विधायक श्री केदार गुप्ता, पूर्व विधायक बेबी कुमारी, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ,वरीय पुलिस अधीक्षक जयंत कांत ,उप विकास आयुक्त -सह -प्रभारी नगर आयुक्त आशुतोष द्विवेदी, पूर्व मेयर राकेश कुमार पिंटू ,पूर्व मेयर सुरेश कुमार, पूर्व उप मेयर विवेक कुमार तथा अन्य माननीय जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन के कारण राज्य में सतरंगी परिवर्तन हुआ है। विकास की किरणें

**कार्यक्रम**

● विकास की किरणें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों के घरों तक पहुंचीः उप मुख्यमंत्री

समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए लोगों के घरों तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि स्व निधि महोत्सव लाभार्थी स्ट्रीट वेंडरों की विकास गाथा और भारतीय अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को पहचानने तथा उसे मनाने का त्योहार है। कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य इन छोटे उद्यमियों के साथ भारत की आजादी के 75 साल का जश्न मनाना है। कहा कि उस योजना का लाभ बिहार के फुटपाथ दुकानदारों ,रेहड़ी लगाने वालों को मिला है।राज्य में कुल 183295 फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें से 126170 को पहचान पत्र एवं 168944 को विक्रय प्रमाण पत्र दिया गया है। 59108 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जिसके विरुद्ध 48034 आवेदकों को ऋण की राशि 47.45 करोड़ उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में उपस्थित माननीय खनन मंत्री श्री जनक राम ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना ने कोरोना काल में प्रभावित हुए फुटपाथ दुकानदारों/ रेहड़ी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन लाया है। इसके अलावे भी केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओ को क्रियान्वित कर आम जनता के उन्नति और विकास को लेकर अपने संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण करने की दिशा में गंभीरता पूर्वक कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रममें उपस्थित जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ने बताया कि नगर निगम मुजफ्फरपुर में कुल 4549 फुटपाथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया गया जिसमें 4420 फुटपाथ विक्रेताओं को पहचान पत्र एवं कुल 4464 फुटकर विक्रेताओं को विक्रय प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 3976 फुटपाथ विक्रेताओं का आवेदन कराया गया जिसके विरुद्ध 2037 आवेदनों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई और 1645 आवेदकों को कुल ₹1.63 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। योजना के *स्व निधि से समृद्धि अभियान* अंतर्गत नगर निकाय में 1471 पात्र सदस्यों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, 1348 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, 738 को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना ,447 को वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, 424 को प्रधानमंत्री जन -धन योजना से आच्छादित कराया गया है। महोत्सव में मुजफ्फरपुर जिला मुजफ्फरपुर के कलाकारों के द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। बिहार के सांस्कृतिक गौरव पर आधारित गीतों का प्रदर्शन भी किया गया।

### नुआंव प्रखंड के 2286 लाभुकों ने अभी तक नहीं कराया पीएम सम्मान निधि का ईकेवाईसी

**कैमूर।** नुआंव प्रखंड के दसों पंचायत में कुल 2286 लाभुक किसानों ने अभी तक नहीं कराया है प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का ईकेवाईसी वेरिफिकेशन। उक्त जानकारी के संबंध में कृषि समंवयक सत्यप्रकाश गौतम ने बताया कि पटना से आई आदेश अनुसार प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के लाभुकों को ईकेवाईसी 31 जुलाई तक हर हाल में करा लेना होगा नहीं तो उनके खाते में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की राशि ₹6000 वार्षिक का लाभ नहीं मिल पाएगा उन्होंने बताया कि हमारे कृषि विभाग के किसान सलाहकार एटीएम एवं अन्य कर्मियों द्वारा किसानों को फोन के माध्यम से कहा जा रहा है कि आप जल्द से जल्द नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर ईकेवाईसी वेरिफिकेशन करा ले प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना की ईकेवाईसी वेरीफिकेशन के लिए जिन किसान लाभुकों के आधार कार्ड मोबाइल नंबर से जुड़ा है वह स्वयं अपने मोबाइल से भी वेरिफिकेशन कर सकते हैं इसके लिए कृषि विभाग के साइट पर जाकर ईकेवाईसी का माध्यम चयन करके वेरिफिकेशन कर लेंगे इसके अलावा नजदीकी सीएससी केंद्र में भी जाकर प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हुआ झंडा आरोहण



मुजफ्फरपुर,प्रात: किरण संवाददाता

23 वें कारगिल विजय दिवस पर आज सेना भर्ती निर्देशक कर्नल बॉबी जसरोटिया की उपस्तिथि में सूबेदार मेजर बलविंदर सिंह ने झंडा फहराया और कारगिल में शाहिद तथा जख्मी हुए सैनिकों के सम्मान में मौन रखा।

इस अवसर पर कर्नल बॉबी जसरोटिया ने परिसर में उपस्थित सभी पदों के अधिकारियों को कारगिल युद्ध की पूरी घटना सुनाई। इस अवसर पर कर्नल बॉबी जसरोटिया तथा नायब सूबेदार बि बि बनकर ने आई टी आई मुजफ्फरपुर के लगभग 450 विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा कारगिल विजय दिवस की अहमियत और सेना के शौर्य से अवगत कराया। सेना भर्ती निर्देशक ने आई टी आई परिसर में उपस्थित विद्यार्थियों को अग्निपथ योजना से परिचित कराया और अग्निवीर सेना भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी दी और आई टी आई वाले कैंडिडेट्स को मिलने वाले बोनस मार्क्स की जानकारी दी।

कैंडिडेट्स को दलालों से सावधान और सचेत रहने को कहा। इस कार्यक्रम में आई टी आई कॉलेज मुजफ्फरपुर के असिस्टेंट सेक्टरेरी प्रमोद शंकर भी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी बने जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष



**छपरा।** पूर्व मंत्री मुनेश्वर चैधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मंजीत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बनाये जाने पर जदयू जिला अध्यक्ष मुरारी सिंह ने कहा कि मुनेश्वर चैधरी एवं मंजीत सिंह को प्रदेश संगठन में जिम्मेवारी देकर सराहनीय कार्य किया गया है इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का आभार जताया है। बधाई देने वालों में राज्य परिषद सदस्य बैजनाथ प्रसाद सिंह विकल, दिनेश सिंह, जिला सुरेश कुमार सिंह, महेश्वर प्रसाद चैधरी, इम्तेयाज परवेज, सोहाग सिंह,प्रवक्ता मोहम्मद फिरोज, बिजेन्द्र सिंह, पशुपतिनाथ पटेल, मनोज कुमार पटेल, अजय सिंह, गणेश सिंह, मोहम्मद काजुद्दीन, डॉ. दिलीप चैधरी, सत्यनारायण सिंह, राणा सिंह पटेल शामिल है।

## उस्ताद वज्जन खां सम्मान से सम्मानित हुए लोक गायक संजय

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान द्वारा आज मालीघाट में पुरखा पुरनिया संवाद सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रोक गाक्षक संजय कुमार को वजन खां सम्मान से सम्मानित किया गया। लोक गायिका अनीता कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की अपने अध्यक्षीय संबोधन मे अनीता कुमारी ने कहा कि जब देश संगीत के लिए बनारस और कोलकाता की ओर देखा करता था तब बनारस और कोलकाता मुजफ्फरपुर की ओर देखता था।

संगीत हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करता हैं। संगीत में अद्भुत शक्ति होती हैं यह वातावरण में उमंग और उत्साही परिवेश का निर्माण करता हैं। धार्मिक ग्रंथों में संगीत को ईश्वर भक्ति का माध्यम बताया गया हैं। मुख्य अतिथि डॉक्टर एस. एस. बिहारी ने कहा कि किसी भी देश का



विकास वहां की संस्कृति से होती हैं और संस्कृति लोक संस्कृति से समृद्ध होती है।

संवाद में सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान की संरक्षक कांता देवी, अनील कुमार ठाकुर,विजय कुमार मिश्र पवन कुमार, अनील कुमार ठाकुर,प्रमिला देवी,भोला साह, गुड़िया कुमारी, अविनाश कुमार, आदित्य राज ठाकुर, अदिति कुमारी, शिवम कुमार, कन्हैया कुमार, दुर्गा कुमारी मुख्य रूप से शामिल थे। समारोह में लोक गायक संजय यादव को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## साधु के रूप में आए बहररूपिया बैलों व अपने समानो को छोड़कर हुए फरार

पालीगंज, प्रात: किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में साधु के वेश में 9 बसहा बैलों के साथ रह रहे बहरूपिया सोमव्सर की एमत अपने बैलों व सामानों को छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के पालीगंज प्रखण्ड सह अनुमण्डल मुख्यालय थाना के महाबलीपुर गांव में विगत एक हप्ते से कुछ बरहरुपिया साधु के वेश मे लाल गौरिया रंग के वस्त्र धारण कर व बड़े बड़े बाल- दाढ़ी रखे हुए 9 बसहा बैलो के साथ रह रहा था। उन लोगो ने गाँव -गाँव घूमकर प्रतिदिन भिक्षा माँग रहा था। वही शाम होने के बाद महाबलीपुर गाँव स्थित गोवर्धन भगवान के मंदिर के पास रात में ठहरता था। उन सभी साधुओ ने अचानक दो दिनों से सभी 9 बसहा बैलों (साढो) को छोड़कर फरार हो गया। दूसरी तरफ जब ग्रामीणों ने लावारिस रूप सभी बैलों को दो दिनों से बंधा हुआ मंदिर के पास देखा तो साधुओं की खोजबीन शुरू किया लेकिन उन साधुओ का



कहीं कोई पता नहीं चला। जब ग्रामीणों ने साधुओं द्वारा छोड़कर भागे गए सामानों की जांच पड़ताल किया तो उसके कपड़े से एक व्यक्ति का आधार कार्ड मिला। वह आधार कार्ड उतर प्रदेश के बहराइच, भौंडी, लख्खा, गोपालपुर, भकुला, खजुहा निवासी छनन के पुत्र फिराजउद्दीन का था।

जिससे साफ पता चलता है की ये सभी साधु के वेश में मुस्लिम युवक और कुछ उम्र दराज व्यक्ति आए हुए थे। जो बरहरुपिया के वेश बना कर घूम रहे थे। वे सभी पकड़े जाने की डर से सभी बसहा बैलों को छोड़कर रातों रात भाग गए। पुलिस इस मामले की जाँच में जुटि है । वही ग्रामीणों ने सरकार व जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा है की सभी 9 साढो को जानवर रक्षक शाला में भेजने की तत्काल व्यवस्था करे। वही ग्रामीणों का कहना है कि यह काफी गंभीर मामला है, क्योंकि साधु के वेश बरहरुपिया बनकर गाँव गाँव घूम रहे ये सभी लोग आखिर कौन थे और कहा से आए थे? उनका क्या मकसद था, आखिर वे बरहरुपिया नही थे तो बैलों और समान छोड़कर रातों रात भागे क्यों? अब सवाल यह उठता है साधु को क्यों भागना पड़ा? इनकी गहन जाँच होनी चाहिए? ज्ञात हो की दो दिन पहले बिहार में कुछ इसी प्रकार बैलों के साथ साधु के वेश बरहरुपिया पकड़े गए थे कहीं ये लोग भी पकड़े जाने की डर से रातों रात फरार तो नहीं हो गए हो।

### विद्युत सब स्टेशन के कनीय अभियंता पर विभागीय कार्यवाही करने की मांग

**लालगंज।** जदयू अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष ई. इफ्तेखार अहमद ने लालगंज के विद्युत सब स्टेशन के कनीय अभियंता पर विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि 25 जुलाई सोमवार को दोपहर के एक बजे से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। जिसकी सूचना लालगंज विद्युत सब स्टेशन के कनीय अभियंता को दी गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारी थोड़ी देर में जाएंगे लेकिन कर्मचारी नहीं आए। फिर पुनः शाम को सात बजे से रात के 10 बजे तक कर्मचारी के इंतजार में लालगंज विद्युत पावर स्टेशन में हीं बैठा रह गया। फिर भी कर्मचारी को नहीं भेजा गयां जिस कारण बच्चे भी पूरी रात परेशान रहे। विद्युत उपभोक्ता को पूरी रात शारीरिक और मानसिक दोनों का सामना करना पड़ा। दो वर्ष पहले हीं विद्युत केबल का तार पोल पर मोहल्ला अताउल्लाहपुर में लगाया जा चुका है लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति खुले तार से हीं की जा रही है जिस वजह से थोड़ी सी बरसात आंधी होने पर तार टूट कर गिर जाता है। और घरों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती।

## जंक्शन पर ट्रेन से रेसुब ने 59 जिंदा कछुआ किया बरामद

छपरा, प्रात: किरण संवाददाता

मंगलवार को रेसुब पोस्ट छपरा जंक्शन पर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह,एएसआई विजय रंजन मिश्रा ,एएसआई मनोज सिंह, कान्स शिव प्रकाश , कान्स विजय प्रताप सिंह एवं कान्स वीरेंद्र कुमार तथा रेसुब पोस्ट छपरा द्वारा ऑपरेशन वन्य जीव सुरक्षा के तहत प्राप्त सूचना के आधार पर छपरा जंक्शन पर गाड़ी संख्या 13138 के आगमन पर चेकिंग के दौरान कोच संख्या एस 5 के सीट नम्बर 49 के नीचे 3 अदद पिठ्ठू बैग बरामद हुआ है। चेकिंग के दौरान बैग के पास बैठे एक व्यक्ति द्वारा मौके से भागने का प्रयास किया गया, जिसे अन्य स्टाफ की मदद से मौके पर रोक दिया गया। पूछताछ के दौरान उसने बताया गया कि वह आजमगढ़ से गंगा नदी का कछुआ खरीद कर दवा में उपयोग के लिए बैरकपुर पश्चिम बंगाल बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। बैग के



पास पकड़े गए आदमी के अनुसार आजमगढ़ साईड से गंगा नदी से निकाले गए कछुवे को जुट की बोरी व पिठ्ठू बैग में डाल कर पश्चिम बंगाल ले जाकर बेचने की योजना थी। गिरफ्तार अभियुक्त प्रियालाल मंडल पिता राधागोविंद मंडल मुक्तिनगर पंचारहत खैरातूल थाना जिला सिंहभूम पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। बरामद जिंदा कछुआ की संख्या 59 है। इसकी कीमत लगभग 500000 रुपए आका गया है। इस ममले मेंअपराध का पंजीकरण कर अग्रिम कार्यवाही वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 40, 48, 50, 51 के तहत कार्यवाही के लिए वन्य रेंजर अधिकारी अभय कुमार सिंह को सुपुर्द कर दिया गया है।

## नहर बांध का होगा पक्कीकरण मिलेगी नई सड़क की सुविधा

छपरा, प्रात :किरण संवाददाता

सारणवासियों को सांसद की पहल पर एक और नई सड़क कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे अमनौर, नगरा, गड़खा और छपरा सदर प्रखंडों के लोग लाभान्वित होंगे। बिदित हो कि बीते दिनों राज्य के जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा को सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी ने पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया था कि राज्य सरकार द्वारा बनाये गए नहर प्रणाली के तटीय बांध का प्रयोग स्थानीय लोग आवागमन के लिए करते है।

अभी यह कच्ची है जिसके कारण बरसात के दिनों में अवगमन मे समस्या उत्पन्न करती है। इसी के मद्देनजर संसद ने जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर बांध को पक्की सड़क के रूप में तब्दील करने की बात का जिक्र किया था। सांसद ने बताया कि बांध पर पक्की सड़क के निर्माण से



● सांसद रूडी ने जल संसाधन मंत्री से किया था विमर्श, लिखा था पत्र

न केवल बांध मजबूत होगा, बल्कि सालोभर आवागमन के लिये नई सड़क कनेक्टिविटी भी उपलब्ध होगी। इससे किसानों को और गाँव के बच्चो को भी विद्यालय, महाविद्यालयों में जाने में सुविधा होगी। व्यवसाइयों व सभी तरह के लोग इस सड़क का अपने-अपने उदेश्यों में उपयोग कर सकते है। सांसद के पत्र के प्रत्युत्तर में बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने पत्रांक 127 के माध्यम से अवगत कराया कि संसद द्वारा सुझाये गए योजना को सरकार ने स्वीकृत कर लिया है और शीघ्र ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया आरम्भ की जाएगी। मंत्री ने सांसद रुडी को बताया कि बिहार सरकार द्वारा 10 करोड़ 41 लाख की लागत राशि से नारायणपुर उप वितरणी के 0.00 से 20.00 आर०डी० तक और 9 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत राशि से चैनपुर उप वितरणी के 0.00 से 24.80 आर०डी० तक नहर सेवा पथ पर पक्की सड़क निर्माण कार्य का प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संदर्भ में संसद ने बताया कि इस नई सड़क कनेक्टिविटी से पहले से उपलब्ध सडको पर यातायात का दबाव घटेगा और स्थानीय लोग हर तरह से लाभान्वित होंगे। इसके निर्माण से नहर के संचालन एवं निरीक्षण में सहुलियत के साथ ही आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और स्थानीय लोगों को आर्थिक एवं सामाजिक विकास हो सकेगा।

## भाकपा-माले के जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

पानापुर, प्रात :किरण संवाददाता

भाकपा माले के जिला सचिव सभापति राय के भोरहां स्थित आवास पर मंगलवार को पार्टी के राज्य कमिटी के स्थायी सदस्य सह गोपालगंज के जिला सचिव इंद्रजीत चैरसिया की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कार्यकताओं की एक बैठक की गयी। इस बैठक में आगामी 15 से 20 फरवरी तक आयोजित होनेवाले पार्टी के ग्यारहवें अधिवेशन की तैयारियो पर चर्चा की गयी। वही बढ़ती महंगाई के विरोध में आगामी 7 अगस्त को महागठबंधन द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चर्चा की गयी। बैठक में केंद्र की मौजूदा आर्थिक व राजनीतिक नीतियों की आलोचना करते हुए श्री चैरसिया ने कहा कि आज श्रीलंका में जो राजनीतिक उथल पुथल मची है उसी नक्शेकदम पर हमारा देश चल रहा है। सरकारी संपत्ति को निजी हाथों को बेचा



● केंद्र की आर्थिक व राजनितिक नीतियों का विरोध

जा रहा है। महंगाई चरम पर है, वही देश मे बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। एनआरसी, सीएए के नाम पर देश मे धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। बैठक को सभापति राय, अनुज कुमार दास, वीजेंद्र मिश्र आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जीवनंदन राय, रामपुकार साह ,नागेंद्र प्रसाद ,सुशील पांडेय, लगन राम,सुरेंद्र पासवान, बिपिन साह,बीरेन्द्र राय,ददन नट,विजय शंकर शर्मा आदि उपस्थित थे।

## छपरा : उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य पावर / 2047 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छपरा, प्रात :किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पर मधुर आशियाना एकमा में आयोजित कार्यक्रम की शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश मीणा के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उद्घाटन के पश्चात बताया गया कि यह कार्यक्रम भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित है। आजादी के अमृत महोत्सव, देश के प्रत्येक जिले में 25 जुलाई से 30 जुलाई 2022 के बीच उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य, पावर / 2047 के रुप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को जश्न की तरह मनाने के लिए विद्युत मंत्रालय से प्राप्त निव निदेश के आलोक में जिले में विधुत विभाग द्वारा ह्यबिजली महोत्सवह्य का आयोजन किया गया है। बिजली विभाग द्वारा आयोजित इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य राज्य और



केंद्र सरकारों के बीच सहयोग और बिजली क्षेत्र की प्रमुख उपलब्धियों को उजागर करना है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन-भागीदारी की आवश्यकता है ताकि बिजली क्षेत्र के विकास एवं इससे संबंधित जानकारी पैमाने पर नागरिकों तक पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि विधुत उत्पादन क्षमता 2014 के 2,48,554 मेगावाट से बढ़कर आज 4,00,000 मेगावाट हो गई है जो हमारी मांग से 1,85,000 मेगावाट अधिक है। अब भारत अपने पड़ोसी देशों को भी बिजली निर्यात कर रहा है। करीब 1,63,000 किमी लंबी संचरण लाइन का निर्माण कर पूरे देश को एक ग्रिड मे जोड दिया गया है । लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार सीमा तक यह दुनिया में सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। इस ग्रिड का उपयोग कर देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 1,12,000 मेगावाट बिजली पहुंचाया जा सकता है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सी.ओ.पी. 21 में प्रतिबद्ध किया था कि 2030 तक हमारी उत्पादन क्षमता का 40 नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से होगी। यह लक्ष्य हमने तय समय से 9 साल पहले ही, नवंबर 2021 तक हासिल कर लिया है। आज हम अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों से 1,63,000 मेगावाट बिजली पैदा करते हैं। 2,01,722 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ हमने पिछले पांच वर्षों में बिजली वितरण के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। 2,921 नए सब-स्टेशन बनाकर, 3,926 सब-स्टेशनों का विस्तार करना, 6,04,465 सी.के. एम. एल.टी. लाइनें स्थापित करना, 2,68,838 11 केवी एचटी लाइनें स्थापित करना, 1,22,123 सी.के. एम. कृषि फीडरों का फीडर पृथक्करण और स्थापना करना। 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में आपूर्ति का औसत घंटे 12.5 घंटे थी जो कि अब बढ़कर औसतन 22.5 घंटे हो गया है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सरकार ने बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम- 2020 तहत- नया कनेक्शन प्राप्त करने की अधिकतम समय सीमा अधिसूचित की गई है। रूफ टॉप सोलर को अपनाकर अब उपभोक्ता बन सकते हैं। उपभोक्ताओ की बिलिंग समय पर सुनिश्चित की जाएगी। मीटर संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिए समय-सीमा अधिसूचित है। राज्य नियामक प्राधिकरण अन्य सेवाओं के लिए समय सीमा अधिसूचित किया गया है। उपभोक्ता शिकायतों के समाधान के लिए डिस्कॉम 24 घंटे 7 दिन कॉल सेंटर स्थापित कि जा सकेगी। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि 2018 में 987 दिनों में 100 प्रतिशत गांव विद्युतीकरण (18,374) हासिल किया। 18 महीनों में 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण (2.86 करोड़) हासिल किया। यह कीर्तिमान हासिल कर भारत दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकरण अभियान के रूप में पहचाना गया। सौर पंपों को अपनाने के लिए शुरू की गई योजना जिसके तहत-केंद्र सरकार 30 प्रतिशत सब्सिडी देगी और राज्य सरकार 30प्रतिषत सब्सिडी देगी।

## विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति समय से कराई जाए सुनिश्चितः डीएम

हाजीपुर , प्रात: किरण संवाददाता

जिले के मुख्यालय शहर हाजीपुर में स्थित समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को वैशाली डीएम श्री यशपाल मीणा के द्वारा निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति समय से सुनिश्चित करायी जाय। सुबह के 10 बजे और संध्या के 4 बजे की शिक्षकों की उपस्थिति उप विकास आयुक्त के कार्यालय को प्रतिदिन समय से भेजी जाय।डीएम ने कहा कि मेरा ऐसा मानना है कि शिक्षकों की उपस्थिति मात्र से हीं व्यवस्थाओं में

सुधार दिखने लगेगी। डीएम ने कहा कि अगर सेवा में रहना है तो अपना शत प्रतिशत योगदान करें अन्यथा लिखकर दे दें । बैठक में उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया दिया गया कि कोई पदाधिकारी अगर दो प्रखंड के प्रभार में हैं तो एक हीं दिन में दोनों प्रखंड के विद्यालयों



की जाँच करें। दिन के प्रथम अर्ध में एक प्रखंड एवं दूसरे अर्ध में दूसरे प्रखंड के विद्यालयों को देखें। लेकिन 4 बजे छुट्टी के समय किसी न किसी विद्यालय में जरूर रहें। डीएम के द्वारा सभी विद्यालयों का पूर्व में प्रोफाइल तैयार कराने का निर्देश दिया गया था। जिसके बारे में पूछने पर बताया गया कि यह कार्य 30 जुलाई तक कर लिया जाएगा। डीएम ने कहा कि इसके आधार पर जो भी जरूरी होगा उस पर कार्य किया जाएगा। स्कूल में शिक्षकों की उपलब्धता जरूरत के अनुपात में करने का निर्देश दिया गया और कहा गया कि कहीं भी बच्चों को जमीन पर नहीं बैठाया जाय। जरूरत के अनुसार बेंच का आकलन कर प्रतिवेदन दे दिया जाय ताकि उसे उपलब्ध कराया जा सके। सभी विद्यालयों में बच्चें पोषाक में आयें यह सुनिश्चित करायी जाय। चेतना सत्र में उपस्थित बच्चों का फोटो ग्रुप में शेयर किया जाय। मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार नियमित रूप से बने यह देख लिया जाय। सभी हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास निर्धारित मानक और विषय आधारित चले इसे भी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।डीएम ने कहा कि कोचिंग संस्थानों पर कड़ी जनर रखी जाय। उनका पंजीकरण होना अनिवार्य बनाया गया है। स्कूल अवधि में कोचिंग संस्थान में क्लास नहीं चले यह भी देखा जाय।अगर उनका क्लास स्कूल अवधि में चलता हो तो वहाँ स्कूली बच्चों को नहीं जाने दिया जाय। डीएम ने कहा कि जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी एवं मैं स्वयं लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहा हूँ लेकिन फीड बैक अच्छी नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांवड़िए बनकर बदमाशों ने मोबाइल झपटा

नई दिल्ली। शाहदरा के जीटीबी एन्क्लेव में सोमवार को बाइक सवार दो बदमाश कांवड़िए के वेश में पहुंचे और एक व्यक्ति का मोबाइल झपट लिया। पीड़ित दिनेश गुप्ता की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है। दिनेश गाजियाबाद में रहते हैं। सोमवार सुबह 6:15 बजे वह जीटीबी अस्पताल के पास एक स्कूल के बाहर खड़े थे। तभी कांवड़िए के कपड़े पहने बाइक सवार दो युवक पहुंचे और हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### कई रेलगाड़ियां रद्द रहेंगी

नई दिल्ली। पूर्वी और पश्चिमी डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर को जोड़ने के लिए दादरी यार्ड में ई-मॉडलिंग कार्य के लिए नॉन इंटरलाकिंग के चलते कई ट्रेन रद्द रहेंगी, वहीं कई को मार्ग में रोक कर चलाया जाएगा। उत्तर रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 26, 27 और 30 जुलाई को यात्रा प्रारम्भ करने वाली 12419 लखनऊ-नई दिल्ली गोमती एक्सप्रेस को मार्ग में क्रमशः 40 तथा 15-15 मिनट रोककर चलाया जाएगा। वहीं, 26 जुलाई को यात्रा प्रारम्भ करने वाली 12815 पुरी-आनंद विहार एक्सप्रेस को मार्ग में क्रमशः 30 तथा 45 मिनट रोककर चलाया जाएगा। एक अगस्त को यात्रा प्रारंभ करने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल रद्द रहेगी। जबकि, दो अगस्त को चलने वाली 04183/04184 टुंडला-दिल्लीस जं-टुंडला मेमू, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल, 12419/12420 लखनऊ-नई दिल्लीन-लखनऊ गोमती एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। सावन की शिवरात्रि पर मंगलवार को जलाभिषेक के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। दो साल बाद मंदिरों में ऐसी रौनक दिखी। भोले के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। मंदिरों में कांवड़ियों के साथ अन्य श्रद्धालुओं भी जलाभिषेक करने पहुंचे। विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। भगवान शिव से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। बच्चे से लेकर बुजुर्ग जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। कुछ मंदिरों में शाम को जलाभिषेक किया गया। चांदनी चौक स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में सुबह ही जलाभिषेक शुरू हो गया था। जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की अलग कतार बनाई गई थी। भीड़ अधिक होने की वजह से श्रद्धालुओं को इंतजार भी करना पड़ रहा था।

### ज्योति नगर में टोलकर्मियों से मारपीट, तोड़फोड़

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर में चार दोस्तों ने टोल टैक्स कर्मियों से मारपीट की और तोड़फोड़ की। पिटाई से मैनेजर और प्रभारी घायल हो गए। वहीं, आरोपियों ने कंप्यूटर और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। मैनेजर की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित जितेंद्र सिंह ज्योति नगर के मीत नगर स्थित टोल टैक्स पर मैनेजर हैं। पुलिस को दी शिकायत के अनुसार, 23 जुलाई की रात जितेंद्र टोल टैक्स पर मौजूद थे। उनके साथ टोल प्रभारी बलकार सिंह समेत अन्य कर्मचारी भी थे। तभी पास में रहने वाला एक शख्स आया और किसी बात को लेकर टोलकर्मियों से गाली-गलौज करने लगा।

# गुजरात सरकार को नुकसान के बाद भी खुलेआम बिक रही शराब : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गुजरात के ड्राइ स्टेट होने के बावजूद 15 साल में 845 से अधिक लोग जहरीली शराब पीकर मर गए हैं। इतना बड़ा नेटवर्क भाजपा के किन राजनेताओं के संरक्षण में चल रहा है? शराबबंदी से गुजरात सरकार को हर साल 15 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है। लेकिन शराब तो खुलेआम बिक रही है। ये पैसा किसकी जेब में जा रहा है? उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ लोग चाहते हैं कि गुजरात की तरह यहां भी नकली और जहरीली शराब का कारोबार चले। दिल्ली सरकार जब से नई एक्साइज पॉलिसी लाई है, ये लोग बहुत परेशान हैं। ये वैध शराब की दुकानें हटाकर वही पुराना धंधा शुरू करना चाहते हैं। नई एक्साइज पॉलिसी के बाद दिल्ली में शराब की दुकानें कम हुई हैं। नई एक्साइज पॉलिसी से पहले दिल्ली में 849 शराब की दुकानें थीं, अब 468 शराब की दुकानें हैं। दिल्ली के अंदर 849 शराब की दुकानें खुलने पर भी प्रति 22,760 लोगों पर एक शराब की दुकान होगी। जबकि भारतीय जनता पार्टी शासित बेंगलुरु में 12179 लोगों, गुरुग्राम में 4166 लोगों, गोवा में 761 लोगों पर शराब की एक दुकान है। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक सौरभ भारद्वाज ने आज पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शिवरात्रि के शुभ अवसर पर गुजरात से बहुत ही डराने वाली खबर सामने आ रही है। गुजरात के अंदर नकली और जहरीली शराब पीकर करीब 28 लोग अब तक मर चुके हैं। दर्जनों लोग अभी भावनगर अस्पताल में एडमिट हैं। हमारी कामना है कि वह स्वस्थ हो जाएं।यह खबर सुन कर कई सारे सवाल हमारे मन में आते हैं कि गुजरात तो ड्राई स्टेट है और शराब लंबे समय से बंद है। ऐसे में गुजरात जैसे राज्य के अंदर शराब कहां से आ रही है और कौन बेच रहा है। ऐसी खबर पहली बार नहीं आई है। गुजरात के किसी ना किसी जिले में लगभग हर महीने जहरीली शराब पीने से लोगों का मरना एक आम बात है। इतने बड़े स्तर पर गुजरात में शराब की आपूर्ति कैसे हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पहले गुजरात गया तो बताया गया कि गुजरात में कोई गांव ऐसा नहीं है, जहां पर नकली शराब न मिलती हो। हर गांव में नकली शराब उपलब्ध है। इसके अलावा गुजरात के अंदर ऐसा कोई शहर उपलब्ध नहीं है, जहां पर अवैध शराब की होम डिलीवरी ना होती हो। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि प्रधानमंत्री वहां पर 15 साल मुख्यमंत्री रहे और उनका गृह राज्य है।

### भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में आबादी के हिसाब से ज्यादा दुकानें हैं- सौरभ भारद्वाज

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने आधिकारिक आंकड़े पेश करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों और दिल्ली के अंदर आबादी के हिसाब से कितनी दुकानें हैं? दिल्ली के अंदर सभी 849 शराब की दुकानें खुल भी जाएं तो भी प्रति 22,760 लोगों पर एक शराब की दुकान होगी। भारतीय जनता पार्टी शासित बेंगलुरु में 12179 लोगों पर एक दुकान है। भारतीय जनता पार्टी शासित गुरुग्राम में 4166 लोगों पर एक शराब की दुकान है। भाजपा शासित गोवा में 761 लोगों पर शराब की एक दुकान है। 2019 के आंकड़ों के मुताबिक नोएडा के अंदर 525, गुड़गांव के अंदर 240, बेंगलुरु के अंदर 1700 शराब की दुकानें हैं। गोवा में 15 लाख लोगों की आबादी पर 2 हजार शराब की दुकानें हैं। इसके अलावा 8 से 10 हजार बार चल रहे हैं।

# आइआइटी दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच हुआ समझौता




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

आइआइटी दिल्ली और हरियाणा सरकार के बीच एक करार पर समझौता हुआ है। इसके तहत आइआइटी दिल्ली के ज्ञानी हरियाणा के विश्वविद्यालयों और कालेजों के छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। छात्रों को स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया जाएगा एवं शोध में भी उनकी मदद की जाएगी। इसी के तहत शनिवार को आइआइटी के सोनीपत कैंपस में आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें हरियाणा के कालेजों के स्टूडेंट क्लब हिस्सा लेंगे।

पर्यावरण प्रदूषण समेत समस्याओं के समााधान की पहल आइआइटी दिल्ली प्रशासन ने बताया कि छात्रों ने पर्यावरण प्रदूषण समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करते हुए कई उत्पाद बनाए हैं, जिन्हें प्रदर्शित किया जाएगा। कृषि अवशेष, मेडिकल टेक्नोलाजी, स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां, ग्रीन ऊर्जा, वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन, क्वांटम टेक्नोलाजी पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। हाल ही में हुए रोबोकान की टीम भी इसमें शामिल होंगी। आइआइटी की ओर से बनाए गए सोडियम आयन बैटरी, कोविड डिटेक्शन किट भी प्रदर्शित की जाएगी।

आइआइटी दिल्ली सोनीपत कैंपस में ड्रोन टेक्नोलाजी पार्क भी विकसित करेगा। आइआइटी प्रशासन ने बताया कि यहां नए पायलट को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्रोन के विविध पहलुओं पर शोध किए जाएंगे। यदि कोई कंपनी ड्रोन टेस्ट करना चाहे तो उसे भी जगह उपलब्ध कराई जाएगी। आइआइटी ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जवानों को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# ईडी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन : अशोक गहलोत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ के खिलाफ कांग्रेस ने विरोध मार्च किया। इस विरोध मार्च में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, हम लोगों ने शांति पूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया। भाजपा होती तो उग्र प्रदर्शन करती। इसी कड़ी में उन्होंने आगे कहा, ₹आज कांग्रेस का राजघाट पर धरना प्रदर्शन था। भाजपा के लोग होते तो वे आगजनी करते, हम तो शांतिपूर्ण विरोध कर रहे हैं। आज अगर वहां प्रदर्शन होता तो ट्रैफिक में कोई बाधा नहीं आती।" पार्टी मुख्यालय के अंदर हमारी एंट्री बंद उन्होंने आगे कहा "हमारी पार्टी मुख्यालय के अंदर एंट्री बंद है। देश का हर नागरिक डरा हुआ है। बार-बार सोनिया जी को बुलाना... क्या पूछताछ करते हैं? उन्हें क्यों टारगेट बना रहे हैं।₹ इस प्रदर्शन को देखते हुए राजघाट पर धारा 144 लागू की गई है।

वहीं, ईडी सोनिया गांधी से नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में समन कर पूछताछ कर रही है। सोनिया गांधी ईडी अधिकारियों के सामने अपने बयान दर्ज कराने पहुंचीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते गुरुवार को भी इस मामले में सोनिया गांधी से पूछताछ की गई थी। पहले दौर की पूछताछ में उन्होंने जांच अधिकारियों के 28 प्रश्नों के उत्तर दिए थे।

# दिल्ली में मंकीपॉक्स की एंट्री के बाद मचा हड़कंप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस के बाद अब मंकीपॉक्स का खतरा उत्पन्न हो गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक अब तक दुनियाभर के 75 देशों में 16 हजार से भी ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

WHO के मुताबिक मंकीपॉक्स जानवरों से इंसानों में फैलने वाली बीमारी है। इस वायरस से संक्रमित होने पर मनुष्य के शरीर पर चेचक जैसे दाने निकल आते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें गंभीर बीमारी का खतरा कम होता है। यह वैरियोला वायरस फैमिली का हिस्सा है।

मंकीपॉक्स से संक्रमित होने के पांच दिन के भीतर बुखार, तेज सिरदर्द, सूजन, पीठ दर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान के लक्षण दिखते हैं।

वायरस के लक्षण दिखने का समय 6 से 13 दिन का होता है, लेकिन कई बार यह समय 5 से 21 दिनों तक हो सकती है।

बुखार आने पर एक-दो दिन में इसका असर दिखना शुरू हो जाता है। शरीर पर दाने निकलने लगते हैं।

मंकीपॉक्स का इलाज क्या है?



विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक इसका कोई ठोस इलाज नहीं है।

हालांकि चेचक की वैक्सीन मंकीपॉक्स के संक्रमण के खिलाफ असरदार साबित हुई है।

संक्रमित होने पर जानवरों और परिवार के अन्य सदस्यों से दूर बना के रहें।

AIIMS में भी होगी मंकीपॉक्स की जांच मंकीपॉक्स की दस्तक के बाद अब अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में ही इसकी जांच की गई है। राष्ट्रीय वायरोलाजी संस्थान (एनआइवी) पुणे से एम्स में जांच किट भी आ चुकी है। इसलिए अब मंकीपॉक्स का संदिग्ध केस सामने आने पर एम्स में इसकी जांच हो जाएगी। जांच रिपोर्ट भी सैंपल लेने के 24 घंटे में उपलब्ध हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजधानी दिल्ली में पहला संदिग्ध मामला सामने आने पर जांच के लिए सैंपल को एनआइवी पुणे भेजा गया था।

जांच में मंकीपॉक्स की पुष्टि हुई थी। कैसे होती है मंकीपॉक्स की जांच मंकीपॉक्स की पहचान के लिए भी आरटीपीसीआर जांच होती है। जांच के लिए सैंपल मरीज के शरीर पर बने फफोले से लिए जाते हैं।

इसके अतिरिक्त नाक और मुंह से भी स्वैब जांच के लिए सैंपल लिया जाता है। चिकित्सक कहते हैं कि कोरोना के संक्रमण के कारण आरटीपीसीआर जांच की सुविधा अनेक चिकित्सा संस्थानों के साथ निजी लैब में भी हो गई है। इसलिए जरूरत पड़ने पर मंकीपॉक्स की जांच की सुविधा बढ़ाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

डिस्क्लेमर- यहां दी गई जानकारी डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के आधार पर है। जागरण इसका दावा नहीं करता है। विशेषज्ञों की सलाह लिए बिना कोई भी दवा न लें।

# सरकार के प्रयासों से दिल्ली में वन क्षेत्र 23 फिसदी से ज्यादा हुआ:राजेंद्र पाल गौतम

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार दिल्ली को हरित क्षेत्र में बदलने के लिए कई तरह के अभियान चला रही है। दिल्लीवासियों से अपने घरों के आस पास पौधे लगाने की अपील कर रही है। इसके तहत जीटीबी अस्पताल में समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहां कि दिल्ली के वन क्षेत्र में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। केजरीवाल सरकार के प्रयासों से अभी वन क्षेत्र बढ़कर 23 फीसदी से ज्यादा हो गया है। जीटीबी अस्पताल में आज पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने पौधारोपण किया। समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि मंहगाई के कारण लोग अभी ऑर्गेनिक फल-सब्जियां नहीं खरीद पा रहे हैं। अगर हर दिल्लीवासी इसी तरह से अपने घर के आस-पास पेड़-पौधे लगाते रहेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा के साथ ऑर्गेनिक फल भी मिलेंगे। दूसरी तरफ समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र



पाल गौतम को विधानसभा क्षेत्र के कैप्टन जावेद अली मार्ग सुंदर नगरी में सड़क पर अतिक्रमण को लेकर लागातार शिकायत मिल रही थी। लोगों की शिकायत थी कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस-फायर ब्रिगेड को जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिसके बाद मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने ताहीरपुर पहुंच कर सड़क से अतिक्रमण हटाने को लेकर लोगों से अपील की। साथ ही उन्होंने ताहीरपुर निवासियों को घरों के आस-पास साफ सफाई रखने और पेड़ पौधे लगाने का भी अनुरोध किया।

# भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



24 जुलाई 2022 को विजन पे बैक टू सोसाइटी द्वारा MISSION UPSC के तहत भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कुल 07 छात्र-छात्राओं को छात्रवृति प्रदान कि गई। जिन छात्रों ने विजन पे बैक टू सोसाइटी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सिविल सेवा प्रवेश परीक्षा 2022-23 में भाग लेकर अपना स्थान बनाया था। इस मौके पर विदेश मंत्रालय से IFS अतुल गोत्सुर्वे, संयुक्त सचिव, IFS प्रकाश शैलत, उप सचिव, IFS(इ) संदीप बोहत, डॉ पूनम तुषामड, मेहर चंद चॉवरिया, मनोज कुमार व कर्नाटक से आए रामप्पा जी, उपाध्यक्ष AICC ने शामिल होकर छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की व समारोह में उपस्थित सभी लोगों को विजन पे बैक टू सोसायटी के मिशन की जानकारी दी । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दिल्ली की कुमारी मुस्कान बसेतिया को VISION IAS INSTITUTE, द्वितीय स्थान लाने वाली जींद हरियाणा की कुमारी कुसुम को UNACADEMY IAS व दीपक कुमार (मुरादाबाद, उ प्र), मोहित सिंह (दिल्ली), आकाश पाथरे (भोपाल, मप्र), कुमारी निधि (दिल्ली), शैलेश वाघमरे (मुम्बई, महाराष्ट्र) को STUDY IQ IAS INSTITUTE में सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए प्रवेश दिलाया गया हैं जिस पर आने वाले व्यय का वहन विजन पे बैक टू सोसाइटी संस्था द्वारा उठाया जाएगा । कार्यक्रम के अंत में श्री सुनिल शेरयार, उपाध्यक्ष महोदय, विजन पे बैक टू सोसायटी ने इन सभी आकांक्षी छात्रों को इनके भविष्य के लिए शुभकामनायें दी और हर यथासंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया ।

## विपिन शर्मा को किया गया हॉउस अरेस्ट

नई दिल्ली। रोहताश नगर के पूर्व विधायक विपिन शर्मा को आज उस वक्त हॉउस अरेस्ट कर लिया गया जब वे अपने कुछ समर्थकों के साथ कांग्रेस मुख्यालय जाने को तैयार थे। अचानक दिल्ली पुलिस के कर्मी उनके निवास पर पहुंच गए और उन्हें कांग्रस मुख्यालय जाने की अनुमति नहीं दी। ब्लाक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया उन्हें विपिन शर्मा ने पार्टी मुख्यालय चलने के लिए अपने निवास स्थान पर बुलाया था लेकिन जैसे ही हम लोग चलने के लिए तैयार हुए तभी पुलिसकर्मी आ गए और विपिन शर्मा के साथ वहां मौजूद सभी कांग्रेस वर्करों को हॉउस अरेस्ट कर लिया गया। इस मौके पर विपिन शर्मा ने एक स्थानीय पोर्टल से बात करते हुए कहा मोदी सरकार तानाशाही कर रही है और उसका विरोध करने वालों को घरों में नजरबंद कर रही है। लेकिन ऐसा कब तक करेंगे, विपिन शर्मा ने कहा केवल उनके साथ ही ऐसा नहीं हुआ बल्कि देश भर में कांग्रेस नेताओं के साथ ऐसा हो रहा है।

# 33 साल से पेंशन के लिए भटकती रही पत्नी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




- आयोग ने पारिवारिक पेंशन से इन्कार करने के ऐसे किसी भी नियम के आधार पर तर्क को स्वीकार नहीं किया।

सफदरजंग अस्पताल से सेवानिवृत्त एंबुलेंस चालक की मौत के बाद पत्नी को पेंशन ना मिलने पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने पेंशन का भुगतान करना सुनिश्चित कराया। महिला को 33 वर्षो से मासिक पेंशन से वंचित किया जा रहा था। वह भुगतान किया जाए। आयोग के आदेश के बाद अस्पताल के वेतन और लेखा कार्यालय ने 22 जून को आयोग को सूचित किया कि महिला को 9000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। मार्च 2022 तक के बकाया भुगतान को भी सुनिश्चित किया जाएगा। मानवाधिकार आयोग ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला सुना था। आयोग द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए नोटिस के जवाब में आयोग को सूचित किया गया कि जिस फाइल के माध्यम से विभाग द्वारा ज्ञापन जारी किया गया था, वह नष्ट हो गई थी। यह भी बताया गया कि पेंशन भुगतान उनके पति के पक्ष में जारी किया गया था। क्योंकि परिवार पेंशन कालम अविवाहित के रूप में छोड़ दिया गया था। इसलिए परिवार पेंशन अधिकृत नहीं थी। आयोग ने पारिवारिक पेंशन से इन्कार करने के ऐसे किसी भी नियम के आधार पर तर्क को स्वीकार नहीं किया। आयोग ने पाया कि फाइल नष्ट होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी आवेदक के पास उपलब्ध प्रतियों के आधार पर नई फाइल बनाने में सक्षम है। इस पर विभाग ने महिला की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पेंशन की स्वीकृति दे दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल महानिदेशक से मांगा जवाब जेलों के कामकाज और कैदियों के बीच अनुशासन बनाए रखने के मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने जेल महानिदेशक से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति एजे भंभानी की पीठ ने जेल महानिदेशक से कहा कि इस संबंध में सुझाव और उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी पेश करें। पीठ ने सभी पक्षकारों को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 26 अगस्त के लिए स्थगित कर दी है। एक कैदी ने याचिका दायर कर 20 अक्टूबर 2020 को जेल के अंदर अधिकारियों द्वारा पीटे जाने का आरोप लगाया था और किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने की मांग की थी। पिछली सुनवाई पर जेल प्रशासन ने पीठ के समक्ष कहा था कि जेल के अंदर कैदियों के बीच विवाद होता है और माहौल बिगड़ने की स्थिति में बल प्रयोग करना पड़ता है।

# बल्लीमारान में 4 मंजिला शानदार स्कूल का सिसोदिया ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली में हर तबके को विश्वस्तरीय शिक्षा देने के के उद्देश्य के साथ केजरीवाल सरकार लगातार अपने स्कूलों को शानदार बनाती जा रही है सरकार का विजन दिल्ली के हर बच्चे को क्वालिटी एजुकेशन देकर सशक्त बनाना है इस दिशा में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने बल्लीमारान स्थित गवर्मेंट गर्ल्स सीनियर सेकंड्री स्कूल, चश्मा बिल्डिंग के नए भवन का उद्घाटन व स्कूल के दूसरे हिस्से में मल्टीपर्पस हॉल का शिलान्यास किया` इस मौके पर बल्लीमारान के विधायक व दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन, शिक्षा सचिव, अशोक कुमार, शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्त्व में हम पूरी दिल्ली में शानदार स्कूल बनवा रहे है और बल्लीमारान के इस स्कूल को भी शानदार बनाया है उन्होंने कहा कि 4 साल पहले यहां स्कूल के नाम पर एक टूटी-फूटी जर्जर बिल्डिंग थी जिसे देखकर मैंने कसम खाई थी कि इस स्कूल बिल्डिंग को शानदार बनाऊंगा और मुझे खुशी है कि हमारी टीम ने दिन रात मेहनत की और हम बच्चों के लिए ये बेहतरीन स्कूल बना पाए

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतरीन सरकारी स्कूल हमेशा से केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता रही हैं। सरकार के लगातार प्रयासों का ही नतीजा है कि आज यह बेहतरीन स्कूल बल्लीमारान और आसपास के क्षेत्र के बच्चों के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते है और हमें गर्व है कि केजरीवाल सरकार उन्हें स्कूल स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक सभी शैक्षिक सुविधाएं देकर उनका सपोर्ट करती है। उन्होंने कहा कि हर तबके को क्वालिटी एजुकेशन देने के इस काम में चाहे कितनी भी बाधाएं आ जाएं, केजरीवाल सरकार अत्याधुनिक सुविधाओं वाले स्कूलों को बनाना बंद नहीं करेगी।

दिल्ली के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री तथा बल्लीमारान के विधायक इमरान हुसैन ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता है यहीं कारण है कि सरकार में आने के बाद से अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्त्व में शिक्षा को हर साल बजट का लगभग 25% हिस्सा दिया गया जो अपने आप में एक क्रांति है उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति केजरीवाल सरकार की प्रतिबद्धता ही है कि आज पूरे विश्व में दिल्ली शिक्षा मॉडल की चर्चा हो रही है और देश विदेश से लोग दिल्ली के शिक्षा मॉडल से सीखने आ रहे है, दिल्ली सरकार के स्कूलों को देखने आ रहे है

- 4 साल पहले बल्लीमारान के स्कूल की टूटी फूटी बिल्डिंग को देखकर खाई थी कसम, यहां बच्चों के लिए तैयार करूंगा शानदार स्कूल, मुझे गर्व की अपना वादा किया पूरा- मनीष सिसोदिया
- बच्चे देश का भविष्य, मुझे गर्व कि अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्त्व में हम हर बच्चे को शानदार एजुकेशन देने का काम कर रहे है-मनीष सिसोदिया

### बल्लीमारान में बनें नए स्कूल बिल्डिंग की विशेषताएं

- 4 मंजिला शानदार बिल्डिंग
- 28 कमरे
- स्मार्ट क्लासरूम्स
- आईसीटी लैब्स
- एनएसक्यूएफ लैब्स
- होम साइंस लैब्स
- पूरा स्कूल सीसीटीवी कैमरे से लैस

बता दे कि स्कूल में दूसरे फेज के निर्माण कार्य में एक नए मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण भी किया जा रहा है जहाँ ग्राउंड फ्लोर पर मल्टीपर्पज हॉल बनाया जाएगा वही उपरी मंजिल पर क्लासरूम बनाए जाएंगे साथ ही यहां रूफ-टॉप पर बच्चों के लिए प्ले-एरिया भी बनाया जाएगा इस नई बिल्डिंग में लिफ्ट भी लगाए जाएंगे ।

# आज से शुरू हुई पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित कर चुका है। 23 जुलाई को घोषित हुए परीक्षा परिणाम से अगर कोई छात्र असंतुष्ट है तो वह पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मंगलवार (26 जुलाई) से पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो उम्मीदवार अपने परीक्षा के मूल्यांकन और मार्क्स से संतुष्ट नहीं हैं, वे सीबीएसई की आधिकारिक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्र-छात्राओं को हर साल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पुनर्मूल्यांकन का मौका देता है। अगर आप भी मूल्यांकन से असंतुष्ट हैं तो सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए एक तय शुल्क भी देना पड़ता है। सीबीएसई की वेबसाइट पर दी गई है पूरी जानकारी

10वीं और 12वीं में परीक्षा परिणाम में नंबरों से असंतुष्ट छात्र-छात्राओं के लिए सीबीएसई ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर पूरी जानकारी दी है। यहां पर हम बता रहे हैं कि किस तरह आसान तरीके से आप भी पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत सबसे पहले उइरए की आधिकारी इसके अगले चरण में छात्रों को अंकों के सत्यापन (स्कोर का योग) के लिए आवेदन करना होगा। आवेदन मिलने के बाद सीबीएसई किसी भी त्रुटि के लिए एक बार फिर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेगा और फिर संशोधित (या समान) परिणाम के साथ छात्र को वापस रिपोर्ट करेगा। अगले चरण में अगर छात्र या फिर छात्रा को कोई अंतर नहीं देखता हैं या आगे बढ़ना नहीं चाहता है तो छात्र यहां रुक सकता है। छात्र-छात्राएं इस पर बात का ध्यान रखें कि वे केवल उन्हीं विषयों की जांच कर सकते हैं जिनके लिए उन्होंने आवेदन किया था।

छात्रों के पास अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करने के लिए दो दिन का समय मिला है। 26 जुलाई से लेकर 28 जुलाई की रात 11:59 बजे तक छात्र-छात्राएं पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए प्रति विषय 500 रुपये शुल्क लिया जाएगा।

वहीं, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन करने के लिए 8 अगस्त से रात 11:59 बजे या 9 अगस्त तक का समय दिया जाएगा और उनसे प्रति उत्तर पत्र 500 रुपये शुल्क लिया जाएगा। इसके लिए यानी पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के लिए 13 अगस्त से रात 11:59 बजे या 14 अगस्त तक का समय होगा और प्रति प्रश्न 100 रुपये शुल्क लिया जाएगा। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि छात्र केवल टर्म 2 के स्कोर के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

यहां पर बता दें कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 22 जुलाई को 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया। इस बार 12वीं में 92.7 प्रतिशत छात्र-छात्राएं ही पास हुए। इनमें लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, बुधवार, 27 जुलाई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### पेड़ों की जड़ों से कंक्रीट हटाए

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम पेड़ों की जड़ों से कंक्रीट हटाने के अभियान में जुटा है। दिल्ली को हरा-भरा बनाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान के तहत दक्षिण दिल्ली में अब तक 5908 पेड़ों की जड़ों को कंक्रीट मुक्त किया गया है। इनमें से वसंत विहार से 3909 पेड़ों, ग्रेटर कैलाश 2 से 83 पेड़, वसंत कुंज से 850 पेड़ सहित अन्य मध्य क्षेत्र के पेड़ों से कंक्रीट हटाए गए।

### जेएनयू में हॉस्टलों की हालत खस्ता, बारिश में गिरे प्लास्टर

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू (जेएनयू) विश्वविद्यालय में कई हॉस्टल की हालत खस्ता है। छात्रों का कहना है कि बारिश के कारण कमरों में सीलन, पानी टपकने आदि की समस्या आ रही है। साबरमती रात पेरियार और कावेरी हॉस्टल में छत का प्लास्टर गिर गया। हालांकि किसी छात्र को चोट नहीं आई है। पूर्व में साबरमती हॉस्टल में जहां छत का प्लास्टर गिरने से एक छात्र जहां घायल हो चुका है, वहीं कई हास्टल की दीवारों में सीलन में। यही नहीं नर्मदा हॉस्टल के कूलर में सांप और वाटर कूलर में छिपकली गिरने का मामला भी सामने आ चुका है। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी हरेंद्र का कहना है कि यदि तेज बारिश हो जाती है तो हॉस्टलों के कमरों में पानी आ जाता है। साबरमती हॉस्टल में प्लास्टर गिरने से घायल छात्र को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद यूजीसी ने 55 करोड़ रुपये हॉस्टल की मरम्मत के लिए जारी करने को कहा था लेकिन आज तक यह राशि जारी नहीं हुई। एक अन्य छात्र का कहना है कि हॉस्टल में नमी, छत गिरने, पानी टपकने की स्थिति अब आम है।

### खालिद सैफी की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने का निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली हिंसा की साजिश के आरोप में आतंकवाद निरोधक कानून के तहत जेल में बंद खालिद सैफी का समुचित इलाज कराने की मांग पर अदालत ने जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। अदालत ने जेल प्रशासन को आरोपी की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। खालिद सैफी ने अदालत में अर्जी दाखिल कर कहा है कि तेज बुखार के साथ-साथ उसका शुगर काफी बढ़ा हुआ है और वह डायरिया से भी पीड़ित है। उसने अदालत से जेल प्रशासन को उसकी चिकित्सा जांच और इलाज कराने का आदेश देने की मांग की है। कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने संबंधित जेल अधीक्षक को बुधवार को मामले में आरोपी की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। अदालत को आरोपी की ओर से बताया गया कि उसका शुगर लेवल 400 के आसपास है और यह पहले कभी इतना उच्च स्तर पर नहीं गया। इसके अलावा, वह उच्च रक्तचाप और तेज बुखार से भी पीड़ित है। खालिद सैफी पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुई हिंसा की साजिश रचने का आरोप है।

### सप्ताह भर हल्की बारिश का दौर बना रहेगा

नई दिल्ली। दिल्ली में सप्ताह भर तक हल्की बारिश और बूंदाबांदी का दौर बना रहेगा। दिल्ली में मंगलवार को बादलों की आवाजाही बनी रही। कई हिस्सों में बूंदाबांदी भी हुई। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह भी सामान्य से एक डिग्री कम है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 94 से 68 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले सप्ताह भर के बीच हल्की बारिश और बूंदाबांदी के दौर बीच-बीच में आते रहेंगे। खासतौर पर गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार के दिन मध्यम बारिश भी होने के आसार हैं।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मंगलवार को लोधी रोड स्थित पालिका प्रसूति अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवा के स्टॉक की जांच की। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में दवाएं मौजूद होने पर संतोष जाहिर किया। पालिका प्रसूति अस्पताल का पुनर्विकास वर्ष 2014 में किया गया था। यहां प्रसूति, स्त्री रोग और बाल चिकित्सा की सुविधाएं मौजूद हैं।

## स्वच्छता में सरकार के चार अस्पताल अव्वल

### लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता- सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए शुरू कायाकल्प अभियान के तहत दिल्ली सरकार के चार अस्पताल बेहतर साफ-सफाई और संक्रमण कम करने के पैमाने पर अव्वल रहे हैं। इसलिए इन अस्पतालों को कायाकल्प स्टेट अवार्ड की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला है।

इसमें डा. बाबा साहेब अंबेडकर, आचार्य श्री भिक्षु, सरदार वल्लभ भाई पटेल और संजय गांधी स्मारक अस्पताल शामिल हैं। सोमवार को दिल्ली सचिवालय में कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इन अस्पतालों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में दिल्ली के 24 अस्पतालों और 82 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) को गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए पुरस्कृत किया गया। इनमें ये चार अस्पताल भी शामिल हैं। इस तरह कुल 106 अस्पतालों को पुरस्कार दिया गया।

लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता-सिसोदिया

इस दौरान सिसोदिया ने कहा कि राजधानी के लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आप सरकार की प्राथमिकता है।



दिल्ली सरकार के अस्पताल लगातार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करते हुए मरीजों को बेहतरीन इलाज की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं।

अस्पतालों के डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों की प्रतिबद्धता के कारण ही देश भर के लोग इलाज कराने यहां पहुंचते हैं, क्योंकि इन अस्पतालों की स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अस्पतालों में सुविधाएं विकसित करने में कभी पैसों की कमी नहीं होने दी है। सरकार के 13 अन्य अस्पतालों और छह सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में भी कायाकल्प अवार्ड के लिए में 70 प्रतिशत से अधिक स्कोर किया।

इन अस्पतालों को मिला अवार्ड

100-250 बेड की क्षमता वाले जिला अस्पताल : आचार्य श्री भिक्षु सरकारी अस्पताल को प्रथम पुरस्कार (15 लाख रुपये), राव तुलाराम स्मारक अस्पताल को दूसरा स्थान (साढ़े सात लाख रुपये) और महर्षि वाल्मीकि अस्पताल को तीसरा स्थान (साढ़े सात लाख रुपये)।

- अस्पतालों के डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों की प्रतिबद्धता के कारण ही देश भर के लोग इलाज कराने यहां पहुंचते हैं

250-500 बेड की क्षमता वाले जिला अस्पताल : संजय गांधी स्मारक अस्पताल को प्रथम पुरस्कार (20 लाख रुपये)

500 बेड से अधिक क्षमता के जिला अस्पताल : डा. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल को प्रथम पुरस्कार (25 लाख)

उप-जिला अस्पताल : सरदार वल्लभ भाई पटेल अस्पताल को प्रथम पुरस्कार (10 लाख रुपये)।

उधर, दिल्ली में मंकीपाक्स के मिले मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग तो सतर्क है ही, उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने भी सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने सभी निवारक उपायों को सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों ने चिकित्सा सेवाओं, अस्पताल के बुनियादी ढांचे की तैयारी से भी अवगत कराया है। वहीं, एलजी ने लोगों से भी अपील की है कि मंकीपाक्स की रोकथाम और उपचार के तय प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें।

## गुजरात में शराबबंदी के बावजूद हर साल अवैध शराब से हो रही हैं सैकड़ों मौतें:आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि गुजरात में शराबबंदी के बावजूद हर साल अवैध शराब से सैकड़ों मौतें हो रही हैं। भाजपा के राजनैतिक संरक्षण में लाखों करोड़ का अवैध शराब का धंधा चल रहा है। गुजरात में जिस तरह अवैध शराब का धंधा चलता है, उसी तरह भाजपा दिल्ली को भी अब अपने अवैध शराब का अड्डा बनाना चाहती है। दिल्ली में अवैध शराब का धंधा चलाने के लिए नई एक्साइज पॉलिसी को लेकर भाजपा की ओर से षड्यंत्र रच जा रहे हैं। भाजपा के नेताओं को दिख रहा है कि गुजरात में लाखों करोड़ों का मुनाफा अवैध शराब के धंधे से हो रहा है। ऐसे ही दिल्ली में भी होना चाहिए। दिल्ली में नई एक्साइज पॉलिसी आई है जो कि पारदर्शी, बेहतर और दिल्ली को ज्यादा राजस्व दे रही है। यह भाजपा वालों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग को पीछे लगाकर दुकानदारों को धमका रही है और इन शराब की दुकानों को बंद करवा रही है। दिल्ली सरकार की तरफ से 650 शराब की दुकानों को लाइसेंस दिए गए। भाजपा ने दुकानदारों को डरा धमकाकर करीब 200 शराब





की दुकानें बंद करवा दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अवैध शराब का धंधा सिर्फ राजस्व का नुकसान नहीं करता है और सिर्फ भाजपा के नेताओं की जेब में हजारों करोड़ नहीं डालता है बल्कि सैकड़ों लोगों की जान भी लेता है। आम आदमी पार्टी की सरकार अवैध शराब के धंधे पर रोक लगाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा देगी। हमें भ्रष्टाचार मंजूर नहीं है। गुजरात में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु अवैध शराब के कारण नहीं हुई है। 2009 में 100 लोगों की अवैध शराब पीने के कारण मौत हुई। उस वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। गुजरात में हर बार लोग मारे जाते हैं और भाजपा की सरकार एक एसआईटी ही बना देती है। वह एसआईटी खानापूर्ति करके अपनी कोई रिपोर्ट पेश कर देती है। अगर गुजरात में शराबबंदी है। शराब बनती और बिकती नहीं है तो हर कुछ महीने में यह खबर कहां से आती है कि लोगों की अवैध दारू पीकर मृत्यु हो गई? आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने पार्टी मुख्यालय में आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। विधायक आतिशी ने कहा कि गुजरात से कल शाम को एक दिल दहलाने वाली खबर आई कि 28 लोगों की मौत अवैध जहरीली दारू पीने के कारण हो गई है। यह पहली बार नहीं है कि गुजरात से इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु अवैध शराब के कारण हुई है। 2009 में 100 लोगों की अवैध शराब पीने के कारण मौत हुई, उस वक्त नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। तब उन्होंने भी वही किया जो आज के मुख्यमंत्री ने किया है कि एक एसआईटी बना देते हैं। एसआईटी जांच करेगी कि यह अवैध शराब कहां बन रही है। एसआईटी बनी लेकिन अवैध शराब बनाने वालों और बेचने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। 2016 में फिर से एक ऐसा हादसा हुआ, जब अवैध शराब पीने के कारण 23 लोगों की मौत हो गई। गुजरात का आंकड़ा बताता है कि 2014 और 2016 के बीच में 177 लोगों की मृत्यु अवैध शराब पीने के कारण हुई है।

## सराहनीय है दिल्ली में हर 100 मीटर की दूरी पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़कों पर प्रत्येक एक सौ मीटर की दूरी पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया गया है। इनकी निगरानी के लिए एकीकृत नियंत्रण केंद्र भी बनेगा।

घोषणा के साथ ही इस काम को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए जरूरी उपाय किए जाने की जरूरत है, जिससे कि दिल्ली की सड़कें अपराध मुक्त बन सकें। यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में राजधानी की सड़कों पर अपराध बढ़े हैं। कई सड़कों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

सूनसान सड़कों पर दिल्ली पुलिस के जवान नजर नहीं आते हैं जिसका फायदा अपराधी उठाते हैं। भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर भी झपटमारी, लूट, छेड़खानी जैसी अपराधिक घटनाएं होती रहती हैं। सीसीटीवी कैमरे लगने से सड़कों की बेहतर तरीके से निगरानी हो सकेगी।

यदि कोई अपराधिक घटना होती



है तो अपराधी को पकड़ने में आसानी होगी। इससे अपराधियों में डर होगा और लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे। इसे ध्यान में रखकर दिल्ली सरकार ने पूरी दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने की घोषणा की थी।

अबतक ढाई लाख से ज्यादा कैमरे लग चुके हैं, लेकिन बड़ी सड़कों पर इसका अभाव है। अब इस कमी को दूर करने की तैयारी है। आने वाले समय में राजधानी की सभी सड़कों पर कैमरे लग जाएंगे। इससे अपराध रोकने और यातायात नियमों का पालन कराने में मदद मिलेगी साथ ही सड़कों का रखराव बेहतर तरीके से हो सकेगा।

- अपराध रोकने और यातायात नियमों का पालन कराने में मदद मिलेगी साथ ही सड़कों का रखराव बेहतर तरीके से हो सकेगा
- भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर भी झपटमारी, लूट, छेड़खानी जैसी अपराधिक घटनाएं होती रहती हैं

अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की जानकारी आसानी से मिल जाएगी जिससे उसे दुरुस्त करने के लिए समय रहते कदम उठाए जा सकेंगे। कैमरे लगाने के साथ ही उनके रखरखाव के लिए उचित प्रबंध किए जाने चाहिए। इसके अभाव में कई स्थानों पर कैमरे खराब पड़े रहते हैं।

## सेना का अफसर बन कारोबारी से साढ़े 10 लाख ठगे

नई दिल्ली। शाहदरा के सैनी एन्क्लेव निवासी एक कारोबारी से साढ़े 10 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने सेना का अफसर बनकर कारोबारी की फैक्टरी से सामान खरीदने के बहाने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर सोमवार को शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पीड़ित 33 वर्षीय मयंक जैन परिवार के साथ शाहदरा के सैनी एन्क्लेव में रहते हैं। नीमराना फेज-एक में उनकी रबर पाइप की फैक्टरी है। मयंक के अनुसार, वह अपनी फैक्टरी में मौजूद थे तभी उनके पिता रविंदर जैन का फोन आया। उन्होंने बताया कि अभी एक आर्मी अफसर का फोन आएगा, जिसे रबर पाइप देनी है। भुगतान के लिए उसके सिस्टम में अपना बैंक खाता सक्रिय करना है, जिसके लिए उसके बैंक खाते में पांच रुपये भेजना है। मयंक ने पिता को समझाया कि ऐसा कोई सिस्टम नहीं होता है। इसके 15 मिनट बाद ही कुणाल चौधरी का फोन आया। उसने कहा कि आपके पिता से बात हुई थी।

## जोड़ों के ट्यूमर की बीमारी से पीड़ित युगांडा निवासी को दिल्ली में मिली राहत



- अस्पताल में हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डा. राजू वैश्य ने कहा कि मरीज को सिनोवियल चोंड्रोमैटोसिस बीमारी थी
- इस मरीज के दाएं कूल्हे के जोड़ के पास 100 से अधिक ट्यूमर विकसित हो गए थे जिससे उनका कूल्हा खराब हो गया था

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

अपोलो अस्पताल के डाक्टरों ने जोड़ों के ट्यूमर की दुर्लभ बीमारी से पीड़ित युगांडा निवासी 50 वर्षीय मरीज को कूल्हा प्रत्यारोपित कर नया जीवन दिया है। सर्जरी 16 जून को हुई थी। सर्जरी के बाद छड़ी के सहारे चलने में सक्षम होने पर मरीज युगांडा लौट चुका है।

अस्पताल में हड्डी रोग विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डा. राजू वैश्य ने कहा कि मरीज को सिनोवियल चोंड्रोमैटोसिस बीमारी थी। इस बीमारी का कारण अब तक पता नहीं है। पुरानी चोट भी इसका कारण हो सकता है। इस बीमारी में हड्डियों के जोड़ों के मेम्ब्रेन पर असर पड़ता है जिससे जोड़ों के आसपास पथरी जैसे ट्यूमर बन जाते हैं। अधिकांश मामलों में यह बेनाइन होता है, लेकिन कुछ मामलों यह कैंसर में भी तब्दील हो जाता है।

इस मरीज के दाएं कूल्हे के जोड़ के पास 100 से अधिक ट्यूमर विकसित हो गए थे जिससे उनका कूल्हा खराब हो गया था। यह दुर्लभ मामला था। मरीज को असहनीय दर्द होता था। वह चल पाने में भी सक्षम नहीं थे। इसलिए इलाज के लिए यहां पहुंचे तो उन्हें कूल्हा प्रत्यारोपण कराने की सलाह दी गई। उसके बाद 16 जून को उनकी सर्जरी कर कूल्हा प्रत्यारोपित किया गया।

अस्पताल में 13 दिन रहने के बाद मरीज को 29 जून को छुट्टी दे दी गई। डा. राजू वैश्य ने कहा कि सिनोवियल चोंड्रोमैटोसिस बीमारी पुरुषों को अधिक होती है। महिलाओं को यह बीमारी होने का जोखिम कम होता है। 30 से 50 वर्ष की उम्र के लोगों में यह बीमारी अधिक होती है। मालूम हो कि कुछ दिन पहले इसी अस्पताल में पाकिस्तान की एक लड़की की भी आपरेशन किया गया था। इस लड़की की गर्दन 90 डिग्री मुड़ी हुई थी। डाक्टरों ने उसका आपरेशन करके उसे सीधा कर दिया था। उसके बाद वो पाकिस्तान वापस चली गई थी। ये भी अपने तरह का अनूठा आपरेशन था।

## कुछ माह में 40 पार्किंग शुरू करने की योजना बना रहा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

राजधानी में रिहायशी से लेकर बाजारों में पार्किंग की समस्या खत्म करने के लिए अगले कुछ माह में 40 पार्किंग शुरू करने की योजना बना रहा है। इस योजना के तहत उन स्थलीय (सरफेस) पार्किंग को शुरू किया जाएगा जो विभिन्न कारणों से या को आवंटित नहीं हो पाई थी यहां फिर संचालन में नहीं थी। इनके शुरू होने से रिहायशी इलाकों में पार्किंग की समस्या का समाधान हो जाएगा। निगम के मुताबिक इससे दिल्ली को करीब छह हजार वाहनों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। दिल्ली नगर निगम के लाभकारी परियोजना विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि



इस समय निगम की करीब 80 सरफेस पार्किंग संचालन से बाहर हैं। इसमें कुछ पार्किंग मुफ्त पार्किंग के रूप में चल रही है कुछ पार्किंग खाली पड़ी है। ऐसे में हम 80 में 40 सरफेस पार्किंग को शुरू करने पर काम कर रहे हैं। जिससे कम से कम पांच हजार चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसके सफल होने पर यह पार्किंग शुरू हो जाएगी। निगम के पास बहुत सारी ऐसी पार्किंग हैं जिसका संचालन बंद होने की वजह से वहां पर गंदगी बढ़ गई है। पूर्वकालिक उत्तरी और दक्षिणी निगम में कई ऐसी पार्किंग हैं जिनका टेंडर खत्म हो गया, लेकिन समय रहते निगम के अधिकारी इसका आवंटन फिर से नहीं कर पाए। इससे निगम को राजस्व का नुकसान तो हो ही रहा है बल्कि गंदगी भी बढ़ गई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर समझौते के तहत यह पार्किंग चल रही थीं जहां अब लोग कूड़ा फेंकने लगे हैं। साथ ही इसे असमाजिक तत्वों द्वारा खुले में शौच के लिए भी उपयोग किया जा रहा है।

अनधिकृत कालोनियों में पार्किंग की समस्या निगम की रिहायशी कालोनियों के आस-पास बनी सरफेस पार्किंग का लाभ इन कालोनियों के लोगों को सर्वाधिक मिलता है। इन कालोनियों में संकरी गलियों के चलते लोगों के पास चार पहिया वाहनों के खड़े करने की पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में लोग निगम से अधिकृत पार्किंग का उपयोग करना ज्यादा सुविधा जनक समझते हैं।

इन 40 पार्किंग में कई ऐसी पार्किंग हैं जो इन कालोनियों के आस-पास बनी है। इनका संचालन न होने की वजह से इन कालोनी वासियों का काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

## केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की पोल 12वीं और 10वीं के नतीजों ने खोल कर रख दी:अनिल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ० अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा पीटने वाले मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की पोल इस वर्ष के 12वीं और 10वीं के नतीजों ने खोल कर रख दी है। सर्जरी की सफलता की अपेक्षा किया है। दूसरे राज्यों में दिल्ली शिक्षा मॉडल का झूठा बखान करने वाले केजरीवाल की खोखली शिक्षा नीति ही परिणाम हुआ कि दिल्ली 10वीं के रिजल्ट में टाप-10 से बाहर रही और रीजन के मुताबिक 12वीं के रिजल्ट में 4 और 5वें स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही चिंताजनक है कि 2007 के बाद इस वर्ष



10वीं का 81.36 प्रतिशत रिजल्ट सबसे खराब रहा है। चौ० अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में दिल्ली के सरकारी स्कूलों के खराब प्रदर्शन पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है। जहां 10वीं का परिणाम में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का प्रतिशत 81.36 प्रतिशत रहा वहीं केंद्र सरकार के केन्द्रीय विद्यालयों का रिजल्ट 99.48 प्रतिशत, जवाहर नवोदय विद्यालय का रिजल्ट 99.99 प्रतिशत रहा और दिल्ली के निजी स्कूलों 95.99 प्रतिशत तक केजरीवाल के स्कूलों से कहीं रहा। उन्होंने कहा कि एक-एक करके केजरीवाल के सभी दावे झूठे और खोखले साबित हो रहे हैं। चौ० अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली मॉडल ऑफ एजुकेशन एंड हेल्थ केयर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचने का जो दावा करते थे उसकी सच्चाई 10वीं के परिणाम और कोविड महामारी लॉकडाउन स्वास्थ्य क्षेत्र में विफलताओं के बाद दिल्लीवासियों के सामने पूरी तरह उजागर हो चुकी है।

**मुसीबत** कोरोना की संक्रमण दर बढ़कर हुई 8 .18 प्रतिशत, दो की मौत

## डायरिया और डेंगू भी बढ़ा रही मुसीबत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली-एनसीआर में कोरोना वायरस और मंकीपॉक्स के अलावा डायरिया और डेंगू भी लोगों की मुसीबत बढ़ा रहा है। ऐसे में दिल्ली-एनसीआर के करोड़ों लोगों को इन चारों ही खतरों से बचकर रहने की जरूरत है।

अगर लापरवाही बरती गई तो ये चारों की खतरें जानलेवा साबित हो सकते हैं। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद समेत एनसीआर के शहरों में भी कोरोना वायरस, मंकीपॉक्स, डायरिया और डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं। जहां दिल्ली में मंकीपॉक्स का मामला सामने आया है तो बारिश के बाद डायरिया और डेंगू के मामले भी बढ़ रहे हैं।

कोरोना की संक्रमण दर बढ़कर हुई 8.18 प्रतिशत, दो की मौत राजधानी दिल्ली में कोरोना की संक्रमण दर 5.57 प्रतिशत से बढ़कर 8.18 प्रतिशत हो गई। हालांकि, रविवार को अवकाश होने के कारण कम जांच होने से सोमवार को मामले कम रिपोर्ट हुए। सोमवार को कोरोना



के 463 नए मामले आए। एक दिन पहले 729 मामले आए थे। तब 13,000 से अधिक सैंपल की जांच हुई थी। रविवार को 5657 सैंपल की जांच हुई। 24 घंटे में 609 मरीज ठीक हुए और दो की मौत हो गई। इस माह अब तक कोरोना के कुल 14,081 मामले आ चुके हैं और 42 मरीजों की मौत हो चुकी है। मौजूदा समय में कोरोना के 2548 सक्रिय मरीज हैं। जिसमें से 146 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। पांच मरीज वेंटिलेटर और 27 मरीज आक्सीजन सपोर्ट पर हैं। ऐसे ही हाल एनसीआर के जिलों का है। डेंगू के मामले में दक्षिणी दिल्ली इलाके के हालात चिंताजनक राजधानी दिल्ली में एक सप्ताह में भले ही डेंगू के एक और मलेरिया के चार मरीजों की पुष्टि हुई है, लेकिन सर्वाधिक चिंताजनक बात दक्षिणी दिल्ली इलाके के लोगों के लिए है। दक्षिणी दिल्ली के चार में से दो जोन में डेंगू के सर्वाधिक मरीज मिले हैं। पश्चिमी और नजफगढ़ जोन में जनवरी से अब तक 10-10 मरीज हो चुके हैं। दक्षिणी जोन में एक भी मरीज की पुष्टि नहीं हुई है और मध्य जोन में एक ही मरीज मिला है। चूंकि नजफगढ़ और पश्चिमी जोन में सर्वाधिक मरीज सामने आ रहे हैं, इसलिए स्थिति चिंताजनक है।

शाहदरा साउथ जोन में सामने आ चुके हैं सात मरीज निगम के पूर्वी क्षेत्र में दो जोन हैं। इसमें शाहदरा नार्थ में छह तो शाहदरा साउथ में सात मरीज सामने आ चुके हैं। निगम के उत्तरी दिल्ली क्षेत्र के छह जोन में सर्वाधिक मरीज रोहिणी जोन में सामने आए हैं। यहां अब तक छह मरीजों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि केशवपुरम और सिविल लाइंस में चार-चार, नरेला में तीन, सिटी एसपी और करोलबाग जोन में दो-दो मरीजों की पुष्टि हुई है। एक सप्ताह में मलेरिया के जो चार नए मरीजों की पुष्टि हुई है, उसमें दो मामले उत्तरी दिल्ली क्षेत्र के सिविल लाइंस जोन से ही आए हैं। एक मरीज करोलबाग से है और दूसरे मरीज के पते की पुष्टि नहीं हुई है। इस वर्ष डेंगू के अब तक 159 मरीज दर्ज हुए हैं। इसमें 54 मरीज निगम क्षेत्र के हैं और तीन मरीज एनडीएमसी इलाके से हैं। 102 मरीजों के पते की पुष्टि नहीं हुई है।

## उच्च न्यायालय नेदिल्ली सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरकारी वकीलों के रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ उन्हें उच्च वेतनमान देने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की खंडपीठ बिना किसी मुकदमे के 5-12 साल से जेल में बंद विचाराधीन कैदियों के मुद्दे पर स्वयं संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है।

सुनवाई के दौरान न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव के विरमानी ने मामले में उठाए गए मुद्दों की प्रगति और समय-समय पर हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में न्यायालय को अवगत कराया। विरमानी ने बताया कि अपने अध्ययन और राजधानी की जिला अदालतों के दौरे के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमियों को पाया। उन्होंने कहा निचली अदालतों में सरकारी वकीलों की भारी कमी है। उन्होंने अदालत को बताया कि हर तीन अदालतों के लिए एक वकील है। अदालत ने सरकार को इस पर गौर करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि बुनियादी ढांचे के मुद्दे पर कुछ





काम किया गया है, हालांकि अदालतों में वकीलों के लिए बैठने के बुनियादी ढांचे की वर्तमान स्थिति को दर्शाने वाली कोई स्थिति रिपोर्ट नहीं है।

अधिवक्ता विरमानी के सरकारी वकीलों की रिक्तियों के बैकलॉग का मुद्दा उठाने पर दिल्ली सरकार के वकील ने मामले में समय मांगा। कोर्ट ने पहले निर्देश दिया था कि सहायक लोक अभियोजकों के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया के साथ-साथ अतिरिक्त लोक अभियोजकों की भर्ती नियमों के अनुसार की जाए। अदालत ने सभी तथ्यों को देखने के बाद दिल्ली सरकार के वकील को वकीलों की रिक्तियों और उन रिक्तियों को भरने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों के संबंध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा स्थिति रिपोर्ट में उच्च वेतनमान प्रदान करने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों की भी जानकारी मांगी है। अदालत ने मामले की सुनवाई 16 सितंबर तय की है।

- विरमानी ने बताया कि अपने अध्ययन और राजधानी की जिला अदालतों के दौरे के दौरान, उन्होंने विभिन्न कमियों को पाया
- अधिवक्ता विरमानी के सरकारी वकीलों की रिक्तियों के बैकलॉग का मुद्दा उठाने पर दिल्ली सरकार के वकील ने मामले में समय मांगा

## संक्षिप्त खबरें

### रजत भार्गव ने वार्ड गुरूग्राम स्थित 26 में किया कांवड़ियों का स्वाभगत



गुरुग्राम। गुरुग्राम के वार्ड 26 से गुजरने वाले सभी कावड़ियों का पुरजोर तरीके से स्वागगत किया गया। भाजपा विदेश सम्पर्क विभाग के प्रदेश महामंत्री रजत भार्गव ने कांवरियों के स्वागत और सेवा के लिए जिस तरीके से सामने आए उससे कांवरियों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। उमंग और उल्लासमय वातावरण के बीच जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता तथा फल वितरित किए और टी-शर्ट भी बांटे उल्लासस देखते ही बन रहा था। इस मौके पर रजत भार्गव ने श्रावण मास की शिवरात्री की सभी गुरूग्राम वासियों को तहेदिल से बधाई और भगवान से इच्छु जाहिर की सभी की मंगलकामना पूरी हो। इस मौके पर रजत भार्गव के साथ भाजपा हरियाणा एनआरआई सेल के प्रदेशअध्यरक्ष संदीप देसवाल भी मौजूद थे।

# सबका साथ, सबका विकास फार्मूले पर काम कर रही मोदी सरकार: शहनवाज

शैलेश गुप्ता, प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं बिहार राज्य के उद्योग मंत्री शहनवाज हुसैन सैयद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ, सबका विकास फामूर्ले पर काम कर रही है। समाज का कोई भी वर्ग अपने आपको विकास की धारा से अछूता ना समझे इसी को लेकर हम सभी को एक टीम वर्क की तरह काम करना होगा।

अल्पसंख्यक महिला सशक्तिकरण विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत की अर्थ व्यवस्था में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान हैं। हुसैन मंगलवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा के गुरुकमल प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने की। इस मौके उनके साथ एसएम अकरम, ऐजाज देशमुख प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र व जीजी जोसेफ, प्रदेश अध्यक्ष केरल उपस्थित थे। हुसैन ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के स्वास्थ्य और बच्चों में बढ़ते कुपोषण पर ऐतिहासिक काम किया है।

महिलाओं को पहले दूर-दूर से सिर पर रखकर पानी लाना पड़ता था, लेकिन मोदी सरकार हर घर में जल पहुंचाकर महिलाओं को परेशानियों से मुक्ति दिला रही है। उन्होंने कहा पहले महिलाओं को शौच के लिए घर से बाहर जाना पड़ता था जिससे उन्हें काफी दिक्कतें होती है जिसे मोदी सरकार ने घर-घर शौचालय बनाकर महिलाओं का सम्मान किया है। हुसैन ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का अभियान पीएम मोदी ने हरियाणा की धरती पानीपत से शुरू किया था। इसका परिणाम देखने को मिल

**संबोधन**

- महिलाओं को बराबरी का हक मिले यही सरकार का लक्ष्य

रहा है कि हरियाणा में बेटिया खेलों में अपने देश और प्रदेश का नाम कर रही है। संविधान के 73वें व 74वें संशोधन में सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजीव जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान अल्पसंख्यक मोर्चा, दिल्ली प्रदेश प्रभारी वह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संयोजक जाकिर हुसैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश प्रदेश प्रभारी सईद अहमद, रहीश, ताहिर, वसीम अकरम, रिजवा, मनोज यादव, असलम, अल्ताफ, लियाकत आदि भी उपस्थित रहे।

### संविधान में अल्पसंख्यकों के अधिकार सुरक्षित: चौधरी

प्रशिक्षण शिविर के तीसरे सत्र के वक्ता पूर्व मंत्री वीपी चौधरी रहे। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं का योगदान के विषय पर बोलते हुए कहा कि संविधान से हमें विचारों की आजादी, अपनी पूजा पद्धति की आजादी के अलावा अन्य सुविधाएं मिली हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव ना हो इसके लिए संविधान में अधिकार सुरक्षित किए गए हैं। संविधान निमार्ताओं ने अल्पसंख्यकों को ध्यान रखकर कानून बनाएं ताकि किसी के साथ अन्याय नहीं हो सके। चौधरी ने अल्पसंख्यकों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# बिना तिरंगा लहराए कोई घर ना रह जाए: नवीन गोयल



गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- 13 से 15 अगस्त 2022 तक शहर को कर दें तिरंगामय

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मंगलवार को महाशिवरात्रि पर्व के दिन कारगिल विजय दिवस पर मेयर मधु आजाद की अध्यक्षता और भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश संयोजक संदीप देशवाल की उपस्थिति में शहीदों को नमन किया। यहां स्वतंत्रता सेनानी हॉल परिसर में बने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाया गया। इस दौरान गुरुग्रामवासियों से आगामी 13 से 15 अगस्त के बीच घरों पर तिरंगा लहराने की भी अपील उन्होंने की। नवीन गोयल ने कहा कि कारगिल युद्ध में विजय पताका लहराने वाले शहीदों को नमन किया, जिनके अदम्य साहस व बलिदान केकारण हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने गुरुग्राम वासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आह्वान पर आने वाली 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। साथ ही सभी आगामी 5 अगस्त से 15 अगस्त तक उनके कार्यालय-640पी सेक्टर-38 गुरुग्राम से अपने घर के लिए झंडा ले सकते हैं। इस अवसर पर जगदीश सिक्का, कैनविन फॉउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सोनू तायल, रजनीश राठी, अमन हुड्डा, बाली पंडित, गगन गोयल, ललित क्रांतिकारी, कमांडर उदयवीर यादव, विजयपाल यादव, हरकेश प्रधान, ईशू वाल्मीकि, हरीश यादव, राजेन्द्र प्रधान, योगेश शर्मा आचार्यपुरी, पारस बक्शी, सन्दीप भारद्वाज, सन्तोष ठाकुर, रतन लाल गुप्ता, बलबीर गुप्ता समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# शौर्य दिवस के रूप में सैनिकों की शहादत को किया याद: सर्वप्रिय त्यागी

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



भाजपा युवा मोर्चा ने कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रुप में मनाते हुए तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष भाजयुमो सर्वप्रिय त्यागी ने बताया इस तिरंगा यात्रा को विजय टैंक सिविल लाइन से शुरू कर राजीव चौक ले जाया गया और राजीव चौक से लाकर जोन हॉल शहीद स्मारक पर समापन किया।

आज इस यात्रा में कई सौ युवाओं ने भाग ले अपनी देश भक्ति का परिचय दिया। यह यात्रा आज पूरे देश में विजय उत्सव दिवस के रूप में मनाई गई है 2 महीने चला कारगिल का युद्ध जिसमें 528 सैनिकों ने अपनी शहादत दी। वही इस युद्ध में 2800 पाकिस्तानी मारे गए और कई सौ पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया, देश का युवाओ ने उन शहीद सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया, इस यात्रा के माध्यम से युवाओं ने जाना कि सैनिकों ने कितनी मेहनत से और तत्कालीन सरकार की कुशल रणनीति से इस युद्ध को लड़ा और विजय पाई। यह यात्रा आज ढोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई और भारत मां के नारे से सब कुछ गूंज उठा, भारत का वीर सैनिक अपने परिवार की परवाह न करते हुए देश की सुरक्षा और मातृभूमि की रक्षा के लिए सीमा पर अपनी सेवाएं देते है देश की सुरक्षा में सैनिकों को प्रथम नागरिक के रूप में देखा जाता है और उनके द्वारा सेवा देश के युवाओं में देशभक्ति की प्रेरणा लाती है आज इस कार्यक्रम में जिला महामंत्री भाजयुमो सचिन देवतवाल, नीरज यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद यादव, इंद्रजीत यादव, जिला उपाध्यक्ष सोनू सैनी, मनीष उल्लाहवास, हितेश भारद्वाज, जिला सचिव अमित यादव, कार्यकारिणी सदस्य मनीष यादव, राजन चौहान, हेमंत गुप्ता, विकास देवतवाल, पोलजीत यादव, राहुल देवतवाल, श्याम त्रिपाठी, शैलेंद्र चौहान, कपिल त्यागी, मीडिया प्रभारी जितेंद्र राणा सह मीडिया प्रभारी पवन यादव, कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता मंडल अध्यक्ष मनीष सैनी, सचिन त्यागी, प्रवीण यादव, विक्रांत यादव, अमित पहलवान, वरदान मनचंदा, तरुण राघव और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा शासन में रिकॉर्ड बना रही महंगाई व बेरोजगारी: विरेंद्र

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



बादशाहपुर विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके विरेंद्र यादव उर्फ बिल्लू राव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी की स्थिति बेहद ही चिंताजनक है। जो प्रदेश हर क्षेत्र में नंबर वन रहता था, आज वहीं प्रदेश भाजपा के शासन काल में पिछड़ता जा रहा है। न तो युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा का प्रावधान है और न ही रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के नित नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

सरकारी जनविरोधी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रदेश वर्षो पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार देने का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार ने कोरोना काल में युवाओं के हाथों से रोजगार छीन लिए। बेरोजगार में प्रदेश नंबर वन बन गया है। महंगाई और भ्रष्टाचार पर तो लगाम लग ही नहीं रही है। युवाओं का भविष्य अंधकार मय हो गया है। सरकार साजिश के तहत प्रदेश में रोजगार खत्म कर रही है।

सरकार निजीकरण व ठेका प्रथा को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि बादशाहपुर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। बारिश में सडकों पर जलभराव हो जाता है। सडकें तालाब जैसा रुप ले लेती हैं। सीवर जाम पड़े हुए हैं और पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे न केवल गंदगी पनपती है, बल्कि संक्रामक बीमारियां फैलने का भय बना रहता है। भाजपा-जजपा सरकार के शासन में हर वर्ग परेशान है।

# भारत तिब्बत सहयोग मंच ने भोले बाबा का किया जलाभिषेक

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए श्रावण संकल्प के तहत भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल के सानिध्य में और हरियाणा प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल की अध्यक्षता में शिवरात्रि पर्व पर श्री कृष्ण मंदिर झाड़सा (गुरुग्राम) में भोले बाबा के मंदिर में दर्शन और गंगाजल से विधिवत पूजन कर शिवलिंग का अभिषेक किया गया।

भारत तिब्बत सहयोग मंच के सभी सम्मानित कार्यकताओं ने कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति के लिए श्रावण संकल्प लिया व जनमुहिम चलाने का निश्चय किया। भारत तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक इंद्रेश और राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के आह्वान पर 5 जून से 12 अगस्त तक चलने वाले पौधारोपण अभियान के तहत श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण किया। उनकी देखभाल करने का वचन भी लिया। इसके बाद राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल ने आगामी 19 से 24 नवंबर के बीच आयोजित तवांग यात्रा के संबंध में जानकारी दी। प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि भोले बाबा की आशीर्वाद हम सब पर हो, इस पूजन कार्यक्रम में आराधना की गई।

- कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति की करी कामना

कैलाश मानसरोवर की चीन से मुक्ति के लिए भारत तिब्बत सहयोग मंच की ओर से लगातार सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। देश में जागरुकता के साथ सरकारों से भी मजबूती से मांग की जा रही है। मंच इस कार्य में शत-प्रतिशत सफल होगा। मंगलवार को मंदिर में पूजन और शिव लिंग के अभिषेक के दौरान बाद राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल, प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल, अजय जैन, युधिष्ठिर कौशिक, गिरीश सिंघल, निशान्त अहलावत, प्रतीक यादव, नमन गोयल, अनूप तंवर व अन्य साथी मौजूद रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर वीर बलिदानियों को राजबाला यादव का नमन



गुरुग्राम। कारगिल विजय दिवस पर वार्ड नं-13 गुरुग्राम से समाज सेविका राजबाला यादव रोजी ने देश की रक्षा करने मे अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन करते हुए कविता भी गुनगुनाई। करो याद भारत के वीर जवानों को कारगिल की चोटी पर लहराया तिरंगा उन देश भक्तों की कुबार्नी को। दुश्मन के सैनिकों को मार गिराया नाकामयाब किया उनकी चालों को। हम हैं वो हिंदुस्तानी जो दिलों मे हौशलों का जज्बा रखते हुए पानी से भी दिए जलाने का हुनर, रेगिस्तान मे फूल खिलाने का हौशला रखते हैं। शरीर से आती है वतन की मिट्टी की खुशबू वो हैं हम हिदुस्तानी। राजबाला यादव रोजी ने कहा आज रात हम सैनिकों की हौशला अफजाई के लिए दिए जलाएंगें।

# शक्ति केंद्र प्रमुखों का प्रशिक्षण 3 अगस्त को: गार्गी कक्कड़

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



भाजपा के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि 3 अगस्त को भाजपा गुरुग्राम जिले के सभी 275 शक्ति केंद्र प्रमुखओं का प्रशिक्षण जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय गुरु कमल सेक्टर 30 गुरुग्राम में होगा। एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कुल 4 सत्र रहेंगे। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण वक्ता प्रदेश नेतृत्व से रहेंगे। प्रशिक्षण की तैयारी के साथ ही 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने पिछले कई दिनों से लगातार जिला पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चे, प्रकोष्ठ, विभाग, निगम के पार्षद, के साथ बैठकें कि बैठक में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कार्यकताओं से कहा कि वह सभी अपने-अपने क्षेत्र में एनजीओ, धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, आरडब्लूए, आम जनमानस के साथ संपर्क कर सभी को सम्मिलित कर एक साथ मिलकर कर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं इसके साथ ही सभी कार्यकर्ता अपने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप ग्रुप, इंस्टाग्राम, पर हेसटैग तिरंगा अभियान चलाएं। आओ मिलकर 13 से 15 अगस्त तिरंगा लहराने के लिए अभियान चलाएं और आजादी के अमृत महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# कांवड लेने गए व्यक्ति की हुई रहस्यमय परिस्थितियों में मौत

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

- मेरठ में ही मृतक का हुआ पोस्टमार्टम, परिजनों ने साथियों पर जताया शक

हरिद्वार कांवड लेने गए फरीदाबाद में रहने वाले वाले व्यक्ति की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक अपने साथियों के साथ डाक कांवड लेने के लिए गया था। मेरठ में व्यक्ति की मौत हो गई और वहां ही उसका पोस्टमार्टम कर दिया। मंगलवार सुबह फरीदाबाद मृतक व्यक्ति का शव लाया गया, जिस पर परिजनों ने आरोप लगाया कि बिना परिजनों की मर्जी के मृतक का पोस्टमार्टम क्यों कर दिया गया।

थाना प्रभारी ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी मेरठ के थाने में बात हो गई है। मृतक का पोस्टमार्टम हुआ है या नहीं इसकी पुष्टि के लिए बादशाह खान अस्पताल में डाक्टरों की टीम जांच करेगी। नहरपार इंद्रा काम्पलैक्स में रहने वाला डा. रजनीश उर्फ कालू अपनी तीन बच्चों और बूढ़े माता-पिता के साथ किराए पर रहता है और डाक्टर की दुकान चलाता है। बीती 22 जुलाई को वह कालोनी के ही कुछ लोगों के साथ डाक कांवड लेने ले लिए गया था।

हरिद्वार में वह अपने साथियों के साथ बिछड़ गया, जिसकी सूचना उसके साथियों ने उसके परिजनों को दी थी। मृतक के ममेरे भाई आकाश ने बताया कि परसों रात उसकी रजनीश से बात हुई थी और उसे कैंटर में हाथ बांध कर रखा गया था। उन्होंने कहा कि अगर उसकी तबीयत खराब हो रही थी तो उसके साथियों ने उसे अस्पताल में दाखिल क्यों नहीं करवाया। कांवडियों के लिए जगह- जगह एम्बुलेंस व चिकित्सा सेवा उपलब्ध है, लेकिन उसके साथियों ने लापरवाही बरती और उसकी मौत हो गई।

हैरानी की बात तो यह है कि बिना परिजनों की मर्जी के उसका पोस्टमार्टम करवाकर लाश को आज यहां थाना खेडीपुल पर भेज दिया। अब परिजन इस मामले में आशंका जाहिर कर है कि उसके साथियों की लापरवाही से कालू की मौत हुई है। वहीं इस मामले में थाना खेडीपुल प्रभारी का कहना है कि जहां मृतक की मौत हुई है, उस क्षेत्र के दरोगा से उनकी बात हुई है, उन्होंने पोस्मार्टम करवाने के लिए परिजनों को सूचित किया था, लेकिन परिजनों के दूर होने पर एक प्रक्रिया होती है, और समय सीमा के अंदर पोस्टमार्टम करना होता है।

# बोधराज से बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप विजेता यतिंद्र सिंह ने लिया आशीर्वाद

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



मालदीव में आयोजित बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता के 85 किलोग्राम वर्ग में जहां एक ओर स्वर्ण पदक कर चुके, वहीं दूसरी ओर एशिया के चैंपियन ऑफ चैंपियंस चुने गए यतिंद्र सिंह शिवरात्रि महापर्व व कारगिल विजय दिवस के अवसर पर हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी से मिलने पहुंचे और आशीर्वाद लिया।

समाजसेवी बोधराज सीकरी का कहना है कि नगर निगम पार्षद आरती यादव के पति अनिल यादव के माध्यम से मिलने पहुंचे यतिंद्र सिंह ने अपनी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। यतिंद्र अनेकों पदक हासिल कर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। सीकरी ने कहा कि मात्र 2 प्रतिशत जनसंख्या वाला हरियाणा प्रान्त अपने गुरुओं की धरा से 40 प्रतिशत से अधिक खिलाड़ी राष्ट्र को दे चुका है, जिनमें से यतिंद्र सिंह एक हैं।

यह गुरुग्राम, हरियाणा प्रान्त और राष्ट्र के लिए गर्व की बात है और आने वाले समय में फुकेट (थाईलैंड) में होने वाली वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में चयनित हो चुके है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यतिंद्र भविष्य में कड़ी मेहनत कर इसी प्रकार देश का नाम रोशन करता रहे तथा अन्य युवा भी यतिंद्र सिंह से प्रेरणा लेकर देश को बुलंदियों तक पहुंचाएं।

# मुख्यमंत्री की घोषणा होने से लेकर 45 दिन में काम हो शुरू, ऐसी व्यवस्था होगी : बबली

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

- पंचायत मंत्री ने गुरुग्राम में की ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मंगलवार को गुरुग्राम में विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने पंचायत विभाग से संबधित योजनाओं पर प्रगति का ब्यौरा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर कार्यों के अनुमान जल्द तैयार करके स्वीकृति के लिए मुख्यालय भिजवाएं। इस कार्य में देरी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि जब मुख्यमंत्री द्वारा किसी कार्य की घोषणा की जाती है तो लोगों को बहुत उमीद हो जाती है कि वह कार्य अब पूर्ण होगा।

उन्होंने अधिकारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर विकास कार्य समयबद्ध तरीके से करवाए जाएं। जो कार्य किसी कारणवश नहीं हो सकते, उसका कारण स्पष्ट करें। पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यालय पर मामला पहुंचने के बाद अधिकतम एक महीने में फाइल क्लीयर होगी। मुख्यालय पर कार्यो को स्ट्रीम लाईन कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि घोषणा होने से लेकर धरातल पर काम शुरू होने तक का समय 45 दिन हो, उस स्तर पर हम इस व्यवस्था को लेकर आना चाहते हैं। इस दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी काम ज्यादा समय तक अधर में लटका ना रहे, क्योंकि उससे खर्च की गई धनराशि बेकार जाती है। उस कार्य को पूर्ण करवाने के लिए अधिकारी रूचि लेकर काम करें। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम जिला के ग्रामीण क्षेत्र में मुख्यमंत्री की कुल 54 घोषणाएं थीं, जिनमें से 28 पूरी हो चुकी हैं। 19 पर कार्य प्रगति पर है और 7 घोषणाओं पर अभी कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास हो, ऐसी व्यवस्था वर्तमान सरकार करना चाहती है। गांवों का समुचित विकास करने का रोड मैप तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हम पुरानी व्यवस्थाओं को बदल रहे हैं और यह कार्य आपके सहयोग से ही संभव हो सकता है, इसलिए सभी अधिकारी गांवों में जाएं और ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार विकास कार्यों की योजना बनाएं। पंचायत मंत्री ने कहा कि गांवों में कई सरकारी बिल्डिंग बेकार पड़ी हैं, अब हमने उनका जीर्णोद्धार करके उनके सदुपयोग की योजना बनाई है। उन्होंने शुरूआती तौर पर गुरूग्राम जिला में हर ब्लॉक में एक ई-लाईब्रेरी का पायलेट प्रोजेक्ट शुरू करवाने के आदेश दिए और कहा कि जिम अथवा महिला संस्कृति केंद्र जरूरत के आधार पर ही बनवाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्राम पंचायतें नहीं हैं, इसलिए खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी गांवों में जाकर ग्राम सभा की बैठक बुलाए और लोगों से मांग लेकर विकास के काम करवाएं।

### श्रमिकों के कार्ड से कार फाइनेंस कराकर बेचने वाला गिरफ्तार

बल्लभगढ़। बाईपास सेक्टर-आठ ईएसआइ के कट से एक व्यक्ति को फर्जी दस्तावेज से कार फाइनेंस कराकर किसी को बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपित से एक कार भी बरामद की है। थाना सेक्टर-आठ पुलिस आगरा नहर के तिगांव पुल पर वाहनों की जांच कर रही थी, तभी एक मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि सेक्टर-आठ बाईपास ईएसआइ मोड़ पर गांव मिजार्पुर का रहने वाले सतेंद्र उर्फ सत्तो उर्फ विक्रांत एक कार बेचने के लिए खड़ा हुआ है। वह श्रमिकों के आधार कार्ड लेकर उसमें पता बदल कर फाइनेंस कराकर कार खरीदता है और फिर कार को महंगी किस्तों में बेच देता है। पुलिस ने मौके पर जाकर छापा मारा, तो आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम सतेंद्र उर्फ सत्तो उर्फ विक्रांत निवासी मिजार्पुर बताया। कार के नंबर एचआर-51 सीसी-6463 का साइबर सेल से पता निकलवाया तो ये कार राजेश बंसल निवासी गली-11 विनय नगर अगवानपुर सेहतपुर अमरनगर फरीदाबाद के पते पर फाइनेंस कराई हुई थी। जब पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तो गली नंबर-11 विनय नगर, अगवानपुर सेहतपुर अमरनगर फरीदाबाद में राजेश बंसल नामका कोई व्यक्ति नहीं रहता है और न ही पहले कभी रहा है। सत्तो ने पूछताछ करने पर बताया कि वह श्रमिकों को रुपये का लालच देकर उनके आधार कार्ड ले लेता है।

# सरकारी संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही केंद्र सरकार : राजेश यादव

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता



कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश यादव बादशाहपुर ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ईडी-सीबीआई जैसी सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर कांग्रेस की अध्यक्षा सोनिया गांधी, राहुल गांधी को परेशान कर रही है। सरकारी संस्थाओं के माध्यम से विपक्ष की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है।

भाजपा सरकार अपनी विफलताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए सरकारी एजेंसियों का भय दिखाया जा रहा है। मंगलवार को जिस प्रकार से कांग्रेस के नेताओं को परेशान किया गया, वह पूरे देश ने देखा है। आने वाले समय में देश की जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस को सत्ता सौपेंगी। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों को बंद नहीं करती है तो विपक्ष सडकों पर उतरकर देशवासियों के हितों की रक्षा करने के लिए आंदोलन करता रहेगा। राजेश यादव ने कहा कि ईडी-सीबीआई भाजपा के निर्देश पर काम कर रही है। भाजपा सरकार ने जनता के साथ जो किया है, उसका आने वाले समय में जनता स्वयं परिणाम अवश्य देगी। उन्होंने कहा कि जहां पर भी भाजपा की सरकार है वहां भ्रष्टाचार, अराजकता, अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, अशिक्षा के मामलों में वृद्धि हुई है। भाजपा असली मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए देश में अनावश्यक मुद्दों की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करती आई है, जबकि देश की जनता कमरतोड महंगाई और भ्रष्टाचार से लगातार जूझ रही है। इस सरकार के पास इन समस्याओं के समाधान का कोई रास्ता नहीं है। भाजपा के लिए सत्ता और कुर्सी ही अहम है।

### कारगिल विजय दिवस विक्रम बत्रा की बहादुरी से परिचित हुए छात्र

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्रों को कैप्टन विक्रम बत्रा की बहादुरी और उनके जीवन पर छात्रों को अवगत कराया गया। शिक्षकों ने बताया की कैप्टन विक्रम बत्रा हिमाचल में जन्मे भारतीय सेना के एक जवान थे जिन्होंने कारगिल युद्ध में अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की। उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च वीरता सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात में स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने कारगिल युद्ध के दौरान अपनी मातृभूमि की खातिर बलिदान देने वाले महान आत्माओं को पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य ने कहा कि जिन्होंने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और दुश्मन के हमले से देश की रक्षा की।

## सम्पादकीय

# द्रौपदी मुर्मू से बहुत हैं उम्मीदें

द्रौपदी मुर्मू एक बहुत कठिन समय में देश के राष्ट्रपति का पद संभाल रही हैं। वर्तमान सरकार आने वाले समय में कुछ ऐसे संवैधानिक परिवर्तन करने की चेष्टा कर सकती है जो देश के संविधान निमार्ताओं की मूल भावना से सर्वथा असंगत होंगे। देश में अल्पसंख्यक समुदायों के राजनीतिक बहिष्कार की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और कोई आश्चर्य नहीं कि यह आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार के रूप में विस्तार प्राप्त करे। संविधान निमार्ताओं समेत स्वाधीनता संग्राम से मंज-तपकर निकले सिद्धान्तनिष्ठ और खरे राजनेताओं की उस पुरानी पीढ़ी ने (जिसे यह पता था कि हमारा लोकतंत्र कितना बहुमूल्य है) यह कल्पना तक नहीं की होगी कि राज्यपाल और राष्ट्रपति जैसे पद बहुत स्थूल व निम्नस्तरीय राजनीतिक उद्देश्यों की सिद्धि का माध्यम बन जाएंगे। यह कौन सोच सकता था कि इन गरिमामय पदों का उपयोग वयोवृद्ध नेताओं की सक्रिय राजनीति से स्वैच्छिक अथवा जबरन सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्वास के लिए होगा।

राज्यपालों और राष्ट्रपतियों की भूमिकाओं पर भी राजनीतिक रंग चढ़ा। केंद्र द्वारा उन राज्यों के लिए चयनित राज्यपाल जिनमें केंद्र में सत्तारूढ़ दल की उन राज्यों में भी सरकार थी, बड़ी शांति से ऐश्वर्यशाली जीवन और राजसी सुख सुविधाओं का आनंद लेते नजर आए किंतु जैसे ही विधानसभा चुनावों में सत्ता परिवर्तन हुआ और विरोधी दल की सरकार बनी उन्हें राज्यपाल के अधिकारों, कर्तव्यों और शक्तियों का सहसा ही स्मरण हो आया और वे राज्य सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने लगे। कुछ राज्यपाल केंद्र द्वारा विरोधी दलों द्वारा शासित राज्यों में इसीलिए भेजे गए थे ताकि वे राज्य सरकार को परेशानी में डाल सकें और उन्होंने यह काम बखूबी अंजाम भी दिया। राष्ट्रपतियों के साथ भी अनुकूलन की समस्या रही। किसी एक दल के कार्यकाल में नियुक्त राष्ट्रपति दूसरे दल का शासन आने पर असहज महसूस करते रहे और बमुश्किल उन्होंने बचा हुआ समय काटा। कुछेक अपवाद ऐसे रहे जब राष्ट्रपति ने नए सत्ताधारी दल के साथ न केवल अनुकूलन किया बल्कि उसके रंग में ऐसे रंगे कि उनका पैतृक राजनीतिक दल ही उनसे रूष्ट हो गया।

शायद संविधान निमार्ता राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के रूप में ऐसे विद्वान और विलक्षण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तियों को देखना चाहते रहे होंगे जो राजनीति में आ भी नहीं सकते थे और राजनीति को जिनकी आवश्यकता भी थी। उनका ज्ञान, अनुभव और मौलिक चिंतन राजनीति को बंधी बंधाई लीक से अलग हटकर एक नया फलक देता। संविधान निमार्ताओं के लिए यह कल्पना करना भी असंभव था कि इन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे किसी राजनीतिक दल के स्पष्ट पक्षधर के रूप में दिखाई दें और सरकारें बनाने-गिराने के खेल के निर्णायक के बजाय खिलाड़ी ही बन जाएं एवं इतिहास में यह लिखा जाए कि उन्होंने सक्रिय राजनीति में रहते हुए भी और राज्यपाल या राष्ट्रपति बनने के बाद भी अपने पैतृक दल के प्रति जमकर वफादारी दिखाई।

बहरहाल न्यू लो की जो अभिव्यक्ति आजकल अधिक प्रयुक्त हो रही है उसकी लोकप्रियता अकारण ही नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव की इस पूरी प्रक्रिया में आरोप-प्रत्यारोप का जो दौर चला वह इस ह्यन्यू लोह्ण को पाताल तल तक ले जाने को पर्याप्त है। द्रौपदी मुर्मू के रूप में देश को प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति का मिलना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है किंतु इसकी सकारात्मकता और इससे जुड़ी संभावनाओं पर चर्चा कम ही हो रही है। द्रौपदी मुर्मू के पारिवारिक जीवन में अनेक दुःखमय घटनाएं घटीं हैं किंतु वे अविचलित रहती हुई अपने कर्तव्यपथ पर डटी रही हैं। विधायक के रूप में उनकी सक्रियता को देखते हुए उड़ीसा विधानसभा में उन्हें वर्ष 2007 में सर्वश्रेष्ठ विधायक को दिया जाने वाला नीलकंठ पुरस्कार दिया गया था। बतौर झारखंड के राज्यपाल उन्होंने जून 2017 में रघुवर दास के नेतृत्व वाली अपने ही पैतृक दल की सरकार द्वारा भेजे गए सीएनटी-एसपीटी संशोधन विधेयक को वापस कर दिया था। उस समय तब के नेता प्रतिपक्ष और आज झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को धन्यवाद देते हुए कहा था कि राज्यपाल के इस कदम ने सिद्ध कर दिया है कि आदिवासियों के हित में चिंतन करने वाली आदिवासी राज्यपाल राजभवन में हैं।

राज्यपाल के रूप में उनके द्वारा लिए गए इस निर्णय से तत्कालीन भाजपा सरकार की बहुत किरकिरी हुई थी और कोई आश्चर्य नहीं कि आगामी विधानसभा चुनावों में यह निर्णय भी एक चुनावी मुद्दा बना। बाद में जब 2019 के अंत में हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री बने तब उनकी सरकार ने ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया जिसके माध्यम से राज्यपाल की शक्तियों में कटौती करने का प्रयास किया गया। तब राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने इसका विरोध किया और विधिक परामर्श लेना प्रारंभ किया किंतु तभी उनका कार्यकाल समाप्त हो गया। फिर भी उन्होंने हेमंत सोरेन को संवैधानिक व्यवस्थाओं के पालन करने का परामर्श अवश्य दिया। राज्यपाल के रूप में दलित और आदिवासी शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास भी चर्चित और प्रशंसित हुए। द्रौपदी मुर्मू एक बहुत कठिन समय में देश के राष्ट्रपति का पद संभाल रही हैं। वर्तमान सरकार आने वाले समय में कुछ ऐसे संवैधानिक परिवर्तन करने की चेष्टा कर सकती है जो देश के संविधान निमार्ताओं की मूल भावना से सर्वथा असंगत होंगे। देश में अल्पसंख्यक समुदायों के राजनीतिक बहिष्कार की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और कोई आश्चर्य नहीं कि यह आर्थिक और सामाजिक बहिष्कार के रूप में विस्तार प्राप्त करे।

# मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

आजादी के 75 वें साल में मैकाले की गुलामगीरी वाली शिक्षा पद्धति बदलने की शुरूआत अब मध्यप्रदेश से हो रही है। इसका श्रेय मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान और चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग को है। मैंने पिछले साठ साल में म.प्र. के हर मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मेडिकल और कानून की पढ़ाई वे हिंदी में शुरू करवाएं लेकिन मप्र की वर्तमान सरकार भारत की ऐसी पहली सरकार है, भारत की शिक्षा के इतिहास में जिसका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। भारत के प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री म.प्र. से प्रेरणा ग्रहण करें और समस्त विषयों की उच्चतम पढ़ाई का माध्यम भारतीय भाषाओं को करवा दें तो भारत को अगले एक दशक में ही विश्व की महाशक्ति बनने से कोई ताकत रोक नहीं सकती है। विश्व की जितनी भी महाशक्तियाँ हैं, उनमें उच्चतम अध्ययन और अध्यापन स्वभाषा में होता है। डाक्टरी की पढ़ाई मप्र में हिंदी माध्यम से होने के कई फायदे हैं। पहला तो यही कि फेल होनेवालों की संख्या एकदम घटेगी। दूसरा, छात्रों की दक्षता बढ़ेगी। 70-80 प्रतिशत छात्र हिंदी माध्यम से पढ़कर ही मेडिकल कॉलेजों में भर्ती होते हैं। इन्हें चिकित्सा-पद्धति को समझने में आसानी होगी। तीसरा, मरीजों की ठगाई कम होगी। चिकित्सा जादू-टोना नहीं बनी रहेगी। चौथा, मरीजों और डाक्टरों की बीच संवाद आसान हो जाएगा। पांचवा, सबसे ज्यादा फायदा उन गरीबों, पिछड़ों, अनुसूचितों के बच्चों को होगा, जो अंग्रेजी के चलते डॉक्टर नहीं बन पाते। मप्र सरकार के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास नारंग ने मेडिकल शिक्षा की किताबें हिंदी में तैयार करवाने के लिए जो कमेटी बनाई है, उससे मेरा सतत संपर्क बना रहता है। कुछ पुस्तकें मूल रूप से हिंदी में तैयार हो गई हैं और कुछ के अनुवाद भी हो गए हैं। सितंबर के आखिर में शुरू होनेवाले नए सत्र से छात्रों को हिंदी माध्यम की छूट मिल जाएगी। हिंदी की पुस्तकों में अंग्रेजी मूल तकनीकी शब्दों से परहेज नहीं किया जाएगा। जो छात्र अंग्रेजी माध्यम से पढ़ना चाहेंगे, उन्हें छूट रहेगी। मप्र के चार हजार मेडिकल छात्रों में से अब लगभग सभी स्वभाषा के माध्यम से पढ़ना चाहेंगे। यदि ऐसा होगा तो हिंदी में कई नए-नए मौलिक ग्रंथ भी हर साल प्रकाशित होते रहेंगे। यदि इस मेडिकल की पढ़ाई को और भी अधिक उपयोगी बनाना हो तो मेरा सुझाव यह भी है कि एक ऐसी नई चिकित्सा-उपाधि तैयार की जाए, जिसमें एलोपेथी, आयुर्वेद, हकीमी, होमियोपेथी और प्राकृतिक चिकित्सा के पाठ्यक्रम मिले-जुले हों ताकि मरीजों का यदि एक दवा से इलाज न हो तो दूसरी दवा से होने लगे। यदि हमारी चिकित्सा में ऐसा कोई क्रांतिकारी परिवर्तन मध्यप्रदेश की सरकार करवा सके तो अन्य प्रदेशों की सरकारें और केंद्र सरकार भी पीछे नहीं रहेगी। यह विश्व को भारत की अनुपम देन होगी। यह चिकित्सा पद्धति इतनी सुलभ और सस्ती होगी कि भारत और पड़ौसी देशों के गरीब से गरीब लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। एक बार फिर दुनिया भर के छात्र डाक्टरी की पढ़ाई के लिए भारत आने लगेंगे, जैसे कि वे सदियों पहले विदेशों से आया करते थे।

# किरोड़ी कि किच-किच से भाजपा की फजीहत

**बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में एंट्री नहीं देने पर प्रतिपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौड़ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जवाब में राठौड़ ने भी किरोड़ी को लहजा सुधारने की नसीहत दी। काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बहस चलती रही। मामला बढ़ने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की आपसी तकरार पर चुटकी ली है। असल में कार्यक्रम में केवल उन्हीं नेताओं को एंट्री दी जा रही थी जिनके पास बने हुए थे। किरोड़ीलाल आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत के लिए पहुंचे थे जिनके पास प्रवेश के पास नहीं थे। घटना से नाराज किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए थे**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

राजस्थान में भाजपा की फूट अब खुलकर सड़कों पर आ गई है। हाल ही में जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के स्वागत कार्यक्रम में एंट्री को लेकर बीजेपी के दो वरिष्ठ नेता आपस में भिड़ गए। बीजेपी के राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं और कार्यकताओं को कार्यक्रम में एंट्री नहीं देने पर प्रतिपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौड़ को जमकर खरी-खोटी सुनाई। जवाब में राठौड़ ने भी किरोड़ी को लहजा सुधारने की नसीहत दी। काफी देर तक दोनों नेताओं के बीच बहस चलती रही। मामला बढ़ने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। कांग्रेस ने भाजपा नेताओं की आपसी तकरार पर चुटकी ली है।

असल में कार्यक्रम में केवल उन्हीं नेताओं को एंट्री दी जा रही थी जिनके पास बने हुए थे। किरोड़ीलाल आदिवासी जिलों के कुछ नेताओं-कार्यकताओं के साथ स्वागत के लिए पहुंचे थे जिनके पास प्रवेश के पास नहीं थे। घटना से नाराज किरोड़ी लाल मीणा कार्यक्रम का बहिष्कार कर चले गए थे। राजेंद्र राठौड़ व किरोड़ी लाल मीणा के मध्य हुई तकरार का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा की बहुत फजीहत हो रही है। इस घटना की गूंज भाजपा आलाकमान को दिल्ली तक सुनाई दी। चर्चा है कि भाजपा आलाकमान ने दोनों नेताओं से घटना की जानकारी मांगी है। उसी दिन किरोड़ी लाल मीणा के समर्थकों को जयपुर हवाई अड्डे पर भी प्रवेश नहीं देने से उन्होंने जमकर भाजपा नेताओं को खरी-खोटी सुनाई थी।

उक्त घटना तो एक बानगी मात्र है। राजस्थान के भाजपा नेता ऐसा कोई मौका नहीं चूकते हैं जहां एक दूसरे को निचा ना दिखाया जा सके। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी लगातार अपने विरोधी गुट के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया पर हमला करती रहती है। भाजपा में स्थिति तो अब यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा राजे व सतीश पूनिया किसी कार्यक्रम में एक साथ शामिल होने से भी परहेज करने लगे हैं। जब से डॉ सतीश पूनिया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं तभी से वह वसुंधरा राजे गुट के निशाने पर हैं। वसुंधरा गुट का हमेशा प्रयास रहता है कि कैसे भी करके पूनिया समर्थकों को नीचा दिखाया जाए। वसुंधरा समर्थको द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पूनिया को नहीं बुलाया जाता है। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि वसुंधरा गुट के कार्यक्रम में पूनिया की फोटो भी नहीं लगाई जाती है। वही प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में वसुंधरा राजे की फोटो नहीं लगाई जाती है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर लगे होर्डिंग से वसुंधरा राजे की फोटो हटाने को लेकर भी वसुंधरा समर्थकों ने बड़ा हंगामा किया था। मगर पुनिया समर्थकों ने यह कहकर मामले को समाप्त कर दिया था कि प्रदेश मुख्यालय के होर्डिंग पर प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा विधायक दल के नेता की फोटो ही लगेगी।

पिछले दिनों संपन्न हुए राज्यसभा चुनाव में भी प्रदेश संगठन की सिफारिश पर वसुंधरा राजे के धुर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी को राज्यसभा भेजकर वसुंधरा राजे को तगड़ा झटका दिया गया था। हालांकि चुनाव में वसुंधरा राजे समर्थक एक ही विधायक शोभारानी कुशवाह ने क्रॉस वोटिंग कर कांग्रेस को वोट दिया था। बाकी सभी वसुंधरा समर्थकों ने पार्टी आलाकमान के निर्देशों की पालना की थी। चूंकि अगले वर्ष के आखिर में राज्य विधानसभा के चुनाव होने हैं। वसुंधरा राजे चाहती है कि पार्टी उनको नेता प्रोजेक्ट कर उनके नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़े। जबकि पार्टी आलाकमान व प्रदेश संगठन किसी भी स्थिति में ऐसा नहीं होने देना चाहता है। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ कर ही भाजपा फिर से सरकार बना सकती है। भाजपा आलाकमान का मानना है कि 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री रहते उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में भाजपा बुरी तरह हार गई थी। भाजपा के विधायक 162 से घटकर 72 रह गए थे। ऐसे में वसुंधरा राजे का जादू अब चलने वाला नहीं है।

कुछ महीने पहले झालावाड़ जिले में संपन्न हुए जिला परिषद के चुनाव में भी क्रास वोटिंग के चलते भाजपा का जिला प्रमुख उम्मीदवार चुनाव हार गया था। झालावाड़ वसुंधरा राजे का निर्वाचन क्षेत्र रहा है तथा उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ से कई बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में झालावाड़ से भाजपा प्रत्याशी का चुनाव हारने का पूरा जिम्मेदार वसुंधरा राजे के सांसद पुत्र दुष्यंत सिंह को माना गया था। जिला प्रमुख के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हारने पर विरोध स्वरूप भाजपा कार्यकताओं द्वारा दुष्यंत सिंह के सांसद कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ भी की गई थी। जिसकी शिकायत वसुंधरा राजे ने दिल्ली आलाकमान तक की थी। उसके उपरांत भी किसी कार्यकर्ता पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। इससे भी वसुंधरा राजे खासी नाराज है।

हाल ही में भाजपा की एक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का माउंट आबू में आयोजन किया गया था। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधन दिया था। मगर माउंट आबू कार्यक्रम में वसुंधरा राजे की अनुपस्थिति प्रदेश में चर्चा का विषय बनी हुई है। राजनीति के जानकारों का तो यहां तक कहना है कि उस कार्यक्रम में वसुंधरा राजे को आमंत्रित ही नहीं किया गया था। कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर अपनी झेंप मिटाने के लिए वसुंधरा राजे ने उसी दौरान दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। ताकि लोगों में एक अलग मैसेज दे सके।

राजस्थान भाजपा में काफी नेता वसुंधरा राजे खेमे से हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्य कर रहें हैं। अगले वर्ष प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मौजूदा विधायकों में से वसुंधरा समर्थक कोई भी विधायक ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे आगे चलकर उनकी टिकट कटने का कारण बन सके। वसुंधरा समर्थक सभी विधायक आलाकमान की हां में हां ही मिलाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी लगातार राजस्थान के दौरे कर संगठन को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। हाल ही में एक सरकारी मीटिंग में शामिल होने जयपुर आए गृह मंत्री अमित शाह ने भी समय निकालकर भाजपा कार्यालय जाकर पार्टी कार्यकताओं से मिले तथा बंद कमरे में वरिष्ठ नेताओं से मीटिंग कर सभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाया।

# क्यों नहीं बदल रही भारत में बेटियों की स्थिति?

**दस में से नौ भारतीय इस धारणा से सहमत हैं कि एक पत्नी को हमेशा अपने पति की बात माननी चाहिए। आज भारतीय महिलाओं को राजनीतिक नेताओं के रूप में स्वीकार करते हैं, मगर ज्यादातर पारिवारिक जीवन में पारंपरिक महिला भूमिकाओं का पक्ष लेते हैं। आज भी बच्चों की देखभाल का सबसे अधिक बोझ महिलाओं द्वारा ही उठाया जाता है; जो पूर्णकालिक माँ बनने के लिए अपनी नौकरी भी छोड़ देती हैं। वे मानते है कि पारंपरिक बाल देखभाल मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा नियंत्रित की जानी चाहिए। मजदूरी और रोजगार में पुरुषों और महिलाओं दोनों को पैसा कमाने के लिए जिम्मेदार होना चाहिए, मगर 80% भारतीय इस विचार से सहमत है कि जब कुछ नौकरियां हों, तो पुरुषों को महिलाओं की तुलना में नौकरी पर अधिक अधिकार होने चाहिए।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

पितृसत्ता समाज में सत्ता और नियंत्रण की एक जटिल और रहस्यमय संस्था है। पितृसत्ता एक पुरुष प्रधान संरचना का प्रतीक है जिसका एक लंबा इतिहास है और दुनिया के हर समाज में मौजूद है। दस में से नौ भारतीय इस धारणा से सहमत हैं कि एक पत्नी को हमेशा अपने पति की बात माननी चाहिए। आज भारतीय महिलाओं को राजनीतिक नेताओं के रूप में स्वीकार करते हैं, मगर ज्यादातर पारिवारिक जीवन में पारंपरिक महिला भूमिकाओं का पक्ष लेते हैं। आज भी बच्चों की देखभाल का सबसे अधिक बोझ महिलाओं द्वारा ही उठाया जाता है; जो पूर्णकालिक माँ बनने के लिए अपनी नौकरी भी छोड़ देती हैं। वे मानते है कि पारंपरिक बाल देखभाल मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा नियंत्रित की जानी चाहिए। मजदूरी और रोजगार में पुरुषों और महिलाओं दोनों को पैसा कमाने के लिए जिम्मेदार होना चाहिए, मगर 80% भारतीय इस विचार से सहमत है कि जब कुछ नौकरियां हों, तो पुरुषों को महिलाओं की तुलना में नौकरी पर अधिक अधिकार होने चाहिए। यही कारण है कि भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति की भागीदारी बहुत कम है।

भारतीय बेटे और बेटियों दोनों को महत्व देते हैं, लेकिन 94% भारतीय परिवार कम से कम एक बेटा होना बहुत जरूरी मानते है।

मगर बेटियां समाज और देश के लिए दशा और दिशा तय करती हैं। जिसके बिना न तो कोई तस्वीर मुकम्मल होती है न ही घर, न ही परिवार, न समाज, न देश। वैसे अब तक आपने ऐसा भी समाज देखा होगा जहां घर में लड़की के पैदा होने को अभिशाप मानते हैं। शायद समाज में अब भी ऐसे लोग होंगे जो बेटे की चाहत में जन्म से पहले ही बेटियों को मार देते होंगे। लेकिन इन सबके बीच देश के लिए एक सुकून भरी खबर ये है कि स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, मेडिकल, सिविल सेवा हर जगह बेटियां टॉप कर रही है। फिर भी बेटियों कि स्थिति में वैसे सुधार क्यों नहीं जिनकी वे पूरी तरह हकदार है?

इस खबर के साथ दो फिक्र की बातें भी सामने आ रही है। एक सर्वे के मुताबिक, देश में 71.5% महिलाएं ही साक्षर हैं और सिर्फ 41% महिलाएं ही 10 साल से ज्यादा स्कूली शिक्षा हासिल कर पाती हैं। यानी 59% महिलाएं 10वीं से आगे पढ़ ही नहीं पाती हैं। अभी भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। देश की युवा शक्ति ही विकास में बड़ी भूमिका निभाता है। ऐसे में बेटी बचाओ के साथ ही बेटी पढ़ाओ पर जोर देने की जरूरत है। बिना किसी वेतन के घर के काम करने में ग्रामीण इलाकों में पुरुषों की भागीदारी सिर्फ 27.7 प्रतिशत है और महिलाओं की 82.1 प्रतिशत। शहरों में पुरुषों की भागीदारी है 22.6 प्रतिशत और महिलाओं की 79.2 प्रतिशत।

पुरुष सबसे ज्यादा वक्त रोजगार और उससे जुड़ी गतिविधियों में बिताते हैं और महिलाएं उसके बाद सबसे ज्यादा वक्त बिना किसी वेतन के घर के काम करने में बिताती हैं। शहर हो या गांव, महिलाएं आज भी हर जगह चारदीवारी के अंदर ही सीमित हैं। बेटियों की स्थिति सुधार के लिए बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारियों को उचित रूप से साझा उपयोग करके, या महिलाओं और लड़कियों को पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों जैसे सशस्त्र बलों और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित करें। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषणा की कि महिलाएं अब सेना में कमांडिंग पदों पर आसीन हो सकती हैं। बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी साझा करने के लिए पुरुषों के लिए पितृत्व अवकाश दें। महिलाओं को रोजगार देने के लिए कंपनियों को प्रोत्साहित करें, समान कार्य के लिए वेतन अंतर को पाटने, कड़े कानूनों के माध्यम से कार्य स्थलों को सुरक्षित बनायें।

सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता से महिलाओं को लाभ प्राप्त करने के लिए नौकरियों की औपचारिकता को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। तब तक असंगठित क्षेत्र की महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जाना चाहिए। अगर भारत में स्वयं सहायता समूह-बैंक लिंकेज कार्यक्रम उन कार्यक्रमों में वित्तीय साक्षरता को शामिल करें जहां महिलाओं का महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व है, एक अच्छा प्रारंभिक बिंदु हो सकता है। अर्थव्यवस्था में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए समान काम के लिए समान वेतन, मातृत्व लाभ के लिए मजबूत कानूनों और नीतियों की आवश्यकता है। राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए भारत ने पंचायतों और स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण प्रदान किया है। क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण उनकी क्षमताओं को और बढ़ा सकते हैं।

लैंगिक समानता एक मानवाधिकार है जो सभी व्यक्तियों को उनके लिंग की परवाह किए बिना सम्मान और स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार देता है। लैंगिक समानता भी विकास और गरीबी को कम करने के लिए एक पूर्व शर्त है। महिलाओं की क्षमता पर अंकुश लगाने वाला लिंग एक अनुचित निर्धारण कारक नहीं होना चाहिए। आइसलैंड द्वीप राष्ट्र में राजनीतिक सशक्तिकरण की संस्कृति है, और 39.7% सांसद और 40% मंत्री महिलाएं हैं। फिनलैंड से भारत को श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी को सक्रिय रूप से शामिल करना सीखना चाहिए।

बेटियों की सुरक्षा के साथ-साथ गर्भ में कन्या भ्रूण की हत्या समाज की ज्वलंत समस्या है। लड़कियां अपनी अस्मत बचाने के लिए संघर्ष कर रही है, उत्पीड़न रोकने के प्रयास सरासर बेमानी नजर रहे हैं। सरकार, समाज कानून को लड़कियों की सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने होंगे, ताकि बिगड़ते हालातों में बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सके। बिना शिक्षा के किसी भी बदलाव की कल्पना करना संभव नहीं है। इसी तरह कन्या के प्रति समाज की सार्थक सोच बनाने में अपने बच्चों को सुसंस्कारित बनाकर ही हम कोई बदलाव ला सकते हैं। ऐसे में सभी अभिभावकों को बचपन से ही अपने बच्चों में संस्कार डालने चाहिए। कि वे लड़कियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें।

# हिमाचल में मानसून का कहर, एक खौफनाक त्रासदी?

**नरेन्द्र भारती**

हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक मानसून का कहर जारी है। प्रकृति तांडव कर रही है। 2022में खौफनाक रौद्र रुप दिखा रही है। जिंदगियां लील रही है। सैंकड़ों लोग मौत के आगोष में समा चुके है। आषियाने जमींदोज हो रहे हैं। भूस्खलन हो रहा है। कहीं पहाड़ +दरक रहे है कहीं भूस्खलन हो रहा है। इस विनाषकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है। राज्य की संडकें धंस रही हैं। गांड़ियां फिसल रही है। भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया। युवक की स्कूटी नाले में बह गई। आनी में भी भूस्खलन से श्रध्दालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। खेत व जमीनें जलमगन हो रही हैं। मक्की व टमाटर व धान की फसल तबाह हो गई है। मवेषी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है। गैषाला गिरने से 2 मवेषियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गई। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी कुछ लोग लापता हो गए थे। मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेष को अब तक 17 दिनों में 272 करोड़ का नुक्सान हो चुका है। मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक 82 लोग अपनी जान गंवा चुके है। 107 लोग घायल हुए हैं। मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेष में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं। बारिष के खौफ से हर हिमाचली खौफजदा है। प्रदेष में बारिष के कारण लोकनिर्माण विभाग व जल षक्ति विभाग को करोड़ों का नुकसान हुआ है। मानसून अनमोल जिदंगियां लील रही है। नदियां व नाले में भंयकर बाढ आने से भरी नुक्सान हो रहा है। नदी-नालों का जलस्तर बढ गया है। सैलानियों को नदियों से दूर रहने की हिदायतें दी गई है। सैलानी लापरवाही कर रहे है। प्रतिदिन जानमाल का नुक्सान होता जा रहा है। गत वर्श 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे। चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे। बारिष की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है। गत वर्श भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी। गत वर्श षिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ थीं। नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। गत वर्श लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे। प्रदेष में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है। कुल्लु,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है। प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। इससे पहले हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं। बरसात में प्रदेष में कई भीशण त्रासदियां हो चूकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चे मारे गए तो कहीं सैंकडों पषुओं की दबकर मौत हो गइ थीं। दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोडों की संपति तबाह हो गई। पहाड के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुक्सान हो रहा है। प्रकृति की इस विभिशिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते है लाषे मलवे में दफन हो गई है। किन्नौर में पहाड़ दरकने से लोग खौफजदा हैं। कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा षिविर लगाकर महानगरों, षहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है। देष में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिन्दगीयां लील रहा है। हर राज्य में बरसात से त्रासदी हो रही है। भीशण बाढ़ के चलते आधे से ज्यादा इस बारिष.में अब तक दर्जनों लोगों की असमय मौत हो चूकी है। हिमाचल में भी बरसात का कहर रौद्र रुप दिखा रहा है। पिछले साल बिलासपुर में भी एक पहाड़ी के दरकने से लोग बाल-बाल बच गए थे। अगर यह मलवा लोगों पर गिरा होता तो न जाने कितने घरों के चिराग बूझ जाते। इससे पहले 2017वर्श की12 अगस्त की रात को कोटरोपी में प्रकृति ने अपना रौद्र रुप दिखाकर ऐसी खौफनाक तबाही मचाई थी की रौंगटे खडे हो गए थे कोटरोपी में हुए इस हादसे ने पूरे हिमाचली समुदाय को झझकोर दिया था। पल भर में लाषों के ढेर लग गए लाषों का ढांपने के लिए कफन कम पड़ गए थे। मौत का यह मंजर सदियों तक याद रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान के ताले तोड़कर एक लाख रुपये का सामान चोरी

गजरौला। इन्वर्टर-बैटरी की दुकान के ताले तोड़कर 20 हजार रुपये की नकदी समेत एक लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया गया। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ित व्यापारी ने तहरीर पुलिस को दी।शहर के मोहल्ला सैफी नगर निवासी अफजाल की कुमराला पुलिस चौकी के पास इन्वर्टर-बैटरी की दुकान है। सोमवार रात अफजाल दुकान बंद कर घर चला गया। इस बीच रात में किसी समय चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा और अंदर गल्ले में रखी 20 हजार रुपये की नकदी, इनवर्टर-बैटरी समेत करीब एक लाख रुपये कीमत का अन्य सामान चोरी कर लिया। मंगलवार सुबह अफजाल दुकान पर पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित दुकानदार से जानकारी की। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने मामले में तहरीर के आधार पर जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

### तहसीलदार से अभद्रता करने के आरोपी की तलाश जुटी पुलिस

हसनपुर।जमीन की पैमाइश के दौरान तहसीलदार के साथ अभद्रता करने के फरार आरोपी की तलाश में पुलिस ने दबिश दी। तहसीलदार अर्चना शर्मा सोमवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में जमीन की पैमाइश करने गई थीं। नायब तहसीलदार व राजस्व टीम भी साथ थी। आरोप है कि इस दौरान गांव निवासी कुंवरपाल पुत्र स्व.विशंभर सिंह ने तहसीलदार के साथ अभद्रता की। 15 अगस्त के बाद तबादला कराने की धमकी भी दी।तहसीलदार व राजस्व टीम के साथ नोकझोंक भी की। अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण जमा हो गए। सूचना पर नायब तहसीलदार के साथ तहसीलदार कोतवाली पहुंचीं। आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार त्यागी ने आरोपी कुंवरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दिए जाने की बात कही। बताया जा रहा है कि कुंवरपाल अपनी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की बात कह रहा है जबकि, अफसरों के मुताबिक जांच में सामने आया है कि उसने खुद भूमि पर अवैध कब्जा किया है। कुंवरपाल इसके पहले भी भूमि संबंधी कई मामलों को लेकर चचाओं में रह चुका है। कई बार वह तहसील से लेकर कलक्ट्रेट तक परिवार समेत अधिकारियों के दफ्तरों के बाहर धरना-प्रदर्शन व भूख हड़ताल पर बैठ चुका है।

### श्रद्धालुओं ने शिवालय में चढ़ाया जल

नांगल सोती। पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भक्तों की भीड़ ने प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव में जल चढ़ाकर मन्नते मांगी इस दौरान श्रद्धालु बम बम भोले हर महादेव के जयकारे लगाते हुए नजर आए सोमवार को नांगल क्षेत्र के शिवालयों में पवित्र जल चढ़ाने के लिए शिव भक्तों के भारी भीड़ उमड़ पड़ी यहां मौजूद थाने के सामने वाले प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव में जल चढ़ाने के लिए भक्तों की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी यहां पर भक्त लंबी लंबी कतारें लगाकर शिवालयों पर जल चढ़ाते हुए नजर आए इस दौरान शिव भक्तों ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाया और शिव भोलेनाथ से मन्नते मांगी वही इस दौरान मंदिर परिसर का वातावरण भक्ति मय और बम बम भोले के जयकारों से गूंजता नजर आया।

# कारगिल विजय दिवस का 23वां वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

## 15 अगस्त तक शहीदों के ग्रामों व मौहल्लों में आयोजित किये जायें कार्यक्रमः जिलाधिकारी

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



- सैन्य अधिकारी, वीर नारियां व आश्रित हुये सम्मानित
- कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गौरवान्वित महसूस कर रहे: एसपी

कारगिल विजय दिवस का 23वां वार्षिक समारोह का आयोजन नूरपुर रोड़ स्थित भारत बैंकट हॉल मे किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 15 सैन्य अधिकारियों, शहीद सैनिकों की वीर नारियों व आश्रितों को शॉल भेट कर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी ने पुष्प अर्पित कर कारगिल शहीदों को भावभीनी श्रद्वांजलि भी अर्पित की। जिलाधिकारी ने शहीदों व वीर नारियों व उनके परिवारजनों को नमन किया।

60 दिन तक चले कारगिल युद्व के विजय दिवस 26 जुलाई के 23वें वार्षिक समारोह के आयोजन पर अपने विचार व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि उस देश मे निवास करते है जहां देश प्रेम व देश के लिये कुछ कर गुजरने, देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की क्षमता, भावना व भाव देश के लोगों मे है। उन्होंने कहा कि देश के वीरों ने देश के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर बलिदान दिया उनके बलिदान व उनके परिवार का योगदान को शब्दों मे नहीं बताया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सब को गर्व होना चाहिये कि हम ऐसे देश में निवास करते है जहां राष्ट्रहित व राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि है और हम सभी लोग एकजुट होकर के इस देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने के लिये अपना सर्वस्व देने के लिये तैयार है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दो जगह आयोजित किया जा रहा था लेकिन उनके सुझाव व अनुरोध पर यह एक ही जगह आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी लोग मिलकर कारगिल विजय दिवस मना रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि शहीदों के ग्रामों व शहीद स्थलों पर निरन्तर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्रामों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ पहुचाया जाये तथा विकास के माप दण्डों पर खरा उतारा जाये तथा ऐसे ग्रामों को आदर्श ग्राम बनाया जाये। उन्होंने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है।

उन्होंने कहा कि शहीदों के ग्रामो व मौहल्लों में 15 अगस्त तक कार्यक्रम आयोजित किये जायें ताकि भावी पीढी में यह भाव जागरूक हो कि बलिदान कभी व्यर्थ नही जाता है। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उन्होंने प्रसिद्व कवि माखनलाल चतुवेर्दी की फूल की अभिलाषा की पक्तियों को उद्दत कर अपने विचार व्यक्त करे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कीर्ति चक्र प्राप्त मेजर सुशील कुमार सिंह, सिपाही मौ0 अरशद सहित 15 शहीद सैनिकों की वीर नारियों व आश्रितों को शॉल भेटं कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आर्य जी, दिव्या त्यागी ने देश भक्ति का गीत व स्कूली बच्चों ने नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, 30 एनसीसी सीओ कर्नल आर0एस0 चैहान, डा0 पंकज त्यागी, डा0 अवधेश वशिष्ठ, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त कैप्टन ए0के0 गुप्ता, सेना के अधिकारी, वीर नारियां व परिवारजन व एनसीसी कैडिट, स्कूली बच्चे आदि उपस्थित रहे।

# मोहर्रम मे बरामद मातमी जुलूस की तैयारियां शुरू



अमरोह, प्रात: किरण संवाददाता

अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी ने कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत को लेकर मोहर्रम में बरामद होने वाले मातमी जुलूस की तैयारियों को अब अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।अजादारी के लिए शहर के सभी अजाखानों को रिवायती अंदाज में सजा दिया गया है।जुलूस के रूट पर भी सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर लिया गया है।बीती रात इस बावत अंजुमन के कार्यवाहक अध्यक्ष हसन शुजा नकवी के मोहल्ला घेर मुनाफ स्थित आवास पर पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।जिसकी शुरूआत वकारूल हसनैन खां ने तिलावते कलामे पाक से की। इसके बाद अध्यक्ष हसन शुजा नकवी ने जुलूस की तैयारियों को लेकर बातचीत शुरू की।उन्होंने बताया कि जिन अजाखानों से जुलूस बरामद होते हैं वहां पर सभी इंतजामात पूरे किए जा चुके हैं।जिला पुलिस व प्रशासन की ओर से भी जुलूस के सिलसिले में पूरा सहयोग मिल रहा है।कार्यवाहक सेकेट्री जिया एजाज नकवी ने जानकारी दी कि अंजुमन के पदाधिकारियों में जुलूस की जिम्मेदारियों का बंटवारा कर दिया गया है।चांद के मुताबिक मोहर्रम के महीने की शुरूआत 31 जुलाई से हो जाएगी।भाईचारे के संदेश के साथ जुलूस निकाले जाएंगे।कर्बला का भी यही पैगाम है। बैठक का संचालन शहनाज हैदर एडवोकेट ने किया। इस दौरान लियाकत अमरोहवी, नईम कौसर, हसीन हैदर, मिक्की नकवी, हकीम सुहैल, बशीर हैदर, डा.सईद, अब्बास हैदर, काजिम अब्बास, कमर सिब्तैन, सरफराज हुसैन, जर्रार हैदर, मोहम्मद अली अफजाल, अजीम अब्बास, नईम रजा, सईद अक्दस व शाने हैदर आदि मौजूद रहे।

# सावन माह की शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़



अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

सावन माह के शिवरात्रि पर शहर व ग्रामीण इलाकों के शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारों के साथ शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया। परिवार व समाज में सुख- शांति एवं समृद्धि की कामना की।मंगलवार तड़के से नगर के प्राचीन श्रीवासुदेव तीर्थ, श्रीबाबा गंगानाथ मंदिर, कामनाथ महादेव मंदिर के साथ ही गजरौला के गंगा प्याऊ मंदिर, शिव मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, प्राचीन चाकेश्वर मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जलाभिषेक करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। हरिद्वार व बृजघाट से कांवड़ में गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों ने भी जलाभिषेक कर मंगलकामना की। उधर, मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन के बीच उन्हें अपने नंबर के लिए घंटों तक इंतजार करना पड़ा। मंदिर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे।

# सावन की महाशिवरात्रि के उपलक्ष में गौरी शिव शंकर मंदिर पर किया गया भंडारे का आयोजन

मंडावर, प्रात: किरण संवाददाता



थाना क्षेत्र तीतरवाला में प्राचीन गौरी शिव शंकर मंदिर स्थित है। जहां पर दिन मंगलवार को सावन की महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओ ने श्रद्धा भाव से गौरी शिव शंकर मंदिर पर धूप दीप जल बेलपत्र चढ़ाकर मनोकामना पूर्ण की और काफी संख्या में भक्तों की भीड़ रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा गौरी शिव शंकर मंदिर को बहुत सुंदर रूप से सजाया गया जहां पर मंडावर क्षेत्र गांव के काफी संख्या में लोग आए।

इसका नवीकरण केदारनाथ मंदिर के रूप में कराया गया। गौरी शिव शंकर मंदिर का नवीकरण कराने में क्षेत्रवासियों को बहुत सहयोग रहा। श्रद्धालुओं ने जल बेलपत्र चढ़ाने के बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और इस भंडारे में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सुख शांति की कामना की और इस भंडारे में क्षेत्रवासियों का बहुत सहयोग रहा। यह भंडारा पंकज राजपूत व उनके परिवार वालों द्वारा किया गया। भंडारे में सदर विधायक पति मौसम चैधरी जिला पंचायत सदस्य पति संजीव कुमार मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार विधानसभा संयोजक जितेंद्र राजपूत भागमल चैहान पुष्पेन्द्र राजपूत क्षेत्र के ग्राम प्रधान व गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर हजारों संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे और इस अवसर पर मंडावर थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस बल भी तैनात किया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने थाना मंडावर का कार्यभार संभाला है। तब से उन्होंने जहां कहीं भी धर्म स्थल पर काफी भीड़ की मात्रा अधिक देखते हैं तो वह पुलिस बल पहले से ही तैनात कर देते हैं जिससे शांति से भक्त अपनी पूजा पाठ कर सकें। मंडावर थाना पुलिस का भी बहुत सहयोग रहा।

# दहेज के मांग न पूरी होने पर की विवाहिता की हत्या



नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

दहेज के लालचियो ने एक विवाहिता को पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया तथा मौके से फरार हो गए मृतक के परिजनों ने सुसराल पक्ष के पति, ससुर, व सास के नाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर तीनों आरोपियो हिरासत में लिया ,जानकारी के अनुसार ऋषि पाल सिंह, पुत्र चुनवा सिंह, निवासी ग्राम सिजोली अकबरपुर जनपद बिजनौर ने अपनी पुत्री 24 वर्षीय रूपाली की शादी तीन पूर्व अनूप पुत्र राकेश,निवासी सिकंदरपूर बसी नजीबाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत की थी विवाहिता के पिता ऋषिपाल सिंह ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया की इन तीन वर्षो में वो उसकी पुत्री रूपाली के साथ मारपीट कर उसका उत्पीड़न किया जा रहा था और लगातार दहेज को मांग की जा रही थी आगे उन्होंने बताया की दहेज लोभियों ने सारी हदें पार कर उसकी पुत्री को रविवार को रात मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गए, पुलिस ने जानकारी जुटाने के पश्चात तत्काल ही तहरीर के आधार पर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार तेवतिया, का0 टेकचंद्र, का0 राहुल कुमार,का0 रोहित, महिला का0, साक्षी ने तीनो हत्यारोपी अनूप पुत्र ,राकेश सिंह, राकेश कुमार पुत्र,मुखराम सिंह, श्रीमती होसना पत्नी, राकेश कुमार, को गिरफ्तार कर दहेज अधिनियम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि में नारी शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की बैठक का आयोजन



मंडावली, प्रात: किरण संवाददाता

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि मे नारी शक्ति के अंतर्गत नजीबाबाद के सुभाष नगर मे महिलाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने,उनका संरक्षण करने, पालीथीन का उपयोग न करने व जल संरक्षण करने का संकल्प लिया।साथ ही साथ पूरे सुभाष नगर मे इनके प्रति जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष नगर निवासी पूर्व सूबेदार मेजर जे पी एस राजपूत की पत्नी श्रीमति विमला देवी ने की।ज्ञात हो कि विमला देवी काफी समय से स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरण का कार्य भी कर रही हैं।लगभग 15 दिन पूर्व मेरठ मे घर के वेस्ट सामान से बनी वस्तुओं की एक प्रर्दशनी आयोजित की गई थी।पर्यावरण संरक्षण मे नारी शक्ति की नजीबाबाद संयोजक श्रीमति निशा रानी के नेतृत्व मे लगभग 10 महिलाओ ने प्रर्दशनी का भ्रमण किया था।वहां से प्रेरित होकर अब इस कार्य को और अधिक मजबूती से करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे विमला देवी, नीतू शर्मा, रचना शर्मा, कुसुम कौर, अनिता, कुमुद, रेखा, हेमलता, पूनम, डॉली, राधा, रीता सहित लगभग 50 महिलाओ ने भाग लिया।

# आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया


नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



नगर के समीप दोएजवाली के कुमकुम बैंकट हॉल में ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिंह देशवाल के नेतृत्व और अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम हुआ जिसमें बतौर अतिथि, भारतीय जनता पार्टी के बिजनौर जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि जिला महामंत्री बलराज त्यागी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ वीरबल सिंह ब्लाक प्रमुख हलदौर नरेंद्र सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह और मोहम्मद युनूस गजरौला पाई मार के भाजपा मंडल अध्यक्ष जुगनेश चैधरी राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रशांत चैधरी और ग्राम प्रधान सतपाल सिंह मंचासीन रहे मौका था ब्लॉक प्रमुख जंचतरं सिंह देशवाल की धर्मपत्नी सुचिता देशवाल और भाई एडवोकेट ब्रज राज देशवाल के निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्वाचित होने और अपना 1 वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा होने पर खुशियां मनाने का ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल की अध्यक्षता और ग्राम प्रधान राजवीर सिंह चैहान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित मंचासीन अतिथियों ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे हर हर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है ब्लॉक नजीबाबाद के प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रशांत चैधरी को राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संघ का कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें बधाइयां दी और साथ ही एडवोकेट बृजराज देशवाल और सुचिता देशवाल के निर्विरोध निर्वाचित होने पर भी सभी ने उनको बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित की ब्लाक प्रमुख ने अपने संबोधन में क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को गिनाया और बताया कि उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायतों में कुछ ना कुछ काम जरूर कराया है 100 से अधिक काम अभी तक उनके द्वारा कराए जा चुके हैं और लगभग 50 विकास कार्य ऐसे हैं जो वर्तमान में जारी हैं उन्होंने उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों और सभी सम्भ्रान्त के लोगों से हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की कार्यक्रम में भाजपा के नांगल मंडल अध्यक्ष वीके शर्मा भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह भारतीय किसान यूनियन से रोहिताश सिंह राजवीर सिंह ग्राम प्रधान मोहम्मद अली ओम प्रकाश सिंह नकुल तवर मोहम्मद राशिद धीर सिंह छोटे सिंह के अलावा सैकड़ों ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# किसानों की मासिक बैठक में जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग


अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



कलेक्ट्रेट पर भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक का आयोजित हुई। बैठक में अमर शहीदों के योगदान को याद किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग में उपस्थित जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कार्यकताओं की अनुपस्थिति को लेकर चिंता जताई। जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा,ह्वलगातार अनुपस्थित रहने वाले गैर जिम्मेदार कार्यकताओं के स्थान पर नियमित रूप से उपस्थित रहने वाले कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।ह्वकृष्ण कुमार शर्मा कहा, ह्वकमजोर संगठन के चलते प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेलगाम एवम गैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आवाज नहीं उठाई जा सकती। वर्षा की स्थिति पूरे जिले में संतोषजनक नहीं है। कम वर्षा के चलते फसलों की बढ़वार रुकी हुई है। थोड़ी धूप निकलने के साथ ही फसलें सूखने लगती हैं। अतः जिले को सूखा प्रभावित घोषित किया जाए।किसानों का बकाया गन्ना भुगतान मय व्याज दिलाया जाए।और नगर के मोहल्ला बदावाला में नेहरू चिल्ड्रन हाई स्कूल और आबादी से गुजरने वाली उच्च शक्ति की लाइन के तार नंगे और जर्जर होने से कोई अप्रिय घटना घट सकती है। तारों के स्थान पर केबल लगवाएं जाएं। निराश्रित गोवंशीय पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। गो माता भी भूख प्यास से इधर उधर घूमने को विवश हैं।छोटे बछड़ों को कुत्ते नोंचकर खाकर मांसाहारी होकर बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। उचित बंदोबस्त किया जाए। हसनपुर तहसील में बेलगाम एवम भ्रष्ट तंत्र के चलते ठियाबंदी के मामले लंबित पड़े हैं। कार्रवाई कर व्यवस्था दुरुस्त कर पीड़ित किसानों के मामले निपटायेएजाएं।ग्रामों में जलनिकासी की व्यवस्था न होने से मुख्य मार्गों पर जलभराव व कीचड़ की स्थिति से निकलने में दिक्कत एवम बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। जल्द समाधान कराया जाए। अंत में समस्याओं से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बैठक स्थल पर डिप्टी कलेक्टर महोदय को सौंपा गया।इस अवसर पर जिलामंत्री आलोक चौहान, फौजी तारा सिंह, देवीशरण शर्मा, महावीर शर्मा, ऊषा चौधरी, जसबीरी देवी, सतवीर सिंह, खिलेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, कपिल शर्मा, मोनू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की भ्रष्टाचारी जेई की शिकायत

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकताओं ने विधानसभा क्षेत्र नौगावां सादात की ग्राम पंचायत दरियापुर में विद्युत पोल टूटने एवं ट्रांसफार्मर फुकने के संबंध में एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी बी.के त्रिपाठी को सौंपा।जिसमें उन्होंने तत्काल बिजली व्यवस्था सुचारू करने की मांग की।उक्त ज्ञापन में ग्राम प्रधान मोहम्मद यूनुस ने बताया की अमरोहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत दरियापुर में महीने भर से ट्रांसफार्मर फूका हुआ है।इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण बिजली नहीं होने की वजह से भीषण गर्मी एवं पानी की किल्लत का भी सामना करने को मजबूर है।जिसकी शिकायत ग्राम वासियों द्वारा अहरोई विद्युत केंद्र वितरण केंद्र पर तैनात जेई यशवंत गौड़ एवं एसडीओ ऋषभ गुप्ता से कई बार की जा चुकी हैं।लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हो सकीं।शिकायत करने के बाद भी ट्रांसफार्मर एवं टूटे हुए विद्युत पोल नहीं बदले गए एवं उल्टा ग्राम वासियों से ट्रांसफार्मर बदलने के लिए जेई द्वारा अवैध रूप से रुपए मांगे गए।उन्होंने बताया कि जेई का कहना है जब तक आप लोग पैसा नहीं दोगे तब तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला जाएगा।क्योंकि हम लोगों को पैसा ऊपर तक देना पड़ता है। अतः ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ट्रांसफार्मर एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोल अति शीघ्र बदलवाने के माँग की।तथा रिश्वतखोर जेई के तत्काल ट्रांसफर की भी मांग की।इस मौके पर मोहम्मद यूनुस, प्रधान बाबूराम, सतपाल तोमर जिला अध्यक्ष सुभासपा,आदेश कुमार कपिल यासीन, कय्यूम, मुस्तफा, जहीर अहमद, शारुख, मुजम्मिल, शमशाद,मोहम्मद रेहान सलमान राशिद अजय कुमार विवेक आदि शामिल रहे।

# उप्र माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के आवाह्न पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर दिया धरना

## मुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा मंत्री को संबोधित मांग पत्र सौंपा

बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के आवाह्न पर जनपद बिजनौर के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रदेश शासन में लंबित अपनी 9 मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के कार्यालय पर धरना दिया तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री व माध्यमिक शिक्षा मंत्री को संबोधित मांगपत्र सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर धर्मवीर सिंह को दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के निर्देशन में बिजनौर के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। धरना स्थल पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए अनुज चतुवेर्दी,लक्ष्मी विलास उनियाल, अनुराग भारद्वाज, योगेश कुमार,रामचरन सिंह, भीमसेन हल्दिया,मौ हनीफ ने प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों की मांगों को पूरा न करने पर आक्रोश जाहिर किया। जिला अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने कहा कि दो दशक से प्रदेश सरकार शासन की लम्बित मांगों को पूरा कर शासनादेश जारी नहीं कर रही है। संगठन एकजुटता के साथ मांगें पूरी न होने तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से एकजुट होकर निर्णायक लड़ाई लड़ने की अपील की। संगठन की ओर से 9 सूत्रीय मांग पत्र योग्यता धारी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विकर्षक पद पर पदोन्नति देने,300 दिन का अवकाश नकदीकरण देने, पुरानी पेंशन बहाली करने, राजकीय के समान चिकित्सा सुविधा, प्रबंध समिति में भागेदारी, पदोन्नति में कंप्यूटर दक्षता समाप्त करने,22बी का लाभ देने, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति से रोक हटाने व पूर्व की भांति करने आदि की मांग की गई। धरने में अखिलेश कुमार,रामरतन देव सिंह,संजय गोले, अमित कुमार, उमेश प्रकाश,रईस अहमद जयवर्धन यादव,अनिल त्यागी, महीपाल सिंह, पवित्र कुमार,जीवेन्दर कुमार,गौरव शर्मा, राजेंद्र कुमार, सतेन्द्र सिंह, राजीव कुमार, मातवर सिंह आदि ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाओं को दी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के प्रदेश मुख्यालय पर पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष श्रीमती विमला बाथम, उपाध्यक्ष - श्रीमती अंजू चौधरी, श्रीमती प्रवीणा चौधरी, उप निदेशक - पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश प्रमोद कुमार यादव, स. जिला पंचायत राज अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में पंचायती राज के अधिकारियों द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### समाजसेवी नाजिर खान द्वारा कांवरियों के जुलूस पर पुष्प वर्षा कर कराया जलपान



संभल। नगर के मोहल्ला हयात नगर में कांवरियों के जुलूस पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजसेवी नाजिर खान द्वारा पुष्प वर्षा की तथा कांवरियों में चल रहे शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा के साथ साथ जलपान की भी व्यवस्था की हमेशा समाज सेवा में तत्पर समाज के हर वर्ग के सुख दुख में साथ देने वाले मोहम्मद नाजिर खान ने बताया कि हमारा देश हमेशा से शांतिप्रिय रहा है मैं सभी वर्ग के लोगों से कहना चाहता हूं कि इस देश में हर वर्ग के लोग हर संप्रदाय के लोग शांति से रहे देश के प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म के साथ-साथ दूसरे धर्म का भी सम्मान करना चाहिए तथा आपसी भाईचारा सौहार्द की मिसाल कायम रहनी चाहिए नाजिर खान के इस कार्य से पूरे शहर में उनकी प्रशंसा हो रही है जहां दूसरी जगह पर एक दूसरे का लोग विरोध करते हैं वहीं नाजिर खान जैसे लोग भी आपसी भाईचारे का उदाहरण है इस मौके पर प्रशासन का भी विशेष योगदान रहा नाजिर खान. जयप्रकाश गुप्ता भाजपा नेता .विपिन गुप्ता .मोहम्मद अनीस. मोहम्मद सुलेमान. अरविंद शर्मा .सद्दाम हुसैन .बाबू. रहीस सैफी .सिद्धार्थ आर्य . जीशान खान . संजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### टेनी के बेटे की जमानत अर्जी उच्च न्यायालय से खारिज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा उर्फ.मोनू की जमानत याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को खारिज कर दी। मोनू, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ह्यटेनीह्न का बेटा है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कृष्णा पहल की पीठ ने मोनू की जमानत अर्जी खारिज करने का आदेश पारित करते हुए कहा कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए आशीष को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि अदालत ने 15 जुलाई को ही इस मामले में अपना आदेश सुरक्षित कर लिया था। अदालत ने कहा कि मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों के मद्देनजर याचिकाकर्ता की जमानत मंजूर करना न्याय के हित में नहीं है।

# कारगिल विजय दिवस पर योगी ने वीर सपूतों को नमन कर दी श्रद्धांजलि

## कारगिल युद्ध के शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता





लखनऊ की कारगिल शहीद स्मृति वाटिका में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता के वीर सपूतों के बलिदान को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि कारगिल के वीरों। ए भारत की आजादी, एकता व अखंडता की अक्षुण्ण रखने हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध स्वतंत्र भारत का एक ऐसा युद्ध था जिसे भारत पर पाकिस्तान ने जबरन थोंपा था।26 जुलाई 1999 को कारगिल विजय दिवस के साथ ही जहां पूरी दुनिया में पाकिस्तान का चेहरा व चरित्र सामने आया वहीं भारत के बहादुर जवानों के शौर्य एवं पराक्रम को पुनः एक बार पूरी दुनिया ने देखा। श्री योगी ने कहा कि कारगिल

**संबोधन**

- केन्द्र और राज्य सरकार सदैव अमर सपूतों के परिजनों के साथ :योगी

युद्ध के दौरान जिन माता - पिता और परिवार के सदस्यों ने अपने वीर सपूतों को खोया है, पूरा राष्ट्र उनके प्रति ऋणी है।

योगी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अमर सपूतों के परिजनों को आश्वस्त करता हूं कि केंद्र और राज्य सरकार सदैव आपके साथ है। इस अवसर पर योगी ने लखनऊ से कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय, कैप्टन आदित्य मिश्र, लांस नायक केवड़ा नंद द्विवेदी, राइफल मेन-सुनील चंद, मेजर रितेश शर्मा के परिजनों को सम्मानित किया।

योगी ने कहा कि पूरा देश इन सभी वीर सपूतों का नाम बड़े गर्व के साथ लेता है। यही कारण है कि बहादुर जवानों के शौर्य व वीरता को ध्यान में रखते हुए कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय को उनकी अति असाधारण वीरता, अदम्य साहस, उत्कृष्ठ नेतृत्व व कर्तव्य निष्ठा के लिए भारतीय सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र प्रदान किया गया। हमें अपने देश के वीर जवानों के शौर्य पर गर्व है। योगी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें देश की आजादी के अमृत महोत्सव के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह सिर्फ महोत्सव ही नहीं बल्कि हमारे लिए एक संकल्प दिवस भी बनना चाहिए। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री व अधिकारी गण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने की पीएम गतिशक्ति के क्रियान्वयन की समीक्षा

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

- परियोजनाओं के नियोजन के लिए अनिवार्यतः करें पीएम गतिशक्ति पोर्टल का प्रयोग : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में मंत्रिपरिषद के सदस्यों की उपस्थिति में पीएम गति शक्ति योजना यानी नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्लान की प्रदेश में प्रगति और भावी कार्ययोजना की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के नियोजन के लिए पीएम गतिशक्ति पोर्टल का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गति शक्ति पोर्टल पर सभी सम्बंधित विभाग अपनी परियोजनाओं की अपडेट जानकारी उपलब्ध कराएं। विभागों के बीच परस्पर समन्वय होना चाहिए। डेटा शुद्ध हो, सत्यापित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी इनोवेटिव विचारों से पूरित पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ भारत सरकार द्वारा किया गया है। यह योजना ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग के प्रयासों की शृंखला में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि प्रायः एक विभाग की परियोजना की जानकारी, उसकी अद्यतन स्थिति और उनकी भावी कार्ययोजना की जानकारी दूसरे विभागों के पास नहीं होती है। समन्वय एवं सूचना साझाकरण की कमी के कारण मैक्रो नियोजन और माइक्रो कार्यान्वयन के बीच एक व्यापक अंतर होता है। विभाग प्रायः अलगाव की स्थिति में कार्य करते हैं। ऐसे में एक योजना दूसरी योजना के क्रियान्वयन पर गलत प्रभाव भी डाल सकती है। पीएम गतिशक्ति इस समस्या का स्थायी समाधान है। पोर्टल के माध्यम से हर विभाग, मंत्रालय दूसरे की योजना व परियोजना से अपडेट रहेगा और उसी के अनुसार अपने कार्यों को आकार दे सकेगा। योगी ने कहा कि पीएम गतिशक्ति के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की सभी वर्तमान तथा भावी कार्यवाहियों को एक केंद्रीयकृत पोर्टल में सम्मिलित किया जाएगा। क्रॉस-सेक्टोरल इंटरेक्शन के माध्यम से परियोजनाओं की प्राथमिकता तय होगी। मास्टर प्लान बनाने में सहायता मिलेगी, साथ ही परियोजनाओं की रीयल टाइम मॉनिटरिंग भी संभव हो सकेगी।

# राज्यपाल ने योगी मंत्रिपरिषद की चाय पर बुलाई बैठक

**लखनऊ** । प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत मंत्रियों की चाय पर बैठक बुलाई है। यह बैठक बुधवार को राजभवन में होगी। इसमें मुख्यमंत्री के साथ ही सभी मंत्रियों को शामिल होना है। प्रदेश में योगी सरकार-02 बनने के बाद राजभवन में इस प्रकार की पहली बैठक होने जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक यह इस बैठक में सभी मंत्रियों, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और राज्य मंत्रियों को शामिल होना है। वैसे तो बताया जा रहा है कि यह बैठक चाय पर बुलाई गयी है लेकिन इसी दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी संभव है। माना जा रहा है कि राज्यपाल के समक्ष योगी सरकार के 100 दिन की उपलब्धियों पर चर्चा होगी। मंत्री अपने विभाग की उपलब्धियों के बारे में भी प्रस्तुति देंगे। मण्डलवार भ्रमण के बारे में भी मंत्री अपने अनुभवों को साझा करेंगे। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार के राज्य के सभी 18 मण्डलों के लिए मंत्री समूह का गठन किया है। मंत्रियों के समूह ने उन मण्डलों का दौरा किया है। मण्डल भ्रमण के दौरान का पूरा फीडबैक राज्यपाल के साथ साझा करेंगे।

# अमृत महोत्सव की तैयारियों को ले मण्डल आयुक्त ने की बैठक



लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के अमृत महोत्सव 75 वे वर्ष को भव्यता के साथ मनाने के लिए मण्डल आयुक्त और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की हुई बैठक में आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा हुई।

आजादी के अमृत महोत्सव को भव्यता के साथ मनाने के लिए मंडल आयुक्त कार्यालय में एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें मंडल आयुक्त रोशन जैकब , नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह एवम् लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। लखनऊ व्यापार मंडल ने इस अमृत महोत्सव में व्यापारियों के योगदान और अपनी तैयारियों के बारे में बताया। व्यापारियों ने बाजारों की समस्याओं को भी रखा। अधिकारियों ने बाजारों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उन समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। यह जानकारी लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी स.सतपाल सिंह मीत ने दी।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश लंबित शिकायतों का समय रहते करें निस्तारण

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में आइजीआरएस लंबित/डिफॉल्टर संदर्भ के प्रकरणों के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम लंबित डिफाल्टर विभागों जैसे जिला पूर्ति विभाग, जिला राज पंचायती विभाग, विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि अपनी-अपनी डिफाल्टर शिकायतों को समय रहते हुए प्रत्येक दशा में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय ने तहसीलदार चंदौसी को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर ज्यादा शिकायत मिल रही है। उन शिकायतों का प्रत्येक दशा में समय रहते हुए निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एसडीएम कोर्ट एवं तहसीलदार कोर्ट के संबंध में जो शिकायतें आई हैं वह उन शिकायतों को धारा 24 के अंतर्गत निस्तारण कराएं।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राशन कार्डो का सत्यापन प्रत्येक दशा में करवाना सुनिश्चित करें। सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने स्तर पर यह प्रत्येक दशा में देख लिया जाए कि आईजीआरएस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन इत्यादि पर कोई भी शिकायत लंबित ना रहे। उसे प्रत्येक दशा में शीघ्र से शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, अपर जिलाधिकारी कमलेश कुमार अवस्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरन्नुम रजा, परियोजना निदेशक डीआरडीए रमेश चंद्र, उप कृषि निदेशक हीरा सिंह जीना, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संभल: पातालेश्वर भोलेनाथ के मंदिरों में गूंजी घंटों की आवाज



संभल, प्रात : किरण संवाददाता

- सुबह 5:00 बजे से ही श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

श्रावण मास में महाशिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार से कावड़ लाकर भक्तों के द्वारा जलाभिषेक किया जाता है तो वही श्रावण माह में भक्तों की बड़ी भीड़ और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला है जहां भक्तों ने सुबह से ही भोलेनाथ का जलाभिषेक करना शुरू कर दिया। भारत देश हिंदू मान्यताओं का देश है जहां पर श्रावण मास के मंगलवार को भक्तों के द्वारा बड़ी तादात में जलाभिषेक करते हुए देखा गया बता दे पूरा मामला जनपद संभल के सराय तरीन पक्का बाग भोले नाथ मंदिर के अंदर विराजमान बैठे पातालेश्वर भोलेनाथ निकले हुए हैं जहां भक्तों का ताता देखा गया जहां भक्तों ने अपनी मनोकामना हेतु भोले का जलाभिषेक किया और बम बम भोले के नारे लगाए वही मंदिर के महंत ने जानकारी में बताया कि यहां पर भक्तों के लिए जलाभिषेक करने हेतु पुलिस प्रशासन की अच्छी खासी व्यवस्था दिखाई दी किसी प्रकार की असुविधा ना हो मान्यता है कि जो श्रद्धालु एक बार भगवान भोलेनाथ पर श्रावण मास में मन और श्रद्धा से जलाभिषेक करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।

# जन समाज सेवा संस्था ने मनाया कारगिल विजय दिवस

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



जन समाज सेवा संस्था द्वारा कारगिल विजय दिवस की 23 वी वर्षगांठ पर अमर शहीदों के शौर्य को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की स्मृति में श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क लखनऊ में वृक्षारोपण एवं गुरद्वारा श्री गुरु सिंह सभा लाल कुआं में दीप जलाए गए। संस्था के अध्यक्ष सरदार रनजीत सिंह ने बताया कि स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए कारगिल दिवस बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस हैं।

भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच मई 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला था और इस युद्ध का अंत 26 जुलाई को हुआ था जिसमें भारत विजय हुआ । कारगिल के युद्ध में अनेक वीर सपूत जैसे कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन अनुज नायर, मेजर पद्मपाणि आचार्य, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे, कैप्टन सौरभ कालिया, स्क्वाडन लीडर अजय आहूजा ने अपने प्राणों का बलिदान देकर भारत को विजय बनाया।

संस्था के महामंत्री सरदार वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कारगिल युद्ध में 527 सैनिक शहीद हुए और 1300 सैनिक वीर घायल हुए देश के सभी वीरों को शत शत नमन करते हुए हम सभी देशवासियों को कारगिल की इस जीत पर हमेशा मान रहेगा। कारगिल दिवस को हम सभी को मिलकर बड़े स्तर पर मनाना चाहिए जिससे नई पीढ़ी में हमारे सैनिक भाइयों के बलिदान एवं देश प्रेम की भावना जागरूक हो, इस कार्यक्रम में 3 यूपी नवल यूनिट एनसीसी विंग खालसा इंटर कालेज के छात्र, संस्था के कर्मठ सदस्य सुनील अग्रवाल, अनेक सिंह, नीरज जोहरी, कुलदीप सिंह, रंजीत सिंह, बलवंत सिंह, अमन सिंह, सूरज शामिल रहे ।

### कारगिल दिवस पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ** । आजादी के अमृत महोत्सव और कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगांठ के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेन्द्र नगर की 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग के द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय और एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. मनमीत कौर सोढ़ी के दिशा निर्देशन में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैडेट कल्याणी पांडे, प्रिया यादव, अभिधा तिवारी, रूपा दीक्षित, खुशी सिंह, तान्या कौशल, रिश्ता सिंह, श्रुति तिवारी, खुशी कनौजिया, ईशा शर्मा, सुप्रिया गोपाल, वंशिका सिंह, ज्योति उपाध्याय, दीपांशी निगम आदि ने बड़ी खूबसूरती से देशभक्ति के जज्बे को पोस्टर पर उतारा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ईशा कुमारी शर्मा, द्वितीय सुप्रिया गोयल और तृतीय स्थान पर ज्योति उपाध्याय रही। प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार ऋषिता सिंह को दिया गया। प्राचार्य मंजुला उपाध्याय ने सभी विजयी कैडेट्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# सिविल डिफेंस अफसर राजेन्द्र को डीसीपी ने किया सम्मानित

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



- रेलवे की हाईटेंशन तार की चपेट में आए एक पीड़ित को बचाने को लेकर किया सम्मानित

लखनऊ के बिरहाना रेलवे क्रॉसिंग पर गत 11 जुलाई को रेलवे की हाईटेंशन तार की चपेट में आए एक युवक की हिम्मत दिखाते हुए स्वयं को जोखिम में डालकर पीड़ित को बचाने वाले सिविल डिफेंस के स्टाफ अफसर राजेन्द्र श्रीवास्तव को डीसीपी पश्चिम - शिव चिंपी चैनप्पा ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि जब नारायण नामक व्यक्ति रेलवे की हाईटेंशन तार की चपेट में आया तो वहां लोग उसकी जान बचाने की बजाय तमाशबीन बने उसे देख रहे थे।

यदि राजेन्द्र श्रीवास्तव उस समय वहां नहीं पहुंचते तो वह मर भी सकता था। पीड़ित के परिजनों ने राजेन्द्र श्रीवास्तव के बारे में कहा कि वह पीड़ित के लिए भगवान बनकर आए थे। स्टाफ अफसर राजेन्द्र श्रीवास्तव के भाई एवम् खालसा इंटर कॉलेज के शिक्षक वीके श्रीवास्तव को अपने भाई द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य पर खुशी एवं गर्व है। उन्होंने बताया कि गत सोमवार को लखनऊ के यहिया गंज स्थित सिद्धनाथ मंदिर में एक महिला श्रद्धालु के ऊपर मंदिर का घंटा गिर गया था , संयोगवश भाई भी मंदिर में पूजा अर्चना हेतु गए थे। इस घटना के तुरंत बाद वह उस घायल महिला को उपचार हेतु हिस्पिटल ले गए। समय पर उपचार मिलने से उस महिला की जान बची। डीसीपी पश्चिम ने सिविल डिफेंस के स्टाफ अफसर राजेन्द्र श्रीवास्तव के इन सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

# खालसा इन्टर कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



- कॉलेज प्रबंधक स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने एनसीसी विंग को पौधे वितरित कर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

चारबाग स्थित खालसा इंटर कॉलेज में 3 नवल यूपी एनसीसी विंग द्वारा कारगिल विजय दिवस की 23वी वर्षगांठ पर शहीदों को नमन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक एवम् लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.राजेन्द्र सिंह बग्गा एवम् गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों ने कारगिल के अमर शहीदों की स्मृति में एनसीसी केडेट्स को पौधे वितरित किए। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक ने अपने संबोधन में कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारत ने पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित कारगिल युद्ध जीता था, इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। दो महीने से अधिक समय तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना ने साहस और वीरता की ऐसी मिसाल कायम की जिस पर हर देशवासी को गर्व है।।18 हजार फीट की ऊंचाई से कारगिल की इस लड़ाई में देश के 527 से अधिक सैनिक शहीद हुए और 1300 सैनिक घायल हुए। इस लड़ाई में भारतीय वायुसेना ने मिग-27, मिग-29, आर-77 के द्वारा हमला किया। 60 दिनों से अधिक समय तक चला यह युद्ध 26 जुलाई 1999 को भारतीय सैनिकों द्वारा कारगिल की चोटी पर भारतीय ध्वज लहराकर समाप्त हुआ। कारगिल विजय दिवस पर खालसा इंटर कॉलेज में अमर जवान शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें खालसा कॉलेज के प्रबंधक सरदार राजेंदर सिंह बग्गा ने गुरुद्वारा नाका हिंडोला के पदाधिकारी स.सतपाल सिंह मीत, राजवंत सिंह बग्गा, कुलदीप सिंह सलूजा, हरमिंदर सिंह टीटू व रंजीत सिंह के साथ सामूहिक रूप में एनसीसी कैडेटों को एक - एक वृक्ष वितरित किया एवम् इन वृक्षों को सार्वजनिक स्थानों पर रोपित करने को कहा। उन्होंने वृक्ष के लाभों के बारे में कैडेटों को समझाया और कहा कि जब ये वृक्ष लोगों को छाया व फल देंगे तब उन अमर शहीदों की स्मृति लोगों में सदैव बनी रहेगी , यही उन अमर जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सभी कारगिल विजय दिवस पर उन महान नायकों के बलिदानों को याद करें जिन्होंने अपने देश भारत के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम समापन पर कॉलेज के प्रधानाचार्य स.वीरेन्द्र सिंह ने कॉलेज प्रबन्धक सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सड़क पर मक्का सुका रहे किसान से कहासुनी के बाद हुई मारपीट

**संभल**। मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरी में सड़क पर मक्का फैला कर सुका रहे किसान कि किसान से ही मक्का पर से ट्रैक्टर निकालने पर कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी जिस में महिलाओं सहित आठ लोग लहूलुहान हो गए ।घायल गुलअजीम ने बताया कि उसके पिता रफीक अपने ट्रेक्टर से घर जा रहे थे रास्ते मे जाकिर की मक्का सुक रही थी ट्रैक्टर जैसे ही मक्का के ऊपर से गुजरा तभी जिस पन्नी पर मक्का सुक रही थी थौड़ी सी पन्नी ट्रैक्टर के पहिए से फट गयी जिस पर कहासुनी के बाद मारपीट हो गयी पिता से मारपीट की सूचना पर गुलअजीम अपनी बहनों के साथ घटना स्थल पर पहुँचा तो दूसरे पक्ष ने उसपर भी जान लेवा हमला कर दिया जिस से उसके परिवार के लोग घायल हो गए और उसके सर में वार किये जाने के कारण वह गम्भीर रूप से घायल हो गया । वही दूसरे पक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि गुलअजीम ने जाकिर पर तलवार से हमला किया और उसके परिवार पर पत्थर बाजी की ।एक ओर से जाकिर, मुमताज, छोटा, जरार, व दूसरी ओर से भूरा, हसीन, रफीक, गुलअजीम सहित दोनों ओर से आठ लोगो के खिलाफ तहरीर देकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुँचे।

# भारतीय फौज के अदम्य साहस व शौर्य का प्रतीक पर्व कारगिल विजय दिवस: अनंत

संभल, प्रात : किरण संवाददाता




हिंदू जागृति मंच ने कारगिल विजय दिवस को भारतीय सेना के साहस एवं शौर्य के प्रतीक पर्व बताकर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर अपार खुशियां एवं जश्न मनाया। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विशाल कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के समक्ष विद्यालय प्रबंध समिति के नरेश राधू, प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा, विशन लाल, महावीर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया।

अपनी बात रखते हुए विश्व हिंदू परिषद के विभाग प्रचार प्रमुख अजय कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना के मजबूत इरादे, अहर्निश तैयारियां, गगनचुंबी मनोबल एवं अतुल्य पराक्रम का परिणाम है कारगिल विजय दिवस। उन्होंने भारत माता के सपूतों की विजय को भारत की जीत बताया और भारत की जीत पर मिठाइयां खाने खिलाने से लेकर असीमित खुशियां और जश्न मनाना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य और अधिकार बताया। हिंदू जागृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने बताया कि कारगिल युद्ध से पहले किसी भी सैनिक का पार्थिव शरीर उसके गांव या घर नहीं ले जाया जाता था। बल्कि सेना ही अंतिम संस्कार करती थी। परंतु कारगिल युद्ध के समय अटल सरकार ने यह तय किया कि भारत की सेना का सपूत जो भी भारत माता की वेदी पर बलिदान होगा उसका पार्थिव शरीर उसके घर पहुंचा कर पारिवारिक परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार होगा।इतना ही नहीं विशेष सम्मान भी देने की परंपरा विकसित की। उन्होंने 26 जुलाई को भारतीय फौज के अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक पर्व बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने कहा कि अपने जनपद क्षेत्र में जो भी शहीदों की स्मारक अथवा गांव हैं उनकी विशेष पहचान के रूप में उन्हें विकसित किया जाए। ऐसी व्यवस्था शासन प्रशासन एवं समाज के स्तर पर की जानी चाहिए। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कारगिल युद्ध का विस्तार से वर्णन किया। हिंदू जागृति मंच के नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र मोंगिया ने कारगिल विजय दिवस को हिंदुस्तान का विशेष पर्व बता कर कहा कि यह मात्र एक ऐसा युद्ध था जिसमें हमने 1 इंच भी जमीन दुश्मनों को नहीं लेने दी। बल्कि अपनी सीमा से बहुत दूर दुश्मनों को खदेड़ा, धूल चटाई। उनके इरादों को नेस्तनाबूद भी किया। भाजपा नेता बिशनलाल, महावीर सिंह, नरेश राधू, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, ओंकार सिंह, आशा गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने कारगिल विजय दिवस की परस्पर एक दूसरे को बधाइयां दीं। एक दूसरे को लड्डू खिलाकर भारत विजय का जश्न मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू जागृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने की तथा संचालन प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्याकांड के आरोपित का कोर्ट में आत्मसमर्पण

पटना सिटी। बहादुरपुर थाना क्षेत्र के रामकृष्ण कॉलोनी स्थित सरस्वती लॉज में रहने वाले छात्र राहुल की हत्या हुई थी। इस मामले में आरोपित ने पटना सिटी व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।थानाध्यक्ष योगेश चंद्र ने बताया कि हत्या मामले में आरोपित मो आकिम ने गायघाट स्थित व्यवहार न्यायालय में आत्मसर्पण किया है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। कांड के आईओ को कहा गया है कि वह कोर्ट में रिमांड पर लेने को आवेदन दे। थानाध्यक्ष के अनुसार तीन अप्रैल को हुई हत्या मामले में पहले भी दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मो आकिम फरार चल रहा था।

### ट्रक के धक्के से युवक की मौत, ट्रक जब्त

पटना सिटी। एनएच-30 के एनआरएल पेट्रोल पंप के सामने ट्रक लॉरी से धक्का लगने के कारण एक लैब तकनीशियन की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना सोमवार की रात की है। इस संबंध में बाईपास यातायात थाना के प्रभारी कुमार विरेन्द्र ने बताया कि रात में बाइक सवार लैब तकनीशियन रविंद्र कुमार अपने घर को जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक ट्रक लॉरी ने धक्का मार दिया। इससे उस वाहन की चपेट में आने से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मोटरसाइकिल दूसरी ओर फेंका गया। ताज्जुब की बात यह है कि बाइक में खरोच तक नहीं आई है। मृतक के पास रहे पहचान पत्र और मोबाइल के आधार पर परिजन को सूचित किया गया। मृतक की पहचान पटना जिला के गोपालपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर का रहने वाला कमलेश सिंह के पुत्र 44 साल के रविंद्र कुमार के रूप में की गई। शव का पोस्टमार्टम नालंदा मेडिकल कॉलेज में कराने के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। रविंद्र कुमार के छोटे भाई बैद्यनाथ कुमार के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। उसने कहा कि वह लैब का सामान लेकर घर लौट रहा था कि घटना हुई। ट्रक को जब्त कर लिया गया है। ट्रक पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 06जीई 5925 लिखा था। चालक भागने में सफल रहा।

### वर्ग 9 एवं 10 के बच्चों का लिया गया परीक्षा

रामपुर (कैमूर)। प्रखंड के नौहटा में नौवीं एवं दसवीं वर्ग के बच्चों ने दीया मंगलवार को परीक्षा। रामपुर प्रखंड के सभी स्कूलों पर नौवीं और दसवीं वर्ग के बच्चों ने अपना परीक्षा दिया। जिसमें नौहटा के बच्चों ने श्री नेहरू इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय नौहटा में आज अपना परीक्षा दिया। 9:30 से 12:45 तक दसवीं क्लास के बच्चों एवं बच्चियां एवं 1:00 बजे से नौवीं क्लास के बच्चे बच्चियों ने शांति ढंग परीक्षा दी, इस बात की जानकारी श्री नेहरू इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय नौहटा के प्रिंसिपल राम कवल ने दीया।

# मंकीपॉक्स के संदिग्ध महिला का लिया गया नमूना

## जांच को भेजा जाएगा पुणे, पीएमसीएच के कोविड वार्ड में रखा जा सकता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



यहां के शहरी क्षेत्र के गुरहट्टा स्थित खत्री प्रसाद लेन में एक महिला में मंकी पॉक्स का संदिग्ध मामला सामने आया है। इसके बाद स्वास्थ्य महकमा में खलबली मच गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों की ऑनलाइन मीटिंग हुई। इसके बाद पटना सिटी के गुरहट्टा में जाकर संदिग्ध महिला का नमूना जांच को लेने और इसे बायरोलोजी विभाग से तकनीशियन को भेज नमूना लेने का निर्णय लिया गया। यहां विश्व स्वास्थ्य संगठन की टीम की ओर से डॉ कुमुद रंजन, सिविल सर्जन के यहां से प्रशांत कुमार, यूनिसेफ से इरफान खान,पीएमसीएच के माइक्रो वायरोलॉजी से तकनीशियन और सदर अस्पताल के स्वास्थ्य प्रबंधक शब्बीर खान पहुंचे थे। टीम को संदिग्ध महिला की जांच के लिए नमूना लेने को खासा मशक्कत करना पड़ा। उक्त करीब 40 साल की महिला को 20 जुलाई से बुखार और अन्य लक्षण है। उसका इलाज कर रहे चिकित्सक ने ही कहा कि जो सिम्टम्स है, उससे मंकी पॉक्स का मामला लगता है। इसी के बाद सिविल सर्जन व अन्य को सूचित किया गया। टीम करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक संदिग्ध महिला मरीज के घर में रहे। महिला मरीज का कहना था जब तक उसके पति घर नहीं आते हैं, वह जांच को नमूना नहीं देगी। उनके पति बिहार से बाहर हैं। उसकी काफी काउंसलिंग करने नमूना देने के लिए तैयार हुई। इस दौरान बताया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सहित अन्य अधिकारियों का तीन-चार बार कॉल भी आता रहा। नमूना लेने के बाद टीम यहां से वापस लौट गई। उक्त नमूने को जांच के लिए पुणे स्थित इंस्टीट्यूट आफ वायरोलॉजी में भेजा जाएगा। हालांकि महिला का कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है, मगर परिवार के अन्य सदस्य गए हैं या नहीं, यह जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर आ गया है। पीएमसीएच के अधीक्षक आईएस ठाकुर ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी की टीम भेजी गई है। काफी मशक्कत और काउंसलिंग के बाद मरीज का नमूना जांच के लिए लिया जा सका है। यदि मरीज और उसके परिजन चाहेंगे तो यहां बने कोविड मरीज के बने वार्ड में संदिग्ध मरीज को रखा जा सकता है। विदित हो कि मंकीपॉक्स का अब तक देश में चार मरीज मिल चुके हैं। दिल्ली में एक और केरल में तीन मरीज मिला है। इधर विष। स्वास्थ्य संगठन ने शनिवार को मंकीपॉक्स को वैश्विक आपातकाल घोषित कर दिया है। आरएमआरआई के निदेशक डॉ कृष्णा पांडेय ने बताया कि इस बीमारी का लक्षण में बार-बार तेज बुखार आना, पीठ व मांसपेशियों में दर्द, त्वचा पर दाने और चकते पड़ना, खुजली होना, सुस्ती होना आदि है। मंकीपॉक्स की शुरूआत चेहरे से होती है। इसका संक्रमण अमूमन दो से तीन सप्ताह तक रहता है। मंकीपॉक्स एक से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। जानवर भी इसके फैलाव का कारण है। संक्रमित मरीज से अन्य को नजदीक जाने से बचना चाहिए। फिलहाल इसका कोई इलाज नहीं है। डॉ कृष्णा पांडेय ने कहा कि चेचक का टीका लिए मंकीपॉक्स को रोकने में एक हद तक प्रभावी है। ऐसा शोध में बातें आ रही हैं।

# शक्तिपीठ स्थल व अन्य भगवती मंदिर में हुआ श्रृंगार



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

सावन मास में शिव के साथ शक्ति की भी आराधना करने का महत्व है। यही कारण है कि एक तरफ जहां सोमवार को बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने की होड़ लगती है, शाम में उनका विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसी तरह से भगवती मंदिरों में मंगलवार को भगवती का विशेष श्रृंगार कर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। यहां के शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी की देखरेख में भगवती का विशेष श्रृंगार कर उन्हें भोग अर्पित करने के बाद विशेष आरती की गई। छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में श्रृंगार किया गया। दीरापर स्थित काली मंदिर, नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा की देखरेख में, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में भी विशेष श्रृंगार किया गया। इसी तरह से अन्य भगवती मंदिरों में भी भगवती का श्रृंगार करने के बाद विशेष आरती की गई। महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस दौरान प्रसाद का वितरण भी किया गया।

# बाढ़ जिला के पूर्व सैनिकों द्वारा पटना में निकाली गई तिरंगा यात्रा




बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाजपा संगठन जिला बाढ़ पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्री हरि नारायण प्रधान के द्वारा बाढ़ जिला के पूर्व सैनिकों के साथ पटना के जीपीएस गोलंबर से कारगिल चौक तक पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री आशुतोष कुमार शाही के नेतृत्व में श्रम संसाधन मंत्री श्री जीवेश मिश्रा के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया गया।तथा अमर जवान ज्योति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय जयसवाल को तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे को हिंदू संगठन नामक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री आशुतोष कुमार शाही के द्वारा जिला संयोजक हरिनारायण प्रधान के साथ सभी बाढ़ के पूर्व सैनिकों तथा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू को अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ अभियान

**पटना सिटी।** नगर निगम के अजीमाबाद और सिटी अंचल की ओर से प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के खिलाफ छापेमारी अभियान मंगलवार को चलाया गया। अजीमाबाद अंचल के राजस्व पदाधिकारी रिजवान अंसारी के नेतृत्व में गुलजारबाग सब्जी मंडी में अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 दुकान की जांच की गई, जिसमें 5.2 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया और जुमार्ना के रूप में 1,700 रुपया वसूल किया गया। वहीं सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी उत्तम कुमार ने बताया कि अंचल के द्वारा भी अभियान चलाया गया। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह पथ से लेकर चौक के श्री सत्यनारायण जी मंदिर के आगे पश्चिम तक अभियान चलाया गया। राजस्व पदाधिकारी श्याम नारायण के नेतृत्व में चलाए अभियान में 40 दुकान की जांच की गई। इस दौरान करीब चार किलो पॉलिथीन जब्त किया गया और बतौर जुमार्ना 3,300 रुपया वसूल किया गया।

# सड़क के बीचो-बीच नाली निर्माण कार्य से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



अनुमण्डल अंतर्गत सकसोहरा बाजार स्थित महंत राम नारायण पुरी उच्च विद्यालय के सामने पंचायत की योजना से करीब 2 साल पूर्व नाली निर्माण का काम शुरू किया गया था। लेकिन राशि की निकासी कर लेने के बावजूद भी काम को अधूरा छोड़ दिया गया। जिसके चलते बाजार इलाके में आने जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इलाके के लोगों ने इसकी कई बार लिखित शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी बेलछी से करने का काम किया। आखिरकार हाल के दिनों में जब बरसात शुरू हुई को एक बार फिर से नाला निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। जिसके चलते एक बार फिर से रास्ता बेहद खराब हो गया है। लेकिन इन लोगों में यह आशा जगी है कि सही तरीके से नाला निर्माण हो जाने पर लोगों को नर्क से निजात मिलेगी।

# बाढ़ सदर अस्पताल में 21 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन हुआ

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

सदर अस्पताल में मंगलवार को कुल 21 महिलाओं का परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया।

बंध्याकरण ऑपरेशन डॉक्टर अंशु प्रिया तथा डॉक्टर स्नेही प्रियदर्शनी के द्वारा किया गया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलछी की 19 महिलाएं तथा बाढ़ की 2 महिलाओं का सफल ऑपरेशन किया गया। बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल के बारे में हेड क्लर्क कमल नयन ने बताया कि अब यहां लगभग सभी रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर आ चुके हैं, सिर्फ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी है। अगर हड्डी रोग के डॉक्टर आ जाते हैं तो लगभग सभी रोगों के डॉक्टर मौजूद हो जायेंगे। उन्होंने बताया कि महिला डॉक्टरों के आ जाने से अधिक संख्या में महिला मरीज बंध्याकरण हेतु अब अस्पताल में आने लगी है। विदित हो कि सरकार के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

# शराब में सात गिरफ्तार, दो दोपहिया बरामद



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

मालसलामी थाना की पुलिस ने शराब के साथ पांच धंधेबाज को और एक फरार को गिरफ्तार किया है। साथ ही दो दोपहिया वाहन को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि जलकद्दरबाग में मोटरसाइकिल पर तीन लोग शराब लेकर जा रहा था। उसे रोक कर जांच कर पकड़ा गया। वहीं पत्थर घाट से स्कूटी पर दो लोग शराब लेकर जा रहा था।। इसे भी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया। इस तरह से एक बाइक व एक स्कूटी के साथ पांच को गिरफ्तार किया गया है। शराब के मामले में फरार नगला का रहने वाला को गिरफ्तार किया गया है। बहादुरपुर थानाध्यक्ष योगेशचंद्र ने बताया कि बहादुरपुर रेलवे गुमटी के समीप से गुलशन कुमार को 12 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पकड़े गये से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

# अमर ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर नगर के बिहार रेजीमेंट सेंटर में शहीदों के सम्मान में अमर ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेना के अधिकारियों ने अमर शहीद जवान पर श्रद्धांजलि अर्पित कर आज के दिन को याद किया। गए आज से 23 वर्ष पूर्व भारतीय और पाकिस्तानी सेना के बीच कारगिल में एक जंग हुआ था। इस जंग में भारतीय सेना ने विजय पताका लहराया था। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है।

भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था , जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। इसमें भारत का विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान के लिए मनाया जाता है। इसी उपलक्ष में दानापुर बिहार रेजिमेंटल सेंटर में कारगिल दिवस के अवसर पर कारगिल में शहीद हुए जवानों को बीआरसी कमांडेंट और सेना के कई अधिकारी ने अमर ज्योति पर पुष्प चक्र देकर दी श्रद्धांजलि अर्पित की । सेना के जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के लिए गर्व का दिन है। आज के दिन 60 दिन की लड़ाई के बाद भारत के जवानों ने कारगिल पर कब्जा किया था और जीत का झंडा फहरा दिया।

आज के दिन उन वीर सपूतों पर भारत को गर्व होता है, जिन्होंने देश को विजय दिलाया। आज ही के दिन उन शहीदों को पूरा भारत याद करता है। शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है। ऐसे जवानों पर हम लोगों को भी गर्व होता है , जो देश की सीमा पर देश की हिफाजत के लिए अपनी बलिदान दे देते हैं। बिहार रेजिमेंटल सेंटर दानापुर के अमर ज्योति पर आर्मी के कई अधिकारी और जवानों ने भी पुष्प चक्र देकर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# उमानाथ मंदिर में हुआ भगवान शिव और माता पार्वती का श्रृंगार पूजन



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर परिसर में सावन के हर सोमवारी के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का श्रृंगार पूजा रात्रि काल मे किया जाता है।यहां के पुजारी बताते हैं कि यहां के महादेव अंकुरित महादेव हैं जो कि द्वापर कालीन युग से यहां पूजा पाठ होता आ रहा है।श्री राम और पांडव भी अपनी यात्रा के दौरान यहां पूजा पाठ करने का कभी काम किया था। उत्तरवाहिनी गंगा तट पर अवस्थित होने के चलते यहां के पूजा पाठ का विशेष महत्व है यहां आने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। जिसके बाद लोगों का लगाव और भी बढ़ जाता है।सोमवारी के दिन मंदिर को विशेष तौर पर सजाया जाता है और यहां के शिवलिंग और माता पार्वती के प्रतिमा को विशेष रूप से सजावट किया जाता है।पूजा आरती के बाद पट खोल दिया जाता है।जिसके बाद लोग दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ते हैं।

# धर्म प्रचार समिति भंग, फिर भी लखबिंदर लिख रहे चेयरमैन

## स्कूल समिति छोड़ कोई समिति सक्रिय नहीं : अवतार सिंह हित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों का मध्यावधि चुनाव पिछले साल 25 जुलाई को हुआ था। इसमें अध्यक्ष पद पर अवतार सिंह हित बरकरार रहे और बाकी दो उपाध्यक्ष, एक महासचिव व सचिव के पद पर नए चेहरे चुने गए। इस चुनाव के साथ ही पुरानी बनी समितियां अपने आप भंग हो गईं। इसके बावजूद कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह अपने को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन लिखकर लगातार इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। इस संबंध में जब कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल तख्तश्री कमेटी के अधीन चलने वाले स्कूलों के लिए समिति का गठन किया गया है। अन्य सभी समितियां भंग हैं। दरअसल तख्तश्री पटना साहिब का संविधान कहता है कि जैसे ही महासचिव के पद पर रहे सदस्य बदलते हैं, विभिन्न समितियां अपने आप भंग हो जाती हैं और इसका गठन नए सिरे से किया जाता है। 25 जुलाई, 2021 को भी पदाधिकारियों का मध्यावधि चुनाव हुआ था। इसमें अवतार सिंह हित अध्यक्ष पद बचाने में सफल रहे थे। उपाध्यक्ष के पद पर जगजोत सिंह सोही व लखबिंदर सिंह, महासचिव के रूप में इंद्रजीत सिंह और सचिव हरबंश सिंह खनूजा चुने गए थे। इस चुनाव के बाद महासचिव के रूप में रहे महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के द्वारा बनाई गई समितियां अपने आप भंग हो गई थीं। यह बात कमेटी के पूर्व महासचिव और सदस्य चरणजीत सिंह ने भी पूछने पर बताई। इस संबंध में जब कमेटी के अध्यक्ष अवतार सिंह हित से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल स्कूल कमेटी के चेयरमैन चरणजीत सिंह हैं और उनके नेतृत्व में सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा कोई भी समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। जो कोई भी अपने आपको धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बता रहे हैं, वह गलत है। वह पटना लौटने के बाद इस संबंध में बात करेंगे और उन्हें यह पद लिखने के लिए मना करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि संभव है कि कमेटी की पांच अगस्त को होने वाली बैठक में विभिन्न समितियों के पुनर्गठन को लेकर भी निर्णय लिया जा सके। विदित हो कि कनीय उपाध्यक्ष के पद पर रहे लखबिंदर सिंह महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के महासचिव के कार्यकाल में धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन और को-चेयरमैन हरपाल सिंह जौहल बनाए गए थे। उनके साथ चार-पांच सदस्यों को भी जोड़ा गया था, जिसमें कुलबंत सिंह सलूजा, गुरमीत सिंह आदि थे। कुलबंत सिंह सलूजा ने कहा कि बतौर चेयरमैन लखबिंदर सिंह ने कभी भी को-चेयरमैन या सदस्यों को विश्वास में लेने, धर्म प्रचार या अन्य धार्मिक कार्य के लिए बैठक करना या फिर मोबाइल पर भी चर्चा करना उचित नहीं समझा है। बाद में कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन हुई कमेटी की बैठक में हरपाल सिंह जौहल की सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। इसके बाद से चेयरमैन के रूप में काम कर रहे लखबिंदर सिंह ने अन्य सदस्यों से कभी भी न तो सलाह-मशविरा किया और न ही उन सबों के साथ कोई बैठक ही कर पाए। वे अपने आपको स्वयंभू चेयरमैन का पद बरकरार रख अब भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इस संबंध में जब उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो सवाल से घबराए गोल-मटोल बोलने लगे। पहले अध्यक्ष की सहमति की बात कही और बाद में कहीं और बैठे होने की बात कह बाद में बात करने की बात कह कॉल काट दिया। हाल के दिनों में लखबिंदर सिंह ने धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन का पद का इस्तेमाल खासा तौर पर किया और कर रहे हैं। इसे लेकर अन्य सदस्य में जगजोत सिंह सोही और गुरुबिन्दर सिंह भी अध्यक्ष के पास आपत्ति जता चुके हैं।

# पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों के माथे पर खींची चिंता की लकीर

बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता



अनुमंडल अंतर्गत बेलछी प्रखंड के किसान बारिश सही तरीके से नहीं होने के चलते काफी चिंतित हैं।उनके खेतों में मोड़ी तो किसी तरह तैयार कर लिया गया है।लेकिन उसे खेत में लगाने के लिए समुचित पटवन की व्यवस्था और आसपास बिजली की व्यवस्था नहीं होने के चलते इस साल किसानों को खेत खाली रह जाने का चिंता सताने लगा है।जिसको लेकर किसान बेहद तनाव ग्रस्त हैं।इलाके के किसानों का कहना है कि उनके जीवन यापन के लिए खेती ही एक सहारा है।यदि खेती सही तरीके से नहीं हुआ तो उन पर कहर टूट जाएगा।सरकार के द्वारा सूखाग्रस्त घोषित किए जाने के बावजूद भी उनके लिए अनुदान राशि ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर होता है।ज्यादा तो वैसे किसानों को परेशानी होती है जिन्होंने बड़े किसान और जमींदारों से पट्टा पर खेती लेकर अनाज उपजाने का काम करते हैं।उन्हें एक तो पट्टा का पैसा भी डूबता है। दूसरा सरकार के द्वारा अनुदान राशि भी बड़े किसानों को ही मुहैया कराई जाती है।जिसके चलते एक तो किसान को पट्टा की बबार्दी दूसरा उसके जमा पूंजी भी खेत में ही रह जाने का डर लगा रहता है। किसानों का कहना है कि बराह पंचायत में खेती करने के लिए पटवन की कोई व्यवस्था नहीं है।यदि नदी किनारे से लोग पटवन करना भी चाहेंगे तो विद्युत की व्यवस्था नहीं होने के चलते लोगों को दूर से लाइन खींच कर पटवन करने की नौबत आती है।वहीं विद्युत विभाग के अधिकारी भी विद्युत चोरी के नाम पर किसानों के ऊपर भारी-भरकम जुमार्ना ठोक देते हैं। एक किसान सलाहकार के मुताबिक अभी तक महज 22% बारिश होने के चलते इस बार भी इलाके के किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।देर से बारिश होने पर धान के फसल पर भी बुरा असर पड़ेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran | epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### कोगोस ने पोर्टर के एफएमसीजी कारोबार का किया अधिग्रहण

मुंबई। लॉजिस्टिक्स स्टार्टअप कोगोस टेक्नोलॉजीज ने लॉजिस्टिक फर्म पोर्टर के एफएमसीजी कारोबार का अधिग्रहण किया है। पोर्टर शहरों के अंदर छोटे वाणिज्यिक वाहनों का परिचालन करने वाले असंगठित परिचालकों को संगठित करने वाला ऐप आधारित ऑनलाइन मंच है। पोर्टर ने इस अधिग्रहण सौदे के मूल्य का खुलासा नहीं करते हुए कहा, इस कदम का उद्देश्य कोगोस के कारोबार मॉडल के साथ पोर्टर के व्यापार कार्यक्षेत्र की निरंतरता को सुनिश्चित करना और मुख्य व्यवसाय समाधान पर ध्यान केंद्रित करना है। हालांकि इस अधिग्रहण सौदे में सर्विस टीम भी शामिल है जो दोनों कंपनियों के कारोबार मॉडल के आधार पर कुल कार्यबल का पांच प्रतिशत है। पोर्टर ने कहा कि उसने अपनी व्यावसायिक प्राथमिकताओं का फिर से मूल्यांकन किया है और कोगोस के हाथों एफएमसीजी कारोबार की बिक्री इसी प्रक्रिया के अनुरूप है।

### सोना 28 रुपये नरम, चांदी में 203 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना 28 रुपये की गिरावट के साथ 51,192 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 203 रुपये की गिरावट के साथ 55,297 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 55,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना सुस्ती के साथ 1,727 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी बिना किसी घट-बढ़ के 18.64 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस) दिलीप परमार ने कहा, अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में नरमी से दिल्ली में 24 कैरेट सोने के भाव में 28 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट रही।

### आशीष कुमार चौहान ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चौहान को सभी दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। चौहान को अब नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ की नई जिम्मेदारी दी गई है। बीएसई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि चौहान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ के तौर पर नई जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं। बीएसई ने कहा कि आशीष कुमार चौहान को एक दिन पहले ही बीएसई के सभी दायित्वों एवं भूमिकाओं से मुक्त कर दिया गया है। चौहान वर्ष 2012 से ही बीएसई के एमडी एवं सीईओ तौर पर कार्यरत थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक नए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ की नियुक्ति होने तक स्टॉक एक्सचेंज की कार्यकारी प्रबंध समिति ही इसके कामकाज का संचालन देखेगी। इस समिति में मुख्य नियामकीय अधिकारी नीरज कुलश्रेष्ठ, मुख्य वित्तीय अधिकारी नयन मेहता, मुख्य सूचना अधिकारी करसी तवाडिया, मुख्य कारोबार अधिकारी समीर पाटिल और व्यापार परिचालन प्रमुख गिरीश जोशी शामिल हैं।

# भारत को स्वच्छ ऊर्जा निर्यातक बनाने में मदद करेगा 70 अरब डॉलर का निवेश: गौतम अडाणी

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के सबसे अमीर उद्यमी गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह भारत में निवेश से न तो कभी पीछे हटा है और न ही कभी निवेश को धीमा किया है क्योंकि समूह अपनी वृद्धि को देश की आर्थिक प्रगति से जोड़कर देखता है। अडाणी ने अपने समूह की कंपनियों के शेयरधारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नए ऊर्जा कारोबार में 70 अरब डॉलर के निवेश की पहले की गई घोषणा से भारत को कच्चे तेल के आयातक की जगह हरित हाइड्रोजन का निर्यातक बनाने में मदद मिलेगी।

अडाणी समूह के मुखिया ने कहा, भविष्य में हमारे भरोसे एवं यकीन को दर्शाने वाला सबसे अच्छा सबूत भारत के हरित बदलाव को संभव बनाने के लिए किया जाने वाला 70 अरब डॉलर का हमारा निवेश है। समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड वर्ष 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करना चाहती है। इसके लिए वह हर साल दो गीगावाट सौर क्षमता विकसित करने के लिए 20 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। बाकी राशि का इस्तेमाल हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए विनिर्माण सुविधाएं बनाने में किया जाएगा। अडाणी ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा में हमारी ताकत हमें हरित हाइड्रोजन को भविष्य का ईंधन बनाने में समर्थन देगी। हम भारत को तेल एवं गैस के आयात पर अत्यधिक निर्भर देश से स्वच्छ ऊर्जा के शुद्ध निर्यातक देश में बदलने की पहल में सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह की सफलता भारत की विकास गाथा के साथ तालमेल पर आधारित है। अडाणी ने कहा, हमने कभी भी भारत में अपने निवेश को न तो धीमा किया है और न ही निवेश से अपने कदम पीछे खींचे हैं। अडानी ने कहा कि समूह भारत के बुनियादी ढांचे के निर्माता के रूप में विकसित हो रहा है जो बड़े सड़क निर्माण अनुबंध हासिल कर रहा है और बंदरगाहों एवं लॉजिस्टिक से लेकर बिजली पारेषण एवं वितरण और शहरी गैस आपूर्ति तक के कारोबार का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा, यह निकटता पर आधारित हमारे कारोबारी मॉडल का एक बेहतरीन उदाहरण है। इसके अलावा हमने डेटा सेंटर, डिजिटल सुपर ऐप और औद्योगिक क्लाउड से लेकर रक्षा और वैमानिकी, धातु और सामग्री तक के क्षेत्रों में भी मौजूदगी दर्ज कराई है। अडाणी ने कहा कि उनका समूह देश में हवाईअड्डों का सबसे बड़ा परिचालक बनकर उभरा है और होल्सिम के अधिग्रहण के साथ समूह ने अब सीमेंट कारोबार में भी अपने कदम रख दिए हैं। इसके अलावा अडाणी समूह 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में भी बोली लगा रहा है। अडाणी समूह की शुरुआत वर्ष 1988 में जिंस कारोबार के साथ हुई थी। धीरे-धीरे यह समुद्री बंदरगाह, कोयला, ऊर्जा वितरण, हवाईअड्डा, डेटा केंद्र और सीमेंट और तांबे के उत्पादन में भी उतर चुका है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि हमारे कारोबार का पैमाना, कारोबार की विविधता और हमारा पिछला प्रदर्शन हमें बाजार की विभिन्न स्थितियों में अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए बहुत मजबूत स्थिति में रखता है। उन्होंने कहा, हमारे विकास और सफलता को दुनिया भर में मान्यता मिली है। कई विदेशी सरकारें अब अपने भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने और अपने बुनियादी ढांचे के निर्माण में मदद करने के लिए हमसे संपर्क कर रही हैं। हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। अडाणी ने कहा, अपने सभी पोर्टफोलियो में परिचालन उत्कृष्टता पर ध्यान देने और अभिवृद्धि क्षमता में बढ़ोतरी ने एबिटा आय को 26 प्रतिशत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। हमारे पोर्टफोलियो की एबिटा आय 42,623 करोड़ रुपये रही। अडाणी समूह की छह सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 200 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है।

### अडाणी समूह भारत में निवेश से कभी पीछे नहीं हटा: अडाणी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे अमीर उद्यमी गौतम अडाणी ने मंगलवार को कहा कि अडाणी समूह कभी भी भारत में निवेश से पीछे नहीं हटा है क्योंकि समूह की वृद्धि देश की आर्थिक प्रगति से जुड़ी हुई है। अडाणी ने समूह के शेयरधारकों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उनका समूह देश में एक नए ऊर्जा कारोबार पर 70 अरब डॉलर का निवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से भारत को कच्चे तेल के आयातक की जगह हरित हाइड्रोजन का निर्यातक बन जाएगा। अडाणी ने कहा, हमने कभी भी भारत में अपने निवेश को न तो धीमा किया है और न ही निवेश से अपने कदम पीछे खींचे हैं। अडाणी के मुताबिक, समूह की सोच है कि उसकी सफलता भारत की वृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। अडाणी ने कहा कि उनका समूह देश में हवाईअड्डों का सबसे बड़ा परिचालक बनकर उभरा है और होल्सिम के अधिग्रहण के साथ समूह ने अब सीमेंट कारोबार में भी अपने कदम रख दिए हैं।

# अबतक 3 करोड़ से ज्यादा आईटीआर दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईटीआर भरने के लिए सिर्फ 5 दिन बाकी, चूके तो नुकसान के साथ लगेगा जुर्माना

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। अब तक करीब आधे करदाताओं ने आईटीआर फाइल नहीं किया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि पिछले दो साल की तरह इस बार आईटीआर भरने की डेडलाइन नहीं बढ़ने वाली है। आयकर विभाग करदाताओं से बार-बार ट्वीट कर इसको समय पर पूरा करने की अपील कर रहा है।

आयकर विभाग ने जारी एक बयान में कहा कि आकलन वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ई-फाइलिंग पोर्टल के जरिए 3 करोड़ से ज्यादा रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। विभाग ने अपने ट्वीट में कहा कि ह्यआकलन वर्ष 2022-23 के लिए 25 जुलाई, 2022 तक 3 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। ऐसे में विभाग ने लोगों से कहा है कि यदि उन्होंने अभी तक अपना आईटीआर फाइल नहीं किया है, तो वे इसे जल्द से जल्द दाखिल करें।

विभाग के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में विस्तारित तारीख 31 दिसंबर, 2021 तक कुल 5.89 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए थे। हालांकि, मौजूदा आकलन वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 25 जुलाई तक 3 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरे गए हैं। ऐसे में आयकर विभाग ने करदाताओं से अपील की है कि यदि अभी तक रिटर्न दाखिल नहीं किया है तो इनकम टैक्स डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपना आईटीआर अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना दाखिल करें। उल्लेखनीय है कि आयकर रिटर्न की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2022 उन व्यक्तिगत करदाताओं (इंडिविजुअल टैक्सपेयर्स) के लिए है, जिन्हें अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत नहीं है। अगर आप तय समय-सीमा तक आईटीआर नहीं दाखिल करते हैं, तो आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसके अलावा आपको कई तरह की दिक्कतें भी आ सकती हैं।

# 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू, देश की दो दिग्गज कंपनियां आमने-सामने

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के लोगों को 5जी सर्विस उपलब्ध कराने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है। 5जी स्पेक्ट्रम की ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया की शुरूआत मंगलवार से हो गई है। इस नीलामी प्रक्रिया में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और अडाणी समेत समेत चार प्रमुख कंपनियां भाग ले रही हैं। ऑनलाइन प्रक्रिया में 4.3 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 72 गीगाहट्र्ज 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए बोली लगेगी। यह प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हुई है, जो शाम छह बजे तक जारी रहेगी। 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी की प्रक्रिया का आगे भी जारी रहना आने वाली बोलियों और बोलीकताओं की रणनीति पर निर्भर करेगा। 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए निजी क्षेत्र की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने 14 हजार करोड़ रुपये की राशि दूरसंचार विभाग के पास जमा कराई है, जबकि अडाणी एंटरप्राइजेज ने 100 करोड़ रुपये की राशि जमा की है। दूरसंचार विभाग को 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी से 70 हजार करोड़ रुपये से लेकर एक लाख करोड़ रुपये तक का राजस्व मिलने की उम्मीद है। दरअसल, देश में 5जी मोबाइल सर्विस की शुरूआत होने से अत्यधिक तीव्र गति वाली इंटरनेट सेवाएं देने का रास्ता साफ हो पाएगा। मौजूदा 4जी सेवाओं की तुलना में 5जी की सेवा करीब 10 गुना तेज होगी। 5जी सेवा की कमर्शियल लांचिंग के बाद इंटरनेट इस्तेमाल करने का अनुभव बहुत हद तक बदल जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी 5जी सेवाओं की शुरूआत से एक नई क्रांति आने की उम्मीद है।

# भारत छोड़कर नहीं जा रहे, ब्रांड मजबूत करेंगे : फ्रैंकलिन टेंपलटन

मुंबई, एजेंसी

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी फ्रैंकलिन टेंपलटन ने भारत छोड़ने की खबरों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि वह मुश्किलों से घिरे अपने ब्रांड को नए सिरे से खड़ा करेगी। कंपनी की भारतीय इकाई के अध्यक्ष अविनाश सतवालेकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं यह साफतौर पर कह सकता हूं कि हम भारत छोड़कर नहीं जा रहे हैं। भारत से जाना मूर्खतापूर्ण कदम होगा। हालांकि, सतवालेकर ने यह स्वीकार किया कि कई दूसरी विदेशी कंपनियों के भारतीय बाजार से निकलने के बाद फ्रैंकलिन टेंपलटन के भी भारत से निकलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि कंपनी की ऐसी कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में 26 साल से मौजूद कंपनी के पास 20 लाख निवेशकों की 56,000 करोड़ रुपये की प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां हैं और इसका परिचालन बेहद मुनाफे में चल रहा है। बाजार नियामक सेबी ने कंपनी पर पांच करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। कंपनी ने अप्रैल, 2020 में अपनी छह योजनाओं को बंद कर दिया था। इन योजनाओं में तीन लाख निवेशकों के 25,000 करोड़ रुपये जमा थे। इस आदेश के खिलाफ कंपनी ने प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण (सैट) में अपील की हुई है। सतवालेकर ने कहा कि वह कंपनी के ब्रांड को नए सिरे से खड़ा करेंगे। इसके लिए सभी संबद्ध पक्षों से संपर्क साधा जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले छह-12 महीनों में नियमित रूप से उत्पाद पेश करेगी।

### फ्लिपकार्ट ने पॉकेट एफएम के साथ साझेदारी की

**मुंबई।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने ऑनलाइन ऑडियो मंच पॉकेट एफएम के साथ साझेदारी कर ऑडियोबुक श्रेणी में कदम रखा है। मंगलवार को कंपनी की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस साझेदारी के तहत फ्लिपकार्ट अपने 40 करोड़ से अधिक ग्राहकों को पॉकेट एफएम के जरिये विशिष्ट एवं अधिकृत ऑडियोबुक मुहैया कराएगी। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में लगभग 2.5 करोड़ लोग ऑडियोबुक्स सुनते हैं। फ्लिपकार्ट में दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी), घरेलू एवं सामान्य व्यापार की कारोबार प्रमुख कंचन मिश्रा ने कहा कि महामारी के दौरान ऑडियोबुक को प्रमुखता मिली है। इस साझेदारी से लेखकों को ऑडियोबुक की सहायता से अपने मंच पर अपने काम का प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी। पॉकेट एफएम ने आधिकारिक तौर पर मार्च 2022 में अपना ऑडियोबुक मंच शुरू किया था। विज्ञप्ति के मुताबिक, पॉकेट एफएम हर महीने 1.20 लाख से अधिक ऑडियोबुक बेचती है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में मंगलवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम-आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.26 प्रतिशत चढ़कर 106.47 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.85 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

# सार्वजनिक इकाइयों की उधारी को राज्य सरकार में न जोड़ा जाए: केरल

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से यह अनुरोध किया है कि राज्यों की शुद्ध उधारी क्षमता तय करते समय उनके सार्वजनिक खाते में मौजूद राशि और उनकी इकाइयों द्वारा ली गई उधारियों को शामिल न किया जाए।

बालगोपाल ने सीतारमण को लिखे एक पत्र में कहा है कि केरल के समक्ष मौजूद गहरे वित्तीय संकट को देखते हुए उधारी सीमा तय करने के दौरान अगस्त 2017 से पहले की तरह ही सार्वजनिक खाते की राशि और इकाइयों द्वारा ली गई उधारियों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि राज्य के वैधानिक निकायों एवं स्वामित्व वाली कंपनियों पर मौजूद देनदारियां राज्य के कर्ज की परिभाषा के दायरे में नहीं आती हैं। ऐसी स्थिति में इन इकाइयों पर मौजूद ऋण बोझ को राज्य सरकार की देनदारी के साथ जोड़ना संविधान के प्रावधानों के विपरीत है।

उन्होंने गत 22 जुलाई को लिए इस पत्र में कहा है कि ऐसा करने से राज्यों की उधार लेने की शक्तियां खतरे में पड़ जाएंगी और उनकी विकास योजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि सीतारमण ने 25 जुलाई को लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा है कि राज्यों की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों एवं विशेष उद्देश्य से गठित कंपनियों द्वारा ली गई उधारी को भी उस राज्य सरकार की उधारी के रूप में ही माना जाएगा।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का रुख, ईथर में 7 प्रतिशत की गिरावट

## एक सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंचा बिटकॉइन

नई दिल्ली, एजेंसी



क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट का रुख नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत इस गिरावट की वजह से पिछले 1 सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी और इथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़ी ईथर की कीमत में भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान करीब 7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

भारत में काम कर रहे क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज वजीर-एक्स के मुताबिक बिटकॉइन आज 21 हजार से लेकर 22 हजार डॉलर के दायरे में कारोबार कर रहा है। भारतीय समय के मुताबिक ग्लोबल मार्केट में सुबह 5 बजे बिटकॉइन पिछले 24 घंटे के सर्वोच्च स्तर 21,980 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा था। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12 बजे ये क्रिप्टो करेंसी सोमवार को खत्म हुए कारोबारी 24 घंटे की तुलना में करीब 4 प्रतिशत गिरकर 21,069 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

इसी तरह इथेरियम ब्लॉकचेन से जुड़ी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी ईथर पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,418 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रही है। नवंबर 2021 के बाद से ईथर की कीमत में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। नवंबर 2011 में ईथर 4,878 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर कारोबार कर रहा था। उसके बाद के अगले 8 महीने के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आई गिरावट के कारण ईथर की कीमत में भी जोरदार कमजोरी आ गई है। बिटकॉइन और ईथर के साथ ही दूसरी ज्यादातर क्रिप्टो करेंसी की कीमत में भी पिछले 24 घंटे के दौरान गिरावट का रुख बना रहा है। शीबा इनु में आज 6.5 प्रतिशत की कमजोरी नजर आ रही है। इसके अलावा छोटी क्रिप्टोकरेंसीज में से डोगेकॉइन, एक्सआरपी, यूनीस्वैप, स्टेलर, लाइटकॉइन, पॉलीगॉन, ट्रॉन, चेनलिंक, टीथर और बीएनबी में भी पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 2 से 10 प्रतिशत तक की कमजोरी दर्ज की गई है। दूसरी ओर एपेकॉइन, पोल्काडॉट और सोलाना में पिछले 24 घंटे के कारोबार में 2 से 4.5 प्रतिशत तक की तेजी बनी हुई है।

क्रिप्टो करेंसी बाजार में पिछले 24 घंटों के दौरान वैश्विक स्तर पर आई गिरावट के बावजूद ग्लोबल क्रिप्टो करेंसी मार्केट का मार्केट कैप अभी भी 1 ट्रिलियन डॉलर के ऊपर बना हुआ है। वजीर-एक्स के आंकड़ों के मुताबिक भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 12 बजे ग्लोबल क्रिप्टो करेंसी मार्केट का टोटल मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.01 ट्रिलियन डॉलर था। मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने की वजह से वैश्विक स्तर पर क्रिप्टो करेंसी बाजार में दबाव की स्थिति बन गई है। ज्यादातर निवेशक ब्याज दर बढ़ने की स्थिति में क्रिप्टो करेंसी मार्केट से अपना निवेश निकाल सकते हैं। इस आशंका की वजह से ही ज्यादातर क्रिप्टो करेंसीज में पिछले कुछ दिनों से ज्यादातर समय गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।

# गोदरेज एंड बॉयस ने 5 वर्षों के दौरान मैनग्रोव संरक्षण में निवेश को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई

मुंबई, एजेंसी

- डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के सहयोग से मैजिकल मैनग्रोव मुहिम के जरिये भारत के तटीय राज्यों में 18000 लोगों को मैनग्रोव के महत्व के बारे में बताया गया है

प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को मनाए जाने वाले मैनग्रोव ईकोसिस्टम के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस अवसर पर, गोदरेज ग्रुप की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने मैनग्रोव के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। कंपनी विक्रोली मैनग्रोव का संरक्षण कर रही है, जो देश के सबसे बड़े निजी स्वामित्व वाले मैनग्रोव वन हैं। ये मैनग्रोव भारत के प्रथम आईएसओ 14001 प्रमाणित वन हैं। मुद्दों पर अधिक ध्यान देने के लिए, गोदरेज एंड बॉयस ने कंपनी में एक डेडिकेटेड वेटलैंड्स मैनेजमेंट सर्विसेज का गठन किया है, जिसने समुदायों, विशेष रूप से तटीय राज्यों में रहने वाले लोगों के सहयोग से देश भर में कई संरक्षण और नवीकरण संबंधी नए कदम उठाए हैं। गोदरेज एंड बॉयस ने जो स्ट्रेटजी अपनाई है वो मैनग्रोव ईकोसिस्टम के संरक्षण के लिए अनुसंधान, जागरूकता और सहयोग पर आधारित है। कंपनी ने संयुक्त रूप से भारत के 9 तटीय राज्यों में मैनग्रोव के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के साथ, मैजिकल मैंग्रोव्स नामक एक मुहिम चलाई है। मुहिम ने मुहिम वालंटीयर के रूप में 150 से अधिक युवकों को प्रशिक्षित किया है। इन वालंटीयर, या मैनग्रोव एंबेसडर, उन्हें इस नाम से भी पुकारा जाता है, ने वर्चुअल सेशन में 18,000 से अधिक भारतीयों को जागरूक किया है। गोदरेज एंड बॉयस की तेजश्री जोशी, हेड, इन्वयारमेंटल सस्टेनिबिलिटी, ने मैनग्रोव संरक्षण के सामूहिक प्रयासों पर कहा, तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए क्लाइमेट चेंज और एक्सट्रीम वैदर गंभीर चिंता का विषय है। भारत के कुछ प्रमुख महानगर तटों पर स्थित हैं और हमने इन नगरों को विनाशकारी घटनाओं से जूझते हुए देखा है। समुद्र तट के रक्षक और ब्लू कार्बन सिस्टम के रूप में मैनग्रोव का महत्व पहले से विदित है। वर्तमान क्लाइमेट संकट एक ऐसा ईकोसिस्टम बनाने पर बल देता है जो मैनग्रोव को संरक्षित करने के सामान्य लक्ष्य के साथ विभिन्न हितधारकों के प्रभाव का लाभ उठाने में समर्थ बन सकें। इसलिए यह जरूरी है कि हम न केवल मैनग्रोव के बारे में अधिक जानें, बल्कि उनके संरक्षण में कंपनियों और नागरिकों की भागीदारी को भी बढ़ाया जाए। मैनग्रोव के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले के रूप में अनुसंधान के योगदान को मानते हुए, कंपनी ने विक्रोली मैनग्रोव की विविध वनस्पतियों और जीवजंतुओं को प्रलेखित और निगरानी के लिए कई अध्ययन शुरू किए हैं। वर्तमान अनुसंधान के प्रमुख भाग के रूप में विक्रोली मैनग्रोव में 82 मकड़ी प्रजातियों का प्रलेखन किया गया था, जिनमें से अब तक 37 की पहचान की जा चुकी है।

# रुपया शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले संकीर्ण दायरे में नजर आया

मुंबई, एजेंसी



कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती आने और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के सख्त रुख जारी रखने की आशंकाओं के बीच मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरूआती घंटे में एक संकीर्ण दायरे में कारोबार करता दिखा। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.73 के भाव पर खुला और एक संकीर्ण दायरे में कारोबार करता हुए दिखा। शुरूआती सौदों में रुपये ने डॉलर के मुकाबले 79.79 का निचला स्तर भी छुआ। सोमवार को रुपया 12 पैसे की मजबूती के साथ 79.78 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, मंगलवार को कारोबार की शुरूआत रुपये ने मजबूती के साथ की। लेकिन घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती और विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने का असर रुपये पर पड़ा और वह थोड़ा कमजोर होने लगा। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा कि निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का इंतजार कर रहे हैं लिहाजा वे अभी एहतियात बरत रहे हैं। लेकिन कच्चे तेल के दाम बढ़ने और वैश्विक वृद्धि को लेकर आशंका गहराने से डॉलर की स्थिति प्रभावित हो सकती है। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत गिरकर 106.37 पर आ गया। वहीं अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 106.61 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजारों से मिले आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 844.78 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

# पीवीआर ने सिनेमा एडवरटाईजिंग में अपना लेटेस्ट इनोवेशन प्रस्तुत किया

गुरुग्राम, एजेंसी

भारत की सबसे बड़ी सिनेमा प्रदर्शनी और देश की सबसे बड़ी इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग कंपनी, पीवीआर सिनेमाज ने आज महामारी के बाद अपना कमबैक करने के बाद इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग स्पेस में लेटेस्ट इनोवेशन की घोषणा की। कंपनी ने भारत में पहली बार 270-डिग्री ऑन-स्क्रीन एक्सपीरियंशल इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग प्रस्तुत की, ताकि ब्रांड्स के प्रति लोगों की उत्सुकता बढ़ाई जा सके। मारुति सुजुकी सिनेमा में ऑल-न्यू 2022 मारुति सुजुकी ब्रेज्जा का लॉन्च करने के लिए इस प्लेटफॉर्म का उपयोग करने वाला पहला एडवरटाईजर बन गया है। इस उत्पाद के एक्सपीरियंशल व्यू का प्रदर्शन दिल्ली, गुरुग्राम, मुंबई और बैंगलोर में चुनिंदा पीवीआर सिनेमाज में एक हफ्ते के लिए किया जा रहा है।

एक ओओएच मीडिया कंपनी, एक्सपीरिया ग्रुप के साथ गठबंधन में पीवीआर साईड वॉल्स पर हाईब्रिड टेक्नॉलॉजिकल इंटीग्रेशन के साथ 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग का इस्तेमाल करता है। प्रोजेक्शन मैपिंग से सामान्य कमर्शियल अत्यधिक आकर्षक कमर्शियल बन जाते हैं और कंटेंट को जीवंत बना देते हैं। इस घोषणा के बारे में श्री गौतम दत्ता, सीईओ, पीवीआर लिमिटेड ने कहा, हम देश के सर्वश्रेष्ठ कार निमार्ताओं में से एक के साथ गठबंधन करने के लिए उत्साहित हैं और उनके नए लॉन्च किए गए उत्पाद का प्रदर्शन थिएटर्स के अंदर आगंतुकों के लिए कर रहे हैं। इनोवेशन पीवीआर के मूल में है और हम अपने ग्राहकों एवं एडवरटाईजर्स को कुछ ऐसा प्रस्तुत करने के लिए आशान्वित हैं, जो उनकी उम्मीदों से परे हो, और हमें इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग के क्षेत्र में प्रवेश करने की खुशी है। हमें विश्वास है कि एडवरटाईज़िंग की यह इनोवेटिव विधि, जो उत्पादों के लॉन्च के लिए उत्तम है, ब्रांड्स को थिएटर जाने वालों के मस्तिष्क में एक स्थायी प्रभाव छोड़ने में मदद करेगी। पीवीआर इन-सिनेमा एडवरटाईज़िंग के लिए अन्य ब्रांड्स एवं एडवरटाईजर्स के साथ सहयोग करने के लिए आशान्वित है। महामारी के बाद पीवीआर एडवरटाईज़िंग और फिल्म प्रमोशन की शिथिलता एवं जड़त्व को समाप्त करने में अद्वितीय रहा। इस प्रक्रिया में मूवीज और ब्रांड्स के साथ शक्तिशाली साझेदारियां की गईं। दोबारा खुलने के बाद पीवीआर ने अपने कस्टमर केयर प्रोग्राम (पीवीआर केयर्स) के लिए अपने हाईजीन पार्टनर के रूप में अग्रणी पर्सनल केयर ब्रांड डेटॉल के साथ गठबंधन किया। दुनिया में सिनेमा के इतिहास में पहली बार पीवीआर और एसएस राजामौली एक साथ आए और पीवीआर ने अपने ब्रांड की पहचान व लोगो की पीवीआरआरआर के रूप में पुर्नकल्पना की तथा मूवी के पीवीआर आर आर एनएफटी आईकोनिक डिजिटल कलेक्टिबल्स लॉन्च किए। किफायती खरीद से लेकर उत्तम अनुभवों पर खर्च करने की ओर ग्राहकों के रूझान से कोटक पीवीआर मूवी डेबिट कार्ड लॉन्च करने की प्रेरणा मिली, जो भारत का पहला को-ब्रांडेड मूवी डेबिट कार्ड है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोहली दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक : रॉबिन उथप्पा

मुंबई। भारत के क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने मंगलवार को कहा है कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट में जहां लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है, तो वहीं वनडे क्रिकेट से प्रशंसकों ने दूरी बनाई है। उथप्पा ने क्रिकचैट पावर्ड बाय परिमैच पर कहा, हालांकि टी20 और टेस्ट क्रिकेट जारी रह सकता है, लेकिन वनडे मैचों का होना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। 2007 आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उथप्पा ने भी वनडे मैचों में उद्घाटन और समापन सत्र के महत्व पर चर्चा की और मौजूदा वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में संजू सैमसन की विकेटकीपिंग क्षमताओं की सराहना की। भारत ने मेजबान टीम के खिलाफ सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। हाल ही में इस मुद्दे पर बहस हुई थी कि क्या विराट कोहली को खेल से ब्रेक लेना चाहिए क्योंकि वह खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, तो उथप्पा ने कहा, हमारे पास उनकी स्थिति या खेल जीतने की उनकी क्षमता पर सवाल उठाने का न तो अधिकार है और न ही कोई आधार है। उन्होंने आगे कहा, वह (कोहली) मैच विजेता हैं और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। अनुभवी क्रिकेटर ने यह भी कहा कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह एक महान टेस्ट कप्तान होंगे।

### लवलीना की कोच संध्या गुरुंग को एक्रीडिटेशन मिला

बर्मिंघम। स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की निजी कोच संध्या गुरुंग को मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक्रीडिटेशन (मान्यता) मिल गया। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने दावा किया था कि उनके कोच के लगातार उत्पीड़न के कारण राष्ट्रमंडल खेलों के लिए उनकी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। संध्या भारतीय टीम की सहायक कोच भी हैं। उन्हें प्रतियोगिता से कुछ ही दिन पहले भारतीय दल में शामिल किया गया। रविवार को यहां पहुंचने पर उन्हें खेल गांव में प्रवेश की स्वीकृति नहीं मिली क्योंकि उनके पास एक्रीडिटेशन नहीं था जिससे विवाद पैदा हो गया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारी ने पीटीआई को बताया, संध्या को आज सुबह मुक्केबाजी खेल गांव लाया गया और एक्रीडिटेशन दिया गया। वह अब टीम के साथ हैं। संध्या को खेल गांव में कमरा भी दिया गया है। लवलीना ने सोमवार को सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट डालकर कहा था कि उन्हें लग रहा है कि उनका मानसिक उत्पीड़न हो रहा है क्योंकि उन्हें अपनी कोच को टीम में शामिल कराने के लिए जूझना पड़ रहा है।

### काउंटी में सैनी का शानदार प्रदर्शन जारी

नई दिल्ली। टीम इंडिया के युवा तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने अपनी शानदार फॉर्म को दूसरे मैच में भी जारी रखा है। कैंट की ओर से खेल रहे इस तेज गेंदबाज ने लंकाशर के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट अपने नाम किए। बारिश के कारण पहले दिन केवल 34.2 ओवर का खेल ही हो पाया। सैनी ने 11 ओवर फेंके और 45 रन देकर 3 विकेट लिए। लंकाशर ने दिन का खेल समाप्त होने तक 4 विकेट पर 112 रन बनाए थे। पहले दिन का खेल समाप्ति की घोषणा तक भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर (6) जबकि कप्तान स्टीवन क्राफ्ट (21) रन बनाकर खेल रहे थे।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ इतिहास रचने उतरेगी टीम इंडिया

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी



श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ आज यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत कर क्लीन स्वीप करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं श्रृंखला जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी एक टीम का किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ इस मैच में कुछ नए खिलाड़ियों को आजमा सकते हैं लेकिन वह जीत की लय बरकरार रखने के लिए टीम संतुलन बनाए रखने पर जोर देंगे।

बल्लेबाजी विभाग में शुभमन गिल पर रुतुराज गायकवाड को प्राथमिकता मिलने की संभावना नहीं है। गिल ने पिछले दो मैचों में 64 और 43 रन की दो उपयोगी पारियां खेली थी। गायकवाड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पूरी श्रृंखला में खेलने का मौका मिला था जहां वह तेज गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए थे। श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने भी पिछले मैच में अर्धशतक जमाए थे जबकि सूर्यकुमार यादव को पहले दो मैचों में नाकामी के बावजूद एक और मौका दिया जा सकता है। ऐसे में ईशान किशन को बाहर ही बैठना पड़ेगा। रविंद्र जडेजा को इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन के साथ उप कप्तान बनाया गया था और ऑलराउंडर के रूप में वह पहली पसंद थे लेकिन घुटने की चोट के कारण व पहले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे।

यह भी सुनिश्चित नहीं है कि जडेजा तीसरे मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं क्योंकि उनकी अनुपस्थिति में अक्षर पटेल ने दूसरे मैच में 64 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को जीत दिलाई थी। पटेल के इस प्रदर्शन को टीम प्रबंधन नजरअंदाज नहीं कर सकता है। यदि धवन बाएं हाथ के दो स्पिनरों को उतारने की योजना बनाते हैं तो फिर युजवेंद्र चहल को बाहर बैठना पड़ सकता है। लेकिन इससे भारतीय गेंदबाजी में विविधता का अभाव देखने को मिल सकता है। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को इंग्लैंड में वनडे के दौरान जांघ की मांसपेशियों में परेशानी हुई थी लेकिन अब वह फिट हैं और बाएं हाथ का तेज गेंदबाज होने के कारण उन्हें आवेश खान की जगह टीम में लिया जा सकता है। आवेश ने दूसरे वनडे में छह ओवर में 54 रन लुटाए थे और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था।

**विश्व रिकॉर्ड**

- भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे प्रारूप में लगातार 12वीं श्रृंखला जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था

आवेश और प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदबाजी शैली एक तरह की है और ऐसे में इनमें से किसी एक को ही अंतिम एकादश में रखा जा सकता है। जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो उनके पास क्षमतावान खिलाड़ी हैं लेकिन वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। वह अभी तक शाई होप, निकोलस पूरण, रोवमैन पावेल या रोमेरियो शेफर्ड पर निर्भर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम ने अभी तक अहम मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। श्रृंखला के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज जेसन होल्डर को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। वेस्टइंडीज का लक्ष्य वनडे में अपनी हार का क्रम तोड़ना होगा क्योंकि इससे पहले उसे बांग्लादेश से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इस प्रकार हैं: वेस्टइंडीज: निकोलस पूरण (कप्तान), शाई होप (उप-कप्तान), शमर ब्रूक्स, कीसी कार्टी, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, कीमो पॉल, रोवमैन पॉवेल और जेडन सील्स, हेडन वॉल्श।

भारत: शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह।

## कनेरिया ने की तारीफः अक्षर विंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिनी में शेर की तरह खेले

नई दिल्ली, एजेंसी



वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में भारत को शानदार जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 64 रन की नाबाद पारी खेलकर रविवार को पोर्ट ऑफ स्पेन में रिकॉर्ड 312 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। इसके चलते पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने सोमवार को अक्षर पटेल की जमकर प्रशंसा की है।

दानिश कनेरिया भारतीय टीम से पूरी तरह प्रभावित दिखे और उन्होंने भारत के पहले बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच, कू ऐप पर लाइव सत्र के दौरान मेहमान टीम के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने अपनी कू पोस्ट में कहा, मैच फिनिशर बन रहे अक्षर पटेल की शानदार बल्लेबाजी के साथ भारत ने वेस्टइंडीज में चमत्कार किया है, क्या शानदार पारी थी। क्या शानदार क्रिकेट का रत्न है। अक्षर पटेल शेर की तरह खेले। कनेरिया यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा, शानदार ढंग से मैं उसे खेल का आनंद ले रहा था, जिसने भी मैच देखा है वास्तव में उन्हें खेल से प्यार करना चाहिए था, जबर्दस्त क्रिकेट हुआ है, संजू सैमसन ने अपना अर्धशतक बनाया और वह शानदार खेल रहे थे लेकिन दुर्भाग्य से वह रनआउट हो गए। अक्षर पटेल को लेकर वह आगे बोले, उन्होंने परिपक्व और समझदार तरीके के साथ बल्लेबाजी की, लेकिन वो 'अक्षर पटेल' थे, जिन्होंने भारत की तरफ से शानदार बल्लेबाजी की थी। जब अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए तो टीम इंडिया काफी पीछे थी लेकिन उन्होंने व्यवस्थित ढंग से बल्लेबाजी करके इसे आसान बना दिया।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने कहा, शानदार पारी खेलते हुए, उन्होंने अपने करियर का पहला अर्धशतक बनाया और भारत को शानदार जीत दिलाने के लिए 64 रन की बेहतरीन पारी खेली। और शिखर धवन के नेतृत्व में एक और श्रृंखला जीती। कनेरिया ने संजू सैमसन की भी तारीफ की, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अक्षर के कहर बरपाने वाली पारी से पहले अर्धशतक बनाया।

## ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं के पूर्व अध्यक्ष लॉरी सावले का 96 वर्ष की आयु में निधन

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं के पूर्व अध्यक्ष लॉरी सावले का निधन हो गया है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट संघ (डब्ल्यूएसीए) ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। 19 अगस्त 1925 को ईस्ट फ्रेमेंटल में जन्मे सावले का 96 वर्ष की आयु में 25 जुलाई को रात में निधन हो गया।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन ने एक बयान में कहा, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के महान खिलाड़ी लॉरी सावले के निधन से डब्ल्यूए क्रिकेट बहुत दुखी है और हम उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। सावले पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशासन के दूरदर्शी थे, जिन्होंने 20 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में देश में क्रिकेट को आगे बढ़ाया। उन्हें आमतौर पर द कर्नल के रूप में जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 7 वीं ऑस्ट्रेलियाई इन्फैंट्री बटालियन में सेवा करने के बाद-सावले का 1962 और 1980 के बीच राज्य चयनकर्ता के रूप में गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने डेनिस लिली, रॉड मार्श, किम ह्यूजेस, टेरी एल्डरमैन, बॉब मैसी, रॉस एडवर्ड्स और जॉन इनवेरारिटी को प्रथम श्रेणी में पदार्पण कराया।

सावले बाद में 1982-1995 के बीच ऑस्ट्रेलिया के चयन पैनल के सदस्य बन गए। उन 11 वर्षों में, सावले राष्ट्रीय चयनकताओं के एक बुद्धिमान लेकिन सख्त अध्यक्ष थे, जिन्होंने स्टीव वॉ, मार्क वॉ, मार्क टेलर, इयान हीली, शेन वार्न, ग्लेन मैकग्राथ, डेमियन मार्टिन, जस्टिन लैंगर और मैथ्यू हेडन को टेस्ट डेब्यू कराया। मैदान पर, डब्ल्यूए के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सावले ने 35 प्रथम श्रेणी मैचों में 28.83 की औसत से 1701 रन बनाए। जिसमें एक शतक शामिल है। मार्च 2009 में, सावले को डब्ल्यूए क्रिकेट गैलरी ऑफ ग्रेट्स में शामिल किया गया था। अपने प्रशासनिक करियर के समाप्त होने के बाद भी, सावले वाका ग्राउंड शेफील्ड शील्ड खेलों में नियमित रूप से शामिल होते थे। सावले की विरासत को आने वाले अनगिनत वर्षों तक याद किया जाएगा।

डब्ल्यूए क्रिकेट सीईओ क्रिस्टीना मैथ्यूज ने कहा, लॉरी सावले दशकों से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट के ताने-बाने के लिए बहुत बड़े थे। वह एक अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली और समर्पित प्रशासक थे जो खुद को और दूसरों को समर्थन देने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। क्रिकेट के लिए उनका जुनून कभी कम नहीं हुआ। उनकी सेवानिवृत्ति के वर्षों बाद भी, हम उन्हें नियमित रूप से डब्ल्यूएसीए ग्राउंड पर देखते थे। डब्ल्यूए क्रिकेट समुदाय इस कठिन समय में उनके तीन बच्चों मैरीने, कार्मेल और मार्क और करीबी दोस्तों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।

## नीरज चोपड़ा मांसपेशियों में खिंचाव के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

बर्मिंघम, एजेंसी



भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फिटनेस संबंधी दिक्कतों के कारण राष्ट्रमंडल खेलों से हट गए हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चोपड़ा ने रविवार को यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीता था लेकिन इस प्रतियोगिता के दौरान उनके पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चोपड़ा को एक महीने के विश्राम की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की आज सुबह अमेरिका से फोन पर मुझसे बात हुई और उन्होंने फिटनेस चिंताओं के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने में असमर्थता जताई। मेहता ने कहा, यूजीन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद चोपड़ा ने सोमवार को एमआरआई कराया था और उनकी चिकित्सा टीम ने उन्हें एक महीने विश्राम करने की सलाह दी है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाला दूसरा भारतीय एथलीट बना था। उनसे पहले अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2003 विश्व चैंपियनशिप में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता था चोपड़ा के गुरुवार से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का ध्वजवाहक बनने की संभावना थी। भारतीय दल के दल प्रमुख राजेश भंडारी ने पीटीआई से कहा, हमारी अब बैठक होगी जिसमें नए ध्वजवाहक का चयन किया जाएगा।

## सीडब्ल्यूजी के बाद ही होगी आईओए कार्यकारी समिति बैठक : राजीव मेहता

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को जल्द से जल्द चुनाव कराने को कहा गया है। इस पर महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि कार्यकारी समिति की बैठक बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के बाद ही हो सकती है। मेगा इवेंट 28 जुलाई को उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होगा और 8 अगस्त को समाप्त होगा। मेहता ने कहा है कि चूंकि आईओए के कई अधिकारी बर्मिंघम में होंगे, इसलिए खेलों के बाद कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित करना संभव होगा। आईओसी ने हाल ही में आईओए को एक पत्र जारी कर राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (एनओसी) से जल्द से जल्द चुनाव कराने को कहा था। पिछले साल दिसंबर में होने आईओए चुनाव वाले थे। दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे एक मामले के कारण स्थगित कर दिए गए थे। जहां पर राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। इनसाइड द गेम्स डॉट कॉम ने मेहता के हवाले से कहा, अगला आदेश 26 जुलाई से 3 अगस्त के बीच आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चूंकि हम में से कुछ लोग बर्मिंघम की यात्रा कर रहे हैं, हमें अगला कदम क्या है, यह देखने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के खत्म होने तक इंतजार करना होगा। मंगलवार को आईएएनएस से बात करते हुए मेहता ने कहा कि वह इस समय नई दिल्ली में हैं, लेकिन राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बर्मिंघम जाएंगे। मेहता ने मंगलवार को कहा, खेल के दौरान कभी-कभी मैं बर्मिंघम की यात्रा करूंगा। नरिंदर बत्रा ने हाल ही में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और आईओए के प्रमुख के रूप में इस्तीफा दे दिया था।

## साइकिलिंग, जिमनास्टिक में भारतीयों के सामने खुद को साबित करने की चुनौती

बर्मिंघम, एजेंसी



भारतीय जिमनास्ट राष्ट्रमंडल खेलों (सीडब्ल्यूजी) की तैयारियों के दौरान हुए विवादों को पीछे छोड़कर अच्छे प्रदर्शन से प्रशंसकों का ध्यान फिर से इन खेलों की तरफ खींचना चाहेंगे तो वहीं देश की साइकिलिंग टीम चार साल के अंतराल पर होने वाले इस आयोजन से पदकों के सूखे को खत्म करने उतरेगी।

इन दोनों खेलों में जो बात सामान्य है वह यह कि दोनों के कोच को हाल के दिनों में बदला गया है। जिमनास्टिक में महिला टीम के नामित कोच के साथ मुख्य कोच रोहित जायसवाल को पिछले सप्ताह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से हटा दिया गया था। जायसवाल के खिलाफ जिमनास्ट अरुणा बुड्डा रेड्डी ने बिना सहमति के उनकी वीडियोग्राफी करने का आरोप लगाया था। साइकिल टीम की महिला चालक ने स्लोवेनिया के विदेशी दौरे के दौरान मुख्य कोच के खिलाफ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था जिसके बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। जायसवाल के हटने के बाद अनुभवी कोच बिश्वेश्वर नंदी को जिम्नास्टिक टीम की जिम्मेदारी दी गयी। नंदी की देखरेख में दीपा करमाकर रियो ओलंपिक में मामूली अंतर से पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रही थी। एशियाई चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली 27 साल की प्रणति नायक महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। तोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन करने पर आलोचना झेलने वाली प्रणति यहां त्सुकाहारा 720-डिग्री मोड़ और हैंड्सस्प्रिंग स्ट्रेट बॉडी 540-डिग्री मोड़ के साथ, दो बेहद मुश्किल माने जाने वाले वाल्ट में स्पर्धा करेंगी। महिला टीम में नंदी की शिष्या 18 साल की प्रतिष्ठा सामंता भी है। वह इस साल विश्व कप में चौथे स्थान पर रही है। पुरुषों की टीम में बंगाल के सत्यजीत मंडल, योगेश्वर सिंह और महाराष्ट्र के रहने वाले नौसेना के सैफ तंबोली शामिल हैं। मंडल पिछले महीने विश्व

**आयोजन**

- देश की साइकिलिंग टीम चार साल के अंतराल पर होने वाले इस आयोजन से पदकों के सूखे को खत्म करने उतरेगी

चैलेंज कप में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण पर वॉल्ट स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहे थे। नंदी को भारतीय टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे प्रणति और प्रतिष्ठा से काफी उम्मीदें है। दोनों में से कोई भी फाइनल में पहुंच सकता है। पहली चुनौती फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है। भारतीय जिम्नास्टिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक तीन पदक जीते है। जिसमें दिल्ली खेलों में आशीष कुमार का रजत पदक टीम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। साइकिलिंग में 13 सदस्यीय टीम एशियाई ट्रैक चैम्पियनशिप (एटीसी) के अच्छे प्रदर्शन को राष्ट्रमंडल खेलों में जारी रखकर अपना पहला पदक जीतने के लिए जोर लगायेगी।

## राष्ट्रमंडल खेल : भारतीयों को खूब रास आई है ब्रिटिश धरती

नई दिल्ली, एजेंसी



राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन जब भी ब्रिटिश धरती पर किया गया तब भारतीय खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और उम्मीद की जा रही है कि निशानेबाजी खेल शामिल नहीं किये जाने के बावजूद बर्मिंघम में 28 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों में भी वे नये रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। भारत ने अब तक ब्रिटिश धरती पर पांच बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लिया और केवल ग्लास्गो 2014 को छोड़कर उसने हर बार अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल किए।

भारत ने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में 1934 में हिस्सा लिया था जिनका आयोजन लंदन में किया गया था। भारत ने तब केवल दो खेलों एथलेटिक्स और कुश्ती में हिस्सा लिया। पहलवान राशिद अनवर ने 74 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर भारत को इन खेलों का पहला पदक दिलाया था। वेल्स के कार्डिफ में 1958 में हुए खेलों में भारत पहली बार दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा था। भारत को यह स्वर्ण पदक उड़न सिख मिल्खा सिंह और पहलवान लीला राम ने दिलाए थे। पहलवान लक्ष्मी कांत पांडे ने रजत पदक जीता था। भारत इससे पहले सिडनी (1938) और वेंकूवर (1954) में कोई पदक नहीं जीत पाया था। इसके बाद ब्रिटेन में 1970 में स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया जिसमें भारत ने 12 पदक जीते थे। इनमें पांच स्वर्ण पदक शामिल हैं। भारत ने अपने पांचों स्वर्ण और तीनों रजत पदक कुश्ती में जीते थे। भारत की तरफ से तब पहलवान वेद प्रकाश, सुदेश कुमार, उदय चंद, मुख्तियार सिंह और हरिश्चंद्र बिराजदार ने सोने के तमगे हासिल किए थे। एडिनबर्ग में ही 1986 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया था जिनमें भारत ने हिस्सा नहीं लिया था। इसके बाद मैनचेस्टर में 2002 में ब्रिटिश धरती पर राष्ट्रमंडल खेल खेले गये और भारत ने तब अपना उस समय तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। मैनचेस्टर 2002 में भारत 30 स्वर्ण पदक सहित कुल 69 पदक जीतने में सफल रहा था।

भारत ने तब ऑस्ट्रेलिया, मेजबान इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया था। भारत ने मैनचेस्टर में 14 स्वर्ण पदक निशानेबाजी में जीते थे लेकिन बर्मिंघम 2022 में इस खेल को शामिल नहीं किया गया है जिसका भारत को सबसे अधिक नुकसान होगा। मैनचेस्टर में ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर सोने का तमगा जीतकर इतिहास रचा था।

## शाहिद अफरीदी ने वनडे क्रिकेट को बताया बोरिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने हाल ही में वनडे फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उनके संन्यास के बाद वनडे क्रिकेट को लेकर बहस छिड़ गई। कई पूर्व खिलाड़ियों का कहना है कि वनडे फॉर्मेट अब खत्म होने की ओर है। इससे पहले टेस्ट फॉर्मेट को लेकर यही बात चली थी। अब इसको लेकर पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शाहिद अफरीदी ने प्रतिक्रिया दी है। अफरीदी ने बताया है कि कैसे वनडे फॉर्मेट को बचाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अफरीदी ने वनडे फॉर्मेट को लेकर कहा, "वनडे क्रिकेट अब थोड़ा बोरिंग हो गया है। मैं सुझाव देना चाहूंगा कि वनडे फॉर्मेट को 50 से 40 ओवरों का कर देना चाहिए। इससे यह मनोरंजक बना रहेगा।"

अफरीदी के इस बयान को लेकर भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी कहा था कि अगर वनडे फॉर्मेट को छोटा करके बचाया जा सकता है तो ऐसा कर देना चाहिए। शास्त्री का कहना है कि पहले यह 60 ओवरों का था, इसके बाद इसे 50 ओवरों का कर दिया गया था। गौरतलब है कि दुनिया भर में टी20 फॉर्मेट के कई टूर्नामेंट खेले जाते हैं। इसमें इंडियन प्रीमियर लीग भी शामिल हैं। जबकि वनडे फॉर्मेट इंटरनेशनल क्रिकेट में ही खेला जाता है।

## स्क्वाश : बर्मिंघम में एकल का मिथक तोड़ने उतरेगा भारत

बर्मिंघम, एजेंसी



सभी वर्गों में पदक जीतने के लक्ष्य के साथ भारतीय स्क्वाश टीम राष्ट्रमंडल खेलों के लिये बर्मिंघम पहुंच गई है जिसमें सौरभ घोषाल और जोशना चिनप्पा एकल में पदक जीतने का मिथक तोड़ने के लिए अपना आखिरी प्रयास करेंगे।

दीपिका पल्लीकल, जोशना और सौरभ की तिकड़ी पिछले 15 वर्षों से भारतीय स्क्वाश टीम का जिम्मा अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। इन तीनों ने इस बार खेलों के लिए कड़ी मेहनत की है क्योंकि यह उनके आखिरी राष्ट्रमंडल खेल भी हो सकते हैं। स्क्वाश को राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 1998 में शामिल किया गया था और तब से लेकर अभी तक भारत केवल तीन पदक जीत पाया है। इनमें आठ साल पहले ग्लास्गो में जोशना और दीपिका द्वारा जीता गया ऐतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। वे फिर से खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में ब्रिटिश धरती पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस साल के शुरू में विश्व खिताब भी जीता था। अब जुड़वा बच्चों की मां दीपिका ने घोषाल के साथ मिलकर अप्रैल में विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल का खिताब जीतकर शानदार वापसी की है। मिस्र को छोड़कर स्क्वाश खेलने वाली चोटी की सभी टीमें राष्ट्रमंडल खेलों का हिस्सा है। भारत अभी तक एकल में पदक नहीं जीत पाया है लेकिन जोशना और घोषाल इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। दीपिका ने वापसी के बाद अभी एकल में खेलना शुरू नहीं किया है। घोषाल से जब पूछा गया कि क्या भारत के पास 2022 में एकल में पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका रहेगा उन्होंने कहा, ऐसी उम्मीद है।

20 साल पहले जब हमने खेलना शुरू किया था तब से हमने काफी प्रगति की है। हमने खिलाड़ियों के रूप में भी अच्छी प्रगति की है। राष्ट्रमंडल खेलों में चुनौती कड़ी होती है। यहां पदक जीतना आसान नहीं होता है। घोषाल को पिछली बार राष्ट्रमंडल खेलों में तीसरी वरीयता दी गई थी लेकिन वह शुरू में ही बाहर हो गए थे। वह इस बारे में सोच कर अपने पर अतिरिक्त दबाव नहीं बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं ड्रा के बारे में नहीं सोच रहा हूं पिछली बार मैंने ऐसी गलती की थी। मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं। भारत ने बर्मिंघम रवाना होने से पहले चेन्नई में विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ग्रेगरी गॉल्टियर की देखरेख में अभ्यास किया था।

भारतीय महिला टीम में 14 वर्षीय अनहत सिंह भी शामिल है। उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। पिछले महीने एशियाई जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में उन्होंने लड़कियों के अंडर-15 वर्ग में खिताब जीता था। अनहत अभी तक 46 राष्ट्रीय सर्किट और दो राष्ट्रीय खिताब जीत चुकी है। उनके नाम पर अभी तक आठ अंतरराष्ट्रीय खिताब दर्ज हैं। उनके अलावा सुनयना कुरुविला, अभय सिंह और वी सेंथिलकुमार भी पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेंगे।

## राष्ट्रमंडल खेल 2022 से बाहर हुईं मारिजैन कप्प

बर्मिंघम, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका की स्टार ऑलराउंडर मारिजैन कप्प बर्मिंघम में आयोजित आगामी राष्ट्रमंडल खेल 2022 से बाहर हो गई हैं। कप्प हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के इंग्लैंड दौरे को छोड़कर घर लौटना पड़ा था, क्योंकि उनके देवर की दुर्घटना के शिकार हो गए थे। प्रोटियाज को उम्मीद थी कि कप्प एजबेस्टन में 10-दिवसीय टूर्नामेंट के लिए मैदान में लौट आएंगी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कोच हिल्टन मोरेंग ने 32 वर्षीय खिलाड़ी के वापस न लौटने की खबर पर अंतिम मुहर लगा दी है। हालांकि मोरेंग ने संकेत दिया है कि कप्तान सुने लुस और अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ राष्ट्रमंडल खेलों में अपने शुरूआती मैच के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में वापसी करने के लिए फिट होंगी। यह जोड़ी सोमवार को डर्बी में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम टी20 मैच से बाहर हो गई थी, लेकिन मोरेंग को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी व्हाइट फर्न्स के खिलाफ खेलेगी। मोरेंग ने एक बयान में कहा, दोनो खिलाड़ी अच्छी तरह से फिट है और पहले मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगी। सुने निश्चित रूप से गेंदबाजी करने में सक्षम होंगी। मारिजैन के संबंध में, वह राष्ट्रमंडल खेल से बाहर हो जाएंगी। दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक कप्प के स्थान पर किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रांस में मंकीपॉक्स टीकाकरण केंद्र खुला

पेरिस। फ्रांस की राजधानी पेरिस में मंगलवार से उच्च क्षमता वाला मंकीपॉक्स टीकाकरण केंद्र जनता के लिए खोल दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री फ्रेंकोइस ब्रौन ने सोमवार घोषणा की थी कि मंगलवार से पेरिस में उच्च क्षमता वाला मंकीपॉक्स टीकाकरण केन्द्र जनता के लिए खोल दिया जायेगा। पब्लिक हेल्थ फ्रांस के अनुसार, राजधानी क्षेत्र में 726 मंकीपॉक्स के मामले दर्ज किए गए है जो कि पिछले सप्ताह फ्रांस में पुष्टि किए गए 1,567 मामलों में से करीब आधे है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि देश में मंकीपॉक्स के पुष्ट मामलों की संख्या 1700 से अधिक है। उन्होंने कहा कि देश में मंकीपॉक्स के मामलों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए अभी तक 100 से अधिक टीकाकरण केन्द्र हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 23 जुलाई को मंकीपॉक्स के प्रकोप को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना के 99,327 नये मामले

सियोल। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस महामारी के 99,327 नए मामले सामने आए हैं, इसके साथ ही देश में इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़कर 19,346,764 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी हैं। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार नये मामलों में 353 बाहर से आये लोगों के मामले शामिल है। इसी के साथ इस बाहर से आये लोगों के मामलों की संख्या अब 42,196 हो गयी है। केडीसीए के अनुसार देश में इस बीमारी के गंभीर रोगियों की संख्या 168 हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान महामारी से 17 और लोगों की मौत हुई है। कोविड -19 से अब देश में 24,907 लोगों की मौत हो चुकी। वर्तमान में कुल मृत्यु दर 0.13 प्रतिशत है।

### ईरान ने अपने युद्धपोतों को स्टेल्थ तकनीकी से किया लैस

तेहरान। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स ने अपने तेज युद्धपोतों को स्टेल्थ तकनीक से लैस कर दिया है। अर्ध सरकारी फारस न्यूज एजेंसी ने यह रिपोर्ट दी हैं। फारस न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आईआरजीसी के नौसेना कमांडर अलीरेजा तांगसिरी ने दक्षिण ईरान के बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में एक समारोह से इतर कहा कि आईआरजीसी अगले चरण में घरेलू रूप से उत्पादित पतवारों का उपयोग करना चाहता है। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर विकसित प्रौद्योगिकियों, घरेलू उत्पादों और ईरानी विशेषज्ञों की इन पर आईआरजीसी नौसेना को गर्व है। उन्होंने कहा कि आईआरजीसी नौसेना एक व्यापक रणनीतिक नौसैनिक बल है। इसमें टैंक से लेकर फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट और ड्रोन तक अन्य सशस्त्र बलों की पहुंच वाले सभी उपकरण हैं और इस क्षेत्र में इसकी उपस्थिति ने दुश्मन में भय उत्पन्न कर दिया है।

### इजराइल ने संदिग्ध फलस्तीनी हमलावरों के घरों को ढहाया

यरूशलम। इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक की एक बस्ती में इजराइली सुरक्षा गार्ड की हत्या के दो फलस्तीनी संदिग्धों के घरों को ध्वस्त कर दिया। व्याचेस्लाव गोलेव नाम का इजराइली सुरक्षा गार्ड 29 अप्रैल को वेस्ट बैंक में एक यहूदी बस्ती के प्रवेश द्वार पर हुई गोलीबारी की घटना में मारा गया था। फलस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। इजराइली सेना ने बाद में हमले को अंजाम देने के संदेह में दो फलस्तीनियों को पकड़ लिया था। इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने उत्तरी वेस्ट बैंक इलाके में स्थित करावत बानी हसन गांव में संदिग्धों आवासों को ध्वस्त कर दिया है। सेना ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान सुरक्षाबलों को हिंसक विरोध का सामना करना पड़ा, जिसमें सैनिकों पर पेट्रोल बम और जलते हुए टायर फेंके गए।

# द.अफ्रीका के बिजली संकट को दूर करने के लिए व्यापक योजनाएं

जोहानिसबर्ग, एजेंसी



दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने देश में जारी ऊर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा कानून में बदलाव समेत बड़े पैमाने पर सुधारों की घोषणा की है। रामफोसा ने सोमवार शाम राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा, पिछले तीन हफ्तों के दौरान, बिजली की अत्यधिक कटौती ने हमारे पूरे जीवन को बाधित कर दिया है और हमारी अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाया है। दैनिक बिजली कटौती (कई बार छह-छह घंटे तक) हम अनुभव कर रहे हैं, जिससे लाखों घरों में असुविधा हुई है और भारी नुकसान हुआ है तथा व्यवसायों के लिए चुनौतियां पैदा हो गई हैं।

उन्होंने कहा, भरोसेमंद बिजली आपूर्ति न होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के लोगों की निराशा और गुस्सा उचित है। वे तंग आ चुके हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली बिजली कंपनी एस्कॉम को बिजली ग्रिड को ढहने से रोकने और हमें कभी भी पूरी तरह से बगैर बिजली के नहीं रहना पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए बिजली कटौती करनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा, बिजली की कमी आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए एक बड़ी बाधा है। यह निवेश को रोकती है और हमारी अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धा को कम करती है। रामाफोसा ने कहा कि वह जिन फैसलों की घोषणा कर रहे हैं, उन तक पहुंचने के लिए उन्होंने पिछले 10 दिनों में व्यापक विचार-विमर्श किया है। उन्होंने कहा, हम जिस संकट का सामना कर रहे हैं, उसके लिए हमें बिजली की कमी को दूर करने के लिए साहसिक और निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।

रामाफोसा ने जिन व्यापक योजनाओं की घोषणा की, उनमें एस्कॉम के बिजली स्टेशनों के मौजूदा बेड़े के प्रदर्शन में सुधार, नयी पीढ़ी की क्षमता की खरीद में तेजी, उत्पादन क्षमता में बड़े पैमाने पर निजी निवेश में वृद्धि, व्यवसायों और घरों को रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना और बिजली क्षेत्र में मौलिक सुधार करना और इसे भविष्य में टिकाऊ बनाना शामिल है। राष्ट्रपति ने पुराने बुनियादी ढांचे, नए बिजली स्टेशनों की स्थापना में देरी, बिजली की व्यापक चोरी, धोखाधड़ी और तोड़फोड़ को लगातार बिजली कटौती का कुछ प्रमुख कारण बताया।

### जापान: तोक्यो में सात लोगों की हत्या करने के दोषी को फांसी

**तोक्यो।** जापान में तोक्यो के एक जिले में 2008 में भीड़ पर गाड़ी चढ़ाने और चाकू से हमला कर सात लोगों की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मंगलवार को फांसी दी गई। न्याय मंत्री योशीहिसा फुरुकावा ने संवाददाताओं से कहा कि तोमोहिरो कातो को मंगलवार को तोक्यो जेल में फांसी दी गई। जापान ने मृत्युदंड को बरकरार रखा है। फुरुकावा ने कहा कि जघन्य और हिंसक अपराध करने के दोषियों के लिए मृत्युदंड एक उचित प्रतिक्रिया है और इसे खत्म करना इस समय उचित नहीं है। फुरुकावा ने कहा कि कातो ने सामूहिक हत्याओं को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी की थी, एक नृशंस कृत्य जिसके बेहद गंभीर परिणाम हुए और समाज पर एक बहुत अधिक असर पड़ा। जून 2008 में हमले में कातो ने अपने ट्रक को अकिहाबारा इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग क्षेत्र में सड़क पर ले गया जिससे भीड़ उसकी चपेट में आ गई और तीन पैदल यात्रियों की मौत हो गई। इसके बाद वह वाहन से उतरा और चार लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी। उसने 10 अन्य को घायल भी कर किया। फुरुकावा ने इस बात से इनकार किया कि कातो की फांसी इस महीने की शुरूआत में पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से संबंधित है।

# अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरे चीनी अंतरिक्ष यात्रियों का प्रयोगशाला के मॉड्यूल में प्रवेश



बीजिंग, एजेंसी

चीन के निमार्णाधीन अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद उसके तीन अंतरिक्ष यात्री सोमवार को अपने देश की प्रयोगशाला के मॉड्यूल में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गए। आधिकारिक मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई है। चीन ने वेंटियन नामक अपनी अंतरिक्ष प्रयोगशाला रविवार को शुरू की। चीन देश के अब तक के सबसे बड़े अंतरिक्ष यान को तियांगोंग नामक अंतरिक्ष स्टेशन का हिस्सा बनने के लिए पृथ्वी की कक्षा में भेज रहा है जो वर्तमान में निमार्णाधीन है।

नियोजित कक्षा में प्रवेश करने के बाद सोमवार को तड़के अंतरिक्ष स्टेशन के सामने वाले हिस्से के साथ वेंटियन मॉड्यूल को संबद्ध किया गया। पहली बार चीन के दो 20-टन-स्तर के अंतरिक्ष यान ने कक्षा में संबद्ध होते हुए डॉकिंग प्रक्रिया का संचालन किया है। यह भी पहली बार है कि अंतरिक्ष यात्रियों के अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवास के दौरान अंतरिक्ष में मुलाकात और डॉकिंग प्रक्रिया संपन्न हुई। चाइना मेन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने आधिकारिक मीडिया को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, डॉकिंग के बाद, अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण कर रहे तीन अंतरिक्ष यात्रियों ने प्रयोगशाला में प्रवेश किया।

मिशन के योजनाकारों ने कहा कि आने वाले हफ्तों में, वेंटियन की एक रोबोट उपकरण के माध्यम से जगह बदली जाएगी और नयी जगह पर आने के बाद यह वहीं रहेगी तथा दीर्घकालिक संचालन के लिए तैयार होगी। चाइना डेली की खबर में बताया गया है कि नया लैब मॉड्यूल कोर मॉड्यूल के बैकअप और एक शक्तिशाली वैज्ञानिक प्रयोग मंच के रूप में काम करेगा।

# अमेरिका में कई भारतीयों पर भेदिया कारोबार का आरोप

न्यूयॉर्क, एजेंसी




अमेरिका में भारतीय मूल के कई लोगों पर दो अलग-अलग कथित योजनाओं में भेदिया कारोबार करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इसके जरिए उन्होंने अवैध रूप से 50 लाख डॉलर से अधिक का मुनाफा कमाया।

ल्यूमेंटम होल्डिंग्स के पूर्व मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी अमित भारद्वाज और उनके दोस्तों धीरेन कुमार पटेल (50), श्रीनिवास ककेरा (47), अब्बास सईदी (47) और रमेश चित्तोर (45) पर प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन) ने सोमवार को ये आरोप लगाए। एसईसी ने आरोप लगाया कि कैलिफोर्निया में रहने वाले इन लोगों ने ल्यूमेंटम होल्डिंग्स द्वारा दो कॉर्पोरेट अधिग्रहण घोषणाओं से पहले निवेश के जरिए अवैध रूप से 52 लाख डॉलर का मुनाफा कमाया।

एसईसी ने इन्वेस्टमेंट बैंकर बृजेश गोयल (37) और उनके दोस्त अक्षय निरंजन (33) पर भी भेदिया कारोबार का आरोप लगाया। दोनों न्यूयॉर्क के रहने वाले हैं। एसईसी का आरोप है कि इन दोनों ने 2017 में चार अधिग्रहण घोषणाओं से पहले अवैध रूप से व्यापार करके 2,75,000 डॉलर से अधिक की कमाई की। एसईसी के प्रवर्तन विभाग के निदेशक गुरबीर एस. गरेवाल ने कहा, हम कदाचार को जड़ से खत्म करने के लिए अपने सभी विशेषज्ञों तथा उपकरणों का इस्तेमाल करने और सभी दोषियों को जवाबदेह ठहराने के लिए तैयार हैं, चाहे वे किसी भी उद्योग या पेशे से नाता रखते हों।

# पोप फ्रांसिस ने कनाडा में ईसाई मिशनरियों के दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी

मास्क्वासिस, एजेंसी



पोप फ्रांसिस ने कनाडा के आवासीय स्कूलों में दशकों पहले हजारों बच्चों के साथ हुए ईसाई मिशनरियों के दुर्व्यवहार के लिए माफी मांगी। उन्होंने रविवार को कनाडा की यात्रा शुरू करने से पहले संकेत भी दिया था कि यह प्रायश्चित तीर्थयात्रा है। यह मूल निवासियों के बच्चों की पीढ़ियों को जबरन मौजूदा पीढ़ी के साथ मिलाने में कैथोलिक मिशनरियों की भूमिका का प्रायश्चित करने के लिए है। पोप फ्रांसिस ने कनाडा के इंडिजेनस रेजिडेंशियल स्कूल की कष्टकारी नीति में कैथोलिक चर्च के सहयोग देने पर सोमवार को ऐतिहासिक माफीनामा जारी किया। उन्होंने कहा कि मूल निवासियों को जबरन ईसाई समाज में शामिल किया गया।

इससे उनकी संस्कृति नष्ट हो गई। अलग हुए परिवारों और हाशिये पर रहने वाले लोगों के कष्ट का अनुभव आज भी किया जा रहा है। पोप ने कहा, उन्हें इसका खेद है। मूल निवासियों के खिलाफ अनगिनत ईसाइयों ने जो गलत काम किया, उसके लिए मैं विनम्रतापूर्वक माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा-मैं उन सभी अत्याचारों के लिए माफी मांगता हूं जो कई ईसाइयों ने मूल निवासियों पर ढाए। फ्रांसिस के माफी मांगने का गवाह बनने के लिए अल्बर्टा में बड़ी संख्या में उत्पीड़न के शिकार पूर्व छात्र और स्थानीय समुदाय के सदस्य एकत्र हुए। कनाडा आने के पहले ही दिन पोप ने माफी मांगकर संदेश देने का प्रयास किया कि वे इसे कितना महत्व देते हैं। पोप सात दिन की धार्मिक यात्रा पर कनाडा पहुंचे हैं। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि कैथोलिक रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार और सांस्कृतिक दमन के लिए पोप माफी मांगें। 19वीं और 20वीं सदी में डेढ़ लाख से अधिक स्थानीय विद्यार्थियों को सरकारी ईसाई स्कूलों में पढ़ने के लिए बाध्य किया गया था।

कनाडा सरकार स्वीकार कर चुकी है कि 19वीं शताब्दी से 1970 के दशक तक संचालित सरकारी वित्त पोषित ईसाई स्कूलों में शारीरिक और यौन शोषण बड़े पैमाने पर हुआ था। लगभग 1,50,000 मूल निवासी समुदाय के बच्चों को उनके परिवारों से दूर ले जाया गया। इससे पहले रविवार को अल्बर्टा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और स्थानीय समूह इनुक की सदस्य एवं देश की पहली जातीय गवर्नर जनरल मेरी साइमन ने किया। फ्रांसिस को फ्रॉग लेक फर्स्ट नेशंस के आवासीय स्कूल की एक पीड़ित एल्डर अल्मा डेसजर्लिस को मिलवाया गया। उन्होंने डेसजर्लिस का हाथ चूमा।

# हिमलिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का नया जत्था अमरनाथ रवाना

श्रीनगर, एजेंसी



केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर में पहलगाम और बालटाल मार्गों से मंगलवार को पांच हजार 500 से अधिक तीर्थयात्रियों का नया जत्था पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुफा मंदिर में सुबह 11 बजे तक एक हजार 297 तीर्थ यात्रियों ने पूजा-अर्चना की। तीस जून को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब तक दो लाख 72 हजार 081 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के दर्शन किये हैं।

शुष्क और साफ मौसम के बीच मंगलवार को श्रद्धालुओं के नए जत्थों को दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक नुनवान पहलगाम आधार शिविर और गांदरबल जिले के दुमैल के रास्ते सबसे छोटे मार्ग बालटाल से आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। इनमे 682 महिलाओं, 40 साधुओं और 10 बच्चों सहित कुल दो हजार 143 तीर्थयात्री दिन में बालटाल से डोमेल होते हुए रवाना हुए। इसी तरह आज 11 बजे तक 557 तीर्थयात्रियों को भी बालटाल से पूजा करने के लिए हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया।

तीन हजार से अधिक तीर्थयात्रियों को पहलगाम में पारंपरिक नुनवान आधार शिविर से और दक्षिण कश्मीर में चंदनवारी और पंचतरणी के पड़ाव बिंदुओं पर जाने की अनुमति दी गई थी। एक स्वतंत्र मौसम वेधशाला ने भविष्यवाणी की है कि पवित्र गुफा के पहलगाम और सोनमर्ग मार्गों पर दोपहर और शाम के बीच बारिश हो सकती है।

# ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर को व्हाइट हाउस में ही थायरॉइड कैंसर का पता चला था: रिपोर्ट

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर जब अपने ससुर के कार्यकाल के दौरान व्हाइट हाउस में वरिष्ठ सलाहकार के पद पर कार्यरत थे तब उन्हें थायराइड कैंसर का पता चला था। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी मिली। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि अगले महीने प्रकाशित होने वाले कुशनर के संस्मरण ब्रेकिंग हिस्ट्रीः ए व्हाइट हाउस मेमॉयर के अनुसार, कुशनर का कैंसर का इलाज किया गया था, लेकिन उन्होंने अपनी बीमारी की बात बेहद गोपनीय रखी थी।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2019 में कुशनर को थायरॉयड कैंसर होने का पता चला था, जब वह चीन के साथ एक व्यापार समझौते पर चर्चा में शामिल थे। कुशनर (41) ने संस्मरण में लिखा है कि कैंसर जल्दी पकड़ में आ गया था, लेकिन मेरे थायरॉयड के कुछ हिस्से को निकाले जाने की आवश्यकता थी। उन्हें यह भी चेतावनी दी गई थी कि उनकी आवाज को क्षति पहुंच सकती है। कुशनर ने संस्मरण में लिखा है, सुबह जब मैं लुई वुइटन कारखाने के उद्घाटन में भाग लेने के लिए टेक्सास गया, तो व्हाइट हाउस के चिकित्सक सीन कॉनली ने मुझे एयर फोर्स वन के मेडिकल केबिन में खींच लिया।

कॉनली ने कुशनर से कहा कि उनकी जांच रिपोर्ट आ गई है और ऐसा लगता है कि आपको कैंसर है। हमें तुरंत एक सर्जरी करने की आवश्यकता है। कुशनर ने कॉनली से अनुरोध किया कि वह किसी को भी विशेषकर उनकी पत्नी इवांका ट्रंप या उनके ससुर को बीमारी और उसके इलाज के बारे में नहीं बताएं।

कुशनर ने किताब में इस बारे में बहुत कम लिखा है कि उन्होंने जानकारी को सार्वजनिक क्यों नहीं किया। कुशनर ने संस्मरण में लिखा है कि यह एक व्यक्तिगत समस्या थी।

उन्होंने लिखा है इवांका, उनके सहायक अव्राम एवी बर्कोविट्ज, ट्रंप के सहयोगी कैसिडी हचिंसन और व्हाइट हाउस के तत्कालीन चीफ ऑफ स्टाफ मिक मुलवेनी को छोड़कर मैंने व्हाइट हाउस में तत्कालीन राष्ट्रपति सहित किसी को भी कुछ नहीं बताया। मैंने अपने काम पर ध्यान केंद्रित किया और इलाज चलता रहा। बहरहाल, ट्रंप को कुशनर की बीमारी की बात पता चल गई और सर्जरी के पहले उन्होंने इस बारे में अपने दामाद से बात की थी। कुशनर के अनुसार, जब उन्होंने ट्रंप से पूछा कि उन्हें उनकी बीमारी का पता कैसे चला तो ट्रंप का जवाब था मैं राष्ट्रपति हूं। मैं सब जानता हूं। मुझे पता है कि आपने इसे गोपनीय रखा है। मैं भी यही चाहता हूं। आप बिलकुल ठीक हो जाएंगे। आप बिल्कुल चिंता न करें।

# भारतीय-अमेरिकी नागरिक 'इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग' का दोषी करार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- **मामले में दायर दस्तावेजों और मुकदमे के साक्ष्य के अनुसार, बच्चे की मां और पटेल के बीच संबंध थे**

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी नागरिक को अमेरिका में जन्मे अपने बच्चे को भारत ले जाने और फिर अमेरिका में उसकी मां के पास उसे वापस ना लाने के मामले में इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग का दोषी ठहराया है। वडोदरा के अमित कुमार कनुभाई पटेल को पिछले सप्ताह न्यूजर्सी में कैमडेन संघीय अदालत में अमेरिकी जिला न्यायाधीश रेनी मैरी बंब ने पांच दिन तक चली सुनवाई के बाद इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग का दोषी ठहराया गया था। पटेल पहले न्यू जर्सी के एडिसन में रहते थे।

इंटरनेशनल पैरेंटल किडनैपिंग का दोषी पाए जाने पर अधिकतम तीन साल की सजा और अधिकतम 2,50,000 डॉलर का जुमार्ना लगाने का प्रावधान है। पटेल को मामले में इस साल नवंबर में सजा सुनाई जाएगी। अमेरिकी अटार्नी फिलिप आर. सेलिंगर ने सोमवार को बताया कि पटेल को बच्चे का अपहरण करने, बच्चे की मां के अधिकारों को बाधित करने और अमेरिका में बच्चे को वापस लाने में विफल रहने का दोषी ठहराया गया है। इस मामले में दायर दस्तावेजों और मुकदमे के साक्ष्य के अनुसार, बच्चे की मां और पटेल के बीच संबंध थे और दोनों अगस्त 2015 से जुलाई 2017 तक न्यूजर्सी में साथ रहते थे। दोनों ने कभी शादी नहीं की। नवंबर 2016 में उनका एक बच्चा हुआ। बच्चे की मां के अनुसार, पटेल बच्चे को भारत ले जाकर अपने परिवार से मिलवाना चाहते थे और डीएनए जांच करवाना चाहते थे। पटेल का कहना था कि उनकी पारिवारिक संपत्ति हासिल करने के लिए यह जरूरी है। बच्चे की मां से पटेल ने बच्चे का भारत का वीजा लेने के लिए भी कहा। पटेल ने बच्चे की मां से कहा था कि वह अदालत के समक्ष कहे कि उनके बीच बच्चे के संरक्षण को लेकर आपसी सहमति बन चुकी है। पटेल ने कहा था कि वह अदालत में कहे कि उसके पास काम करने की अनुमति नहीं है इसलिए वह बेरोजगार है और बच्चे का ध्यान नहीं रख सकती। मई 2017 में, पटेल बच्चे की मां को न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट ले गया, ताकि बच्चे के संरक्षण संबंधी सभी अधिकार केवल उसे मिल सकें।

बच्चे की मां के अनुसार, मामले की अधिकतर सुनवाई अंग्रेजी भाषा में की गई। वह भी बिना अनुवादक के..महिला का दावा है कि वह इस दौरान बेहद कम अंग्रेजी बोली। मां ने पटेल के निदेर्शानुसार ही सभी सवालों के जवाब दिए। सुनवाई के दौरान उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील भी नहीं था। न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट ने बच्चे की मां की सहमति के आधार पर केवल पटेल को बच्चे के संरक्षण संबंधी सभी अधिकार (सोल कस्टडी) दे दिए थे, लेकिन साथ ही मां के लिए भविष्य में संयुक्त संरक्षण हासिल करने के वास्ते अनुरोध करने का विकल्प खुला रखा था। अदालत के आदेश के बाद पटेल ने अपने और बच्चे के लिए भारत का वीजा लिया और मां को यह कहकर भारत चला गया कि वह दो सप्ताह या एक महीने में लौट आएगा। पटेल जुलाई 2017 में बच्चे को भारत ले गया और कुछ दिन बाद मां को फोन करके कहा कि वह बच्चे को अब कभी अमेरिका वापस नहीं लाएगा। इसके बाद बच्चे की मां ने कानूनी सलाह ली और दोबारा न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट का रुख किया। न्यूजर्सी सुपीरियर कोर्ट ने अक्टूबर 2018 में पटेल को तत्काल बच्चे को अमेरिका लाने का निर्देश दिया। मां के वकील ने पारिवारिक अदालत का आदेश पटेल को ई-मेल किया, लेकिन वह बच्चा लेकर अमेरिका नहीं आया। अक्टूबर 2020 में पटेल और बच्चा भारत से ब्रिटेन रवाना हुए। वहां पहुंचते ही अमेरिका के गिरफ्तारी अनुरोध के आधार पर पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया। हेग कन्वेंशन के तहत लंदन की एक अदालत ने सुनवाई के बाद आदेश दिया कि यह बच्चे के सर्वोत्तम हित में है कि उसे भारत में उसके दादा-दादी के पास भेज दिया जाए। पटेल को सितंबर 2021 में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, ताकि उनके खिलाफ सुनवाई पूरी की जा सके।

**निर्देश** | नवंबर 2019 में मंत्रालय ने पत्र सूचना कार्यालय में एक तथ्यान्वेषी इकाई भी स्थापित की जिसने फर्जी समाचारों का भंडाफोड़ किया है।

# 2021 से 2022 की अवधि में 94 यूट्यूब समाचार चैनलों को ब्लॉक करने के निर्देश दिये : सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि 2021 से 2022 की अवधि में फर्जी खबरों तथा देश के लिए अहितकर सामग्री प्रकाशित करने के लिए 94 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों और 19 सोशल मीडिया खातों, वेबसाइटों एवं ऐप को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किये हैं।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में पशुपति नाथ सिंह और जनार्दन सिग्रीवाल के प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। ठाकुर ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अनुसार प्रकाशकों के लिए आवश्यक है कि वे ऐसी सामग्री प्रकाशित नहीं करें जो गलत, भ्रामक, मिथ्या और अर्द्धसत्य हो।



उन्होंने यह भी बताया कि नवंबर 2019 में मंत्रालय ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) में एक तथ्यान्वेषी इकाई (एफयूसी) भी स्थापित की जिसने फर्जी समाचारों का भंडाफोड़ किया है। ठाकुर ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 2021 से 2022 की अवधि के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69क के अनुसार फर्जी समाचारों तथा भारत की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा और दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों आदि के हित में नहीं पाई जाने वाली सामग्री प्रकाशित करने के लिए 94 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों और 19 सोशल मीडिया खातों, वेबसाइटों एवं ऐप को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किये हैं।

मंत्री ने उत्तर में बताया कि इसी तरह इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69क के तहत सामग्री के संबंध में 2021 से 2022 तक सोशल मीडिया मध्यस्थों संबंधी 747 यूआरएल को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किये हैं।

### भारत में तीन साल में 329 बाघों की मौत : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया कि भारत में पिछले तीन साल में 329 बाघों की मौत शिकार, प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारणों से हो गयी। उसने यह भी कहा कि इसी अवधि में शिकार, बिजली का करंट लगने, जहरीले पदार्थ का सेवन करने और ट्रेन हादसों की वजह से 307 हाथियों की मृत्यु हो गयी। केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने सोमवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2019 में 96 बाघों की मौत हो गयी, 2020 में 106 तथा 2021 में 127 बाघ मारे गये। चौबे के अनुसार इनमें 68 बाघ प्राकृतिक कारणों से, पांच अप्राकृतिक कारणों से और 29 बाघ शिकारियों के हमलों में मारे गये। मंत्री के जवाब में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार शिकार के मामलों की संख्या में कमी आई है जो 2019 में 17 से 2021 में घटकर चार रह गयी है।

# यूएनआरडब्ल्यूए ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए भारत से मिल रही मदद की सराहना की

यरूशलम, एजेंसी

फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए राहत कार्य करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए ने भारत से मिली 25 लाख डॉलर की मदद के लिए उसकी सराहना की।

यह राशि फलस्तीनी शरणार्थियों की सहायता के लिए संगठन द्वारा संचालित विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और अन्य मूलभूत सेवाओं को सीधे मुहैया कराई जाएगी।

यूएनआरडब्ल्यूए की प्रवक्ता तमारा अल्फीराई ने कहा, हमें भारत की ओर से मिलने वाली सालाना मदद (कुल 50 लाख डॉलर) की आधी राशि (25 लाख डॉलर) मिल गई है, जिसके लिए हम उसके आभारी हैं। भारतीय योगदान से यूएनआरडब्ल्यू के मुख्य बजट में मदद मिलती है, यानी यह राशि फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संचालित हमारे विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और अन्य मूलभूत सेवाओं में सीधे जाती है।

उन्होंने कहा, भारत सरकार ने 2018 से यूएनआरडब्ल्यूए को दो करोड़ डॉलर की सहायता दी है।

विदेश मंत्रालय में पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका (डब्ल्यूएएनए) प्रभाग के निदेशक सुनील कुमार ने पिछले शुक्रवार को यरूशलम में यूएनआरडब्ल्यूए अधिकारियों को भारत की ओर से चैक प्रदान किया।

यूएनआरडब्ल्यूए में डिपार्टमेंट ऑफ एक्स्टर्नल रिलेशंस में साझेदारी निदेशक करीम आमेर ने भारत की सराहना करते हुए कहा, समय पर दिया गया यह योगदान यूएनआरडब्ल्यू के काम के प्रति भारत के दृढ़ सहयोग और फलस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

कई साल तक संगठन में सेवाएं दे चुके एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से कहा, भारत सरकार जैसे मददगारों के लगातार सहयोग के कारण ही एजेंसी लगातार चुनौतियों के बीच पश्चिम एशिया में फलस्तीनी शरणार्थियों को अहम सेवाएं मुहैया करा पा रही है। भारत वैश्विक महामारी में भी हमें नहीं भूला।

विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने 23 जून, 2020 में आयोजित हुए यूएनआरडब्ल्यूए के असाधारण मंत्रिस्तरीय प्रतिज्ञा सम्मेलन के दौरान घोषणा की थी कि भारत अगले दो वर्षों में एजेंसी को एक करोड़ डॉलर का योगदान देगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129